

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -289, पृष्ठ 16+4-, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम** 45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 19 : 01

कानपुर, रविवार, 9 जून 2024

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...16

# मंत्री वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें, जनता की सुनें : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं सख्ती से निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद सीएम की दो टूक

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।



भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के ठीक सामने जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

# देश को मिले 355 जांबाज अफसर

ब्यूरो, देहरादून

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

**अमृत विचार :** देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।

# मोदी का राजतिलक आज

## शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष व आठ हजार अतिथि होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का रविवार को तीसरी बार राजतिलक होगा। वह राष्ट्रपति भवन में अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले सदस्यों के साथ शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराएंगे। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोग शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं।

**सजा राष्ट्रपति भवन**



शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत पहुंचेंगे।

### मंत्रिपरिषद में 40 चेहरे, 20 नए, बाकी पुराने



- अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है।जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 लोग शामिल किए गए हैं। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।

### पहली महिला लोकों पायलट समेत 10 सदस्य होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं।

# सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।



- दिल्ली में होगी औपचारिक घोषणा

सपा मुखिया की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए चौधरी ने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। बैठक में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिम्पल यादव, राजेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# राहुल बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं।



सीपीपी की बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

### सोनिया सीपीपी की प्रमुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है।

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या



**मुरादाबाद।** सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोपहर तक घटना के कारण की जांच करते रहे।

# पत्नी-बेटी सहित सीओ सिटी पर केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

**अमृत विचारः** बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और बेटी पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई। इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया।

विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार का साथ नहीं छोड़ुंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ धारा 342, 323, 341, 504, 34 के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज किया है।

# दुनिया के वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड में बड़े धमाके का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एक भयानक नोवा विस्फोट होने जा रहा है। यह विस्फोट पृथ्वी से देखा जा सकेगा। दुनियाभर के वैज्ञानिकों को इस धमाके का इंतजार है। हमसे तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर यह धमाका होगा।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना की खबर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जारी की है। कभी भी यह धमाका हो सकता है। इसकी निश्चित तिथि अभी तय नहीं है। मगर वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिस कारण वैश्विक खगोलविद इस दुर्लभ नोवा विस्फोट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पेशेवर और



अंतरिक्ष में नोवा विस्फोट की काल्पनिक तस्वीर।

- पृथ्वी से नजर आएगा दुर्लभ नोवा विस्फोट, तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर होगा धमाका

शौकिया खगोलविद की नजरें रात के आकाश में गहरे एक छोटे तारामंडल पर केंद्रित हैं। यह कोरोना बोरेलिस के उत्तरी क्राउन के सात सितारों के बीच एक अंधेरा स्थान है, जहां नोवा विस्फोट की यह घटना होगी। विस्फोट की चमक इतनी उज्ज्वल कि यह पृथ्वी पर नग्न आंखों से दिखाई देगी। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह आकाशीय घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है। यह विस्फोट युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के शोध के लिए पुख्ता सबूत दे जाएगी। नासा ने इस घटना के वैज्ञानिक कारण को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की है। वैज्ञानिक रिबका हौन्सेल नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में नोवा घटनाओं में विशेषज्ञता रखने वाली वैज्ञानिक हैं। उनका कहना है कि अगली पीढ़ियों के वैज्ञानिकों के लिए यह घटना एक नई ऊर्जा के समान होगी।

### सुपरनोवा से अलग है नोवा विस्फोट की घटना

किसी तारे के अंत मे होने वाली घटना सुपरनोवा कहलाती है, लेकिन नोवा इससे अलग घटना होती है, जो तारे के बौना बन जाने के बाद भीतर की ऊर्जा विस्फोट के सात बाहर फेक देता है। नोवा विस्फोट कई बार होते रहता है। विस्फोट की घटना हजारों साल तक चलते रहती है, जो बहुत छोटे चक्रों के साथ लगभग सौ वर्ष में एक बार होती है।


वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निंट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।




सबका साथ सबका विकास सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505



अटल अरोग्य® जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच
अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा



फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009



# भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।

रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा। पाकिस्तान टीम ने अभी तक नासाउ स्टेडियम पर खेला नहीं है। पहले मैच में अमेरिका से हारने वाली पाकिस्तानी टीम बृहस्पतिवार की रात ही यहां पहुंची है। उन्हें हालात के अनुरूप ढलने का मौका नहीं मिल सका है जिसका उन्हें नुकसान हो सकता है। भारत से हारने पर सुपर आठ चरण में उसके प्रवेश की राह असंभव हो जायेगी।

आयरलैंड के खिलाफ भारत ने बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को नहीं उतारा और एक अतिरिक्त विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को जगह दी गई।



**मैच का समय : रात आठ बजे**

- **नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा**

### उछाल वाली पिच पर रोहित ने कोहली और सूर्यकुमार के साथ अभ्यास किया

**न्यूयॉर्क।** रोहित शर्मा ने थ्रोडाउन से अंगूठे में गेंद लगने के बावजूद अन्य भारतीय बल्लेबाजों के साथ नेट्स पर अभ्यास किया ताकि रविवार को टी-20 विश्व कप के मुकाबले में उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज आक्रमण का सामना बखूबी कर सकें। थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना करते हुए रोहित के बाएं अंगूठे में गेंद लगी। वह असहज दिखे लेकिन बल्लेबाजी करते रहे। इसके बाद वह पिच के दूसरे छोर पर थ्रोडाउन का सामना करने चले गए। नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की ड्रॉप इन पिच की असमान उछाल के लिये काफी आलोचना हो रही है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रन पर आउट कर दिया था लेकिन रोहित और बाकी सीनियर बल्लेबाजों को बखूबी पता है कि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह से मिलने वाली चुनौती बिल्कुल अलग होगी। कोचिंग स्टाफ ने यहां छह अभ्यास पिचों में से तीन को खुरदुरी करके अभ्यास किया है। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह इन्हीं पिचों पर अभ्यास किया तो उनका कोई बल्लेबाज चोटिल होने के डर से कैगिसो रबाडा या एनरिच नॉर्किया का सामना करने नहीं उतरा। वहीं भारतीय बल्लेबाजों ने डटकर अभ्यास किया।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराह: फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था। आलम ने कहा कि मुझे लगता है कि मोहम्मद आमिर को खुद पर विश्वास करके मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा। इसके अलावा कप्तान बाबर की भूमिका अहम रहेगी जिनका भारत के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड रहा है। आमिर अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उस सुपर ओवर के आधार पर आप आमिर को दोष नहीं दे सकते। वह अब वैसा गेंदबाज नहीं रहा जैसे चार साल पहले हुआ करता था। वह विभिन्न लीग में खेल रहा है और अभी पाकिस्तान का सर्वश्रेष्ठ और अनुभवी गेंदबाज है।



- **एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल**

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

## श्रीलंका ने 9 विकेट पर 124 रन का दिया लक्ष्य, बांग्लादेश ने 6 गेंद शेष रहते दर्ज की जीत

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बौना साबित करते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका के पहले खेलते हुये 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य छह गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

टी-20 विश्वकप के इतिहास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की यह पहली जीत है। ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बना कर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने पारी के 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। उन्होने अपने अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया, जिसके बाद श्रीलंका की पारी का पतन तेजी से शुरु हो गया और उसके 5 खिलाड़ी स्कोर में महज 24 रन का ही इजाफा कर सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िजुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को रफ्तार पकड़ने का मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने क छोर पकड़ कर बांग्लादेश के गेंदबाजों का इम्तिहान लिया। उन्होने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्ष की स्थिति में थी मगर तौहीद हृदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने मात्र 20 गेंदो में 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और चार छक्के लगाए। वह हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने, जिसके साथ ही हसरंगा ने टी-20 में लसिथ मलिंगा के सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ दिया है। पारी के 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद हुसैन और तस्किन अहमद को दो गेंदो पर आउट कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया था मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने 19वें ओवर में पाकर बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।





पहली पारी में श्रीलंकाई खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रिशाद हुसैन और बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।


जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी। टी-20 विश्व कप में दो शतकीय साझेदारियां करने वाली यह तीसरी और पहली सलामी जोड़ी है। दोनों 15वें ओवर तक बल्लेबाजी करते रहे जब तक कि इब्राहिम आउट नहीं हुए। गुरबाज 20वें ओवर में पवेलियन लौटे। पिछले छह विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंची न्यूजीलैंड टीम खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक मानी जा रही है। 10 ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। उसके बाद इब्राहिम और गुरबाज ने आक्रामक तेवर अख्तियार करके रन गति को आगे बढ़ाया और आखिरी दस ओवरों में 104 रन बने। न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ दो ही बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स (18) और मैट हेनरी (12) दोहरे अंक तक पहुंच सके। फारूकी ने पहली ही गेंद पर फिन एलेन को रवाना किया और डेवोन कोंवे अगले ओवर में शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर कैच देकर लौटे। डेरिल मिचेल उनका तीसरा शिकार बने। 5 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 3 विकेट पर 30 रन था। राशिद ने कीवी कप्तान केन विलियमसन (9) को स्लिप में गुलबदन नायब के हाथों लपकवाया। मार्क चैपमैन (4) उनका अगला शिकार रहे और मिचेल ब्रासवेल को उन्होंने पगबाधा किया।



गुयाना के प्रोविडेंस में गुयाना नेशनल स्टेडियम में शनिवार को खेले गए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के आउट होने का जश्न मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

## खेल डायरी

### अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत



**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

### कुमुद सैनी ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

**सुवोन।** भारतीय तीरंदाज कुमुद सैनी ने शनिवार को तीरंदाजी एशिया कप 2024 के तीसरे चरण में महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। 17 वर्षीय कुमुद सैनी ने महिलाओं के कंपाउंड तीरंदाजी स्वर्ण फाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क येरिन को 143-140 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले ही राउंड में 28-26 की बढ़त ले ली। दूसरे राउंड में उन्होंने अपनी बढ़त 58-55 तक बढ़ा ली लेकिन तीसरे राउंड में वह 86-84 पर आ गईं। इसके बाद सैनी चौथे राउंड में चार अंकों की बढ़त बनाने में सफल रहीं और 114-111 से आगे हो गईं। इस शूटिंग प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में उनका प्रदर्शन निर्णायक रहा और उन्होंने तीरंदाजी एशिया कप 2024 सुवोन में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक हासिल किया। शनिवार को सैनी की जीत के साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने टूर्नामेंट में कुल पांच पदक अपने नाम कर लिए हैं। भारतीय महिला कंपाउंड और मिश्रित टीमों ने शुक्रवार को रजत पदक जीते जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों ने कांस्य पदक जीते। कुमुद सैनी ने पहले क्वार्टर-फाइनल में सिंगापुर की लोह त्ज़े चीह कोंटेसा को 147-142 से हराया था और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की चो यूजू को 142-137 से हराकर महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के स्वर्ण फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर

**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमशः 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।



# इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को आसानी से 6-2, 6-1 से पराजित किया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। इससे वह दूसरे सेट में 5-0 से आगे हो गई। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने इस तरह से फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की 23 वर्षीय स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। हेनिन ने 2005 से 2007 तक यह कारनामा किया था। स्वियातेक ने 2020 में भी खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत दर्ज की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। इटली की 12वीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना 2023 की अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।



फ्रांस के रोलैंड गैरोस स्टेडियम में फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला फाइनल में जीत हासिल हासिल करने के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्विएटेक।

### कार्लोस अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में मात दी है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी

लंदन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली।

सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।



- **एफआईएच प्रो लीग में लगातार मिली सातवीं हार**

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में युगांडा ने बोत्सवाना को हराया

कंपाला, एजेंसी

मेजबान युगांडा ने शुक्रवार को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी मैच में बोत्सवाना को 1-0 से हरा दिया। मंडेला नेशनल स्टेडियम में 30 हजार दर्शकों के बीच स्थानापन्न मुहम्मद शाबान ने मैच के 74वें मिनट में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

शाबान ने एक अन्य स्थानापन्न डेनिस ओमेदी के क्रॉस का फायदा उठाते हुए गेंद को बोत्सवाना के गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। इससे पहले पहले हाफ में स्ट्राइकर फहाद बायो और स्टीवन मुकवाला ने युगांडा क्रेन्स के लिए गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। हाफ टाइम के बाद बोत्सवाना के लिए विंसेंट सेसियी थबांग का शॉट भी निशाने से चूक गया। बढ़त लेने के बाद, घरेलू टीम के शाबान, रोजर्स माटो और बोबोसी बयारुहंगा ने एक के बाद एक हमले कर बोत्सवाना को परेशान रखा, वहीं युगांडा के लिए पहली बार खेल रहे डिफेंडर एलियो कैपराडोसी दीवार की तरह डटे रहे। उन्हे मैन आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। युगांडा क्रेन्स के कोच पॉल पुट ने कहा कि मुझे खुशी है कि टीम ने बहुत आत्मविश्वास के साथ खेला और मैच जीतने के लिए स्कोर किया। हमें सुधार करते रहने की जरूरत है ताकि हम एक टीम के रूप में बनाए गए स्कोरिंग अवसरों का फायदा उठा सकें।

- **मंडेला नेशनल स्टेडियम में मुहम्मद शाबान ने 74वें मिनट में गोल कर टीम को दिलाई जीत**

**नॉर्वे शतरंज** | दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप किया प्रदर्शन

# कार्लसन ने जीता खिताब, प्रज्ञानंदा से हारे नाकामुरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता।

कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।





- **प्रज्ञाननंदा ने अपने अभियान का जीत से किया सकारात्मक अंत**
- **कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान को किया समाप्त**

### महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। उनके बाद लेई (14.5 अंक), भारत की आर वैशाली (12.5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

तेज धूप रहेगी उमस के बीच हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं।

43.4⁰ अधिकतम तापमान | 29.6⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 01

## एक नजर

### मारपीट करने में चार पर एफआईआर

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव निवासी जगजीवन राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा था। तभी गांव के ही प्रदीप, विमल, सतीश व मिथलेश ने बेवजह गालीगलौज की। विरोध करने पर सभी ने एक राय होकर पीट दिया। बचाने आए प्रमोद व पवन की भी बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। जहां चिकित्सक ने एक की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ट्रक ने टक्कर मार व्यापारी को 200 मीटर घसीटा

## बकरी बेचने कानपुर जाते समय प्रतापपुर के पास हुआ हादसा, मौत

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** बाइक से कानपुर बाजार बकरी बेचने जा रहे व्यापारी को विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ट्रक में फंसकर करीब दो सौ मीटर घिसटता चला गया और खड्ड में घुस गया। पुलिस ने व्यापारी को गंभीर हालत में शिवली सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



ऋतिक शर्मा।



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व मौजूद भीड़। अमृत विचार

शिवली कस्बे के गांधी नगर मोहल्ला निवासी ऋतिक चक्रवर्ती (20) जानवरों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। शनिवार की भोर पहर वह बाइक से कानपुर बाकरगंज बकरी बेचने जा रहा था। वह शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर प्रतापपुर गांव के पास पहुंचा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ़्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत ट्रक में फंस गया और करीब दो सौ मीटर तक घिसटता चला गया। इसके बाद ट्रक खड्ड में जा घुसा। घटना में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी को बाहर निकाल कर सीएचसी शिवली भेजा। जहां ईएमओ अंकिता चंद्रा ने ऋतिक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां दीपा बदहवास हो गई। जबकि पिता मुकेश उर्फ पप्पू भाई आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता सिकंदरा

- पंप से पेट्रोल लेने जाते समय खोजाफूल में हाईवे पर हादसा

**अमृत विचार।** खोजाफूल गांव के पास नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल को गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



अरविंद कुमार।

अमराहट थाना क्षेत्र के करियापुर गांव निवासी अरविंद (26) व प्रदीप कुमार (45) बाइक पर सवार होकर गांव से महटौली के पहले पंप से पेट्रोल लेने के लिए जा रहे थे। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल मेला मैदान के सामने नेशनल हाईवे पर तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी सिकंदरा भेजा। जहां ईएमओ डॉ. पूजा गोयल ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कराई जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नए सत्र से पहले स्कूलों में दूर हो शिक्षकों की कमीः पाठक

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- स्नातक विधायक ने डायरेक्टर बेसिक शिक्षा परिषद से की वार्ता

**अमृत विचार।** कमीं से जूझ रहे बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शिक्षकों को कमीं नवीन सत्र से पूर्व पूरी हो। शनिवार को एमएलसी अरुण पाठक ने डायरेक्टर बेसिक शिक्षा परिषद से वार्ता कर इस विसंगति को दूर करते हुए बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती किए जाने के लिए कहा है।



एमएलसी अरुण पाठक।

बता दें कि जनपद कानपुर नगर, देहात व उन्नाव क्षेत्र का स्नातक विधायक अरुण पाठक प्रतिनिधित्व करते हैं। जहां बेसिक शिक्षा के स्कूलों में शिक्षकों की बड़ी मात्रा में कमीं के साथ जनपद में उनकी नियुक्ति में भी विसंगति है। हालत यह है कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या अधिक है। वहां शिक्षक कम हैं। जहां शिक्षक हैं तो वहां बच्चे नहीं हैं। शनिवार को एमएलसी अरुण पाठक ने डायरेक्टर बेसिक शिक्षा से नवीन सत्र शुरू होने से पूर्व उक्त समस्या दूर करने के लिए कहा है। समस्या का समाधान करने का आश्वासन डायरेक्टर ने दिया है।

# महिला की मौत के बाद अवैध हेल्थ सेंटर सीज

संवाददाता राजपुर

- सीएमओ के निर्देश पर राजपुर पीएचसी प्रभारी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** सिकंदरा के मालवीय नगर स्थित एक निजी हेल्थ सेंटर में महिला की गर्भपात के बाद हालत बिगड़ने पर सैफई ले जाते समय रास्ते में मौत होने पर पति ने गलत इलाज का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी थी। मामले में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेल्थ सेंटर में छापा मारा तो संचालक व कर्मचारी ताला लगातार भाग गए। टीम ने बाहर से अस्पताल को सीज कर दिया।



अवैध हेल्थ सेंटर सीज कर नोटिस चस्पा कराते राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

सिकंदरा कस्बे के मालवीय नगर निवासी नौशाद का आरोप है कि पत्नी रिहाना (30) दो माह की गर्भवती थी। बीती 25 मई को उसकी हालत बिगड़ गई थी। इसपर वह संदलपुर मार्ग स्थित मां पीतांबरा हेल्थ केयर सेंटर ले गए। जहां एक महिला स्टाफ ने अधिक रक्तस्राव होने की बात कहकर पत्नी का गर्भपात करा दिया। जिससे पत्नी की हालत बिगड़ गई। उसके बाद पत्नी को अकबरपुर के एक निजी अस्पताल अस्पताल में भेज दिया। यहां कुछ दिन भर्ती रखने के बाद भी आराम नहीं मिला। इसपर निजी अस्पताल के डाक्टर ने शुक्रवार को सैफई ले जाने की सलाह दी। सैफई ले जाते समय सिकंदरा के सूर्या ओवरब्रिज के पास रिहाना ने दम तोड़ दिया।

निजी अस्पताल में गर्भपात के मामले की चर्चा होने पर सीएमओ ने राजपुर पीएचसी प्रभारी को मामले की जांच सौंपी थी। शनिवार को निजी अस्पताल में जांच करने पहुंची स्वास्थ्य टीम को अस्पताल में ताला लटका मिला। टीम प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हेल्थ सेंटर पंजीकृत नहीं था। नोटिस चस्पा कर उसे सीज कर दिया गया है। इस बाबत सीएमओ को भी रिपोर्ट दे दी गई है।

# गोदाम से चोरी लाही लोडर में लदी मिली, चार गिरफ्तार

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गुटैहा गांव में करीब पंद्रह दिन पहले गल्ला आढ़तिया के गोदाम से चोरी हुई लाही नहर कोठी पर खड़े लोडर में लदी मिली। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर चालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 23 बोरी लाही बरामद की गई है।



पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी व पीछे खड़ा लाही लदा लोडर। अमृत विचार

- तीन चोर सगे भाई, गुटैहा गांव में 15 दिन पहले आढ़तिया के गोदाम से हुई थी चोरी

गुटैहा गांव स्थित गल्ला आढ़तिया ऋतिक शर्मा के गोदाम से पंद्रह दिन पूर्व लगभग एक लाख 70 हजार रुपये की लाही चोरी हो गई थी। इसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को दी थी। दादी की तबियत अधिक खराब हो जाने के कारण पीड़ित थाने नहीं पहुंच पाया था। शुक्रवार की सुबह व्यापारी जब अपने घर के पीछे नहर कोठी पर टहल रहा था। तभी उसकी नजर वहां खड़े लोडर पर पड़ी। पास जाकर देखा तो उसमे 23 बोरी लाही लदी थी। बोरियों को पहचानने के बाद पीड़ित ने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने लोडर ड्राइवर समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़ित ऋतिक शर्मा ने बताया कि 22 मई को रात में अज्ञात चोरों ने गोदाम के पीछे वाली दीवार में सेंध लगाकर लगभग साठ बोरी लाही चोरी कर ली थी। शुक्रवार को पकड़े गए चोरों ने पुलिस की पूछताछ में चोरी कबूल की है। इंस्पेक्टर क्राइम ने बताया कि पकड़े गए चोर तीनों सगे भाई है। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रदीप, संजू व प्रमोद उर्फ अल्टर निवासी नहर कोठी गुटैहा बताया है। वहीं लोडर चालक नसीम निवासी जनपद कन्नौज को भी पकड़ा गया है। चारो आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। बाकी माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## डीआईओएस ऑफिस पहुंचाए गए इंटरमीडिएट के अंकपत्र

**कानपुर देहात।** यूपी बोर्ड से भेजे गए इंटरमीडिएट परीक्षाफल के अंकपत्र डीआईओएस कार्यालय में प्राप्त हो गए हैं। हालाकि अभी हाईस्कूल के अंकपत्रों का आना बकाया है। डीआईओएस कार्यालय से कालेजों को अंकपत्र का वितरण शुरू किया गया है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को घोषित किया गया था। लोकसभा चुनाव होने से अंकपत्र आने में देरी हुई। अब बोर्ड से इंटरमीडिएट के अंकपत्र, गजट और हाईस्कूल का गजट डीआईओएस कार्यालय भेजा गया है। कॉलेजों से ब्योरे का गजट से मिलान और प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर व मुहर के बाद अंकपत्रों का वितरण छात्र-छात्राओं में किया जाएगा। हाईस्कूल के अंकपत्र आना शेष है। जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने बताया कि इंटरमीडिएट के अंकपत्र व गजट तथा हाईस्कूल का गजट कालेजों को वितरित किया जा रहा है।

# स्पोर्ट्स फार स्कूल कार्यक्रम बेहतर ढंग से होगा लागू

- पीपीपी मॉडल पर चलाया जाएगा वेब पोर्टल

**कानपुर देहात।** माध्यमिक और परिषदीय स्कूलों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फार स्कूल कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। अब इसे बेहतर ढंग से लागू कराने के लिए सभी विद्यालयों में ऐसे छात्र-छात्राएं जो अच्छे खिलाड़ी हैं, उनका ब्योरा और प्रशिक्षकों व खेल सुविधाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी आनलाइन उपलब्ध रहेगी।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों व बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी विद्यालयों का इस वेब पोर्टल पर ब्योरा अपलोड कराएं। माध्यमिक शिक्षा विभाग और डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के बीच इसे लेकर समझौता (एमओयू) किया गया है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर इस वेब पोर्टल को चलाया जाएगा और इसके माध्यम से अच्छी खेल प्रतिभाएं सामने आएंगी। इससे उन्हें पोषण में सहयोग, प्रशिक्षक तथा खिलाड़ियों की क्षमता विकास में मदद मिलेगी। इस वेब पोर्टल पर छह श्रेणियों में पंजीकरण करना होगा। सभी माध्यमिक व परिषदीय स्कूलों के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं, खेल प्रशिक्षकों, खेल उपकरणों, खेल टीमों का पंजीकरण कराना होगा और अन्य साझा कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। जिससे अच्छे खिलाड़ी तैयार करने में मदद मिलेगी।

### दो भैंस चोरी, संदिग्ध से पूछताछ

**रूरा।** थाना क्षेत्र के हारामऊ निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि बीते बुधवार की सुबह उसने दो भैंसों को चराने के बाद छांव में बांध दिया था। जिसके बाद वह घर आकर सो गई। शाम को जब वह भैसों को चारा देने के लिए गई तो गायब मिली। काफी खोजबीन करने के बाद भी भैसों का कुछ पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के बाद एक संदिग्ध को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है।

# कार सवार को लूटने का 3 लोगों पर आरोप

संवाददाता मूसानगर

- पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी

**अमृत विचार।** देवराहट थाना क्षेत्र के मऊदन गांव में रिश्तेदारी से मूसानगर लौट रहे कार सवार किसान ने लिफ्ट मांगकर एक युवक व दो अज्ञात पर नगीना बांगर के जंगलों में तमंचा लगाकर 25 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर छानबीन कर रही है।

मंगलपुरवा गांव निवासी ज्ञान सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बीती 6 जून को रिश्तेदारी में कार्यक्रम होने के कारण देवराहट थाना क्षेत्र के मऊदन गांव गया था। उसी रात जब वह मऊदन से मूसानगर की ओर आ रहा था। तभी बम्हरौली घाट के एक युवक ने मुगल रोड में छोड़ने की बात कह कर लिफ्ट मांगी और गाड़ी में बैठ गया। नगीना बांगर गांव के बाहर बाइक में सवार होकर दो अज्ञात युवक आए और कार ओवरटेक करके रोक ली। इसके बाद कार का गेट खोलकर अंदर बैठ गए। आरोप है कि युवक ने कनपटी में तमंचा लगा लिया और पुत्र का फोन मिलवाकर कर जान से मारने की धमकी देते हुए फिरौती की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर युवक ने अपने अज्ञात दो साथियों के साथ मिलकर जेब में पड़े 25 हजार रुपये, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित जरूरी कागजात लूट लिए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई तो पता चला शराब पीने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। लूट का मामला संदेहजनक प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है।

**बेहाली का आलम** कार्यकाल के दौरान बंदी तालाब पर लाखों रुपये खर्च कर बनाया था अमृत सरोवर

# पूर्व राष्ट्रपति के गांव में ही सरोवर को 'अमृत' की दरकार

संवाददाता डेरापुर

**अमृत विचार।** अफसर चाहे लाख दावा करें, लेकिन गर्मी के इस भीषण तालाब भराने के वादे हवाहवाई साबित हो रहे हैं। कुछ इसी तरह का हाल पूर्व राष्ट्रपति के पैतृक गांव परौंख में बने सरोवर का है, जो बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज है। जिससे पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।



पानी न होने से सूखा पड़ा परौंख का अमृत सरोवर। अमृत विचार

> परौंख में बने अमृत सरोवर में पानी न होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। सचिव को तत्काल पानी भराने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> –शिव गोविंद पटेल, खंड विकास अधिकारी

गर्मी शुरू होने पर शासन से लेकर जिलास्तर पर अधिकारी ने सभी गांवों में कम से कम एक तालाब पानी से भराने के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद तालाबों में धूल उड़ रही है। डेरापुर ब्लाक अंतर्गत पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख में बना तालाब कभी बंदी तालाब के नाम से जाना जाता था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बचपन में इसी तालाब में अपने दोस्तों के साथ तैरा करते थे। मौजूद समय में इसकी पहचान अमृत सरोवर के रूप में है।

पूर्व में प्रशासन ने मवेशियों का तालाब में प्रवेश रोकने के लिए जाली लगाई थी और तालाब किनारे लोगों के टहलने के लिए पथ का निर्माण किया गया था। सुंदरीकरण के दौरान ठेकेदार सरोवर की मछलियों को भी निकाल कर दूसरे तालाब में ले गए थे।

### चारो तरफ अशोक स्तंभ लगे

तालाब को करीब 20 फीट गहरा बनाया गया था और इसके चारो तरफ अशोक स्तंभ भी लगाए गए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यकाल में अफसरों ने अमृत सरोवर का जमकर रंगरोगन कराकर पानी से भी लबालब किया था, लेकिन मौजूदा समय में सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है और इस भीषण गर्मी के मौसम में धूल उड़ रही है। जिससे पशु-पक्षियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग के अफसरों से शिकायत करने के बावजूद यहां पानी भरवाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया।

## सार-संक्षेप



राजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

### बकरीद में प्रतिबंधित जानवरों की नहीं दी जाएगी कुर्बानी

**राजपुर।** सटटी थाने में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान सभी त्योहारों को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। शनिवार को सटटी थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने लोगों से सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि बकरीद में कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं करेगा। सभी मस्जिद व ईदगाहों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करते हुए शंतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी चीज को शेयर करने से पहले उसकी जांच पड़ताल अवश्य कर लें। माहौल बिगाड़ने वाले किसी भी संदेश को बिलकुल साझा न करें। त्योहार में खलल डालने वालों की कड़ी निगरानी की जाएगी। इस मौके पर प्रधान इरफान अहमद, अयाजुल हसन, दानिश, मौलाना अब्दुल रहमान, कल्याण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### कूड़े ढेर में संदिग्ध हालात में लगी आग, गाय झुलसी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के जजमुईया गांव के मजरा सुनवर्षा में शनिवार की दोपहर आबादी के किनारे जमा कूड़े के ढेर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आसपास में खड़े पेड़-पौधों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से पास में रखे ग्रामीणों का ईंधन भी जलकर राख हो गया। इसी दौरान एक गाय भी आग की चपेट में आकर झुलस गई। ग्रामीणों ने दमकल टीम को सूचना दी, लेकिन दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।



कूडे. में लगी आग बुझाते लोग।

### बिना अनुमति लकड़ी कटान पर 17 हजार रुपये जुर्माना

**मंगलपुर।** हिसावा गांव में लकड़ी से लदा हुआ एक ट्रैक्टर वन टीम ने पकड़ लिया। आरोपियों पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावा गांव में कुछ समय पूर्व एक आम का पेड़ तेज आंधी में टूटकर गिर गया था। जिसकी लकड़ी माफिया बिना परमिशन के कटान कर ले जा रहे थे। इसकी सूचना लोगों ने वन अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची वन टीम ने लकड़ी से लदा ट्रैक्टर पकड़ लिया और क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय झींझक में ले जाकर खड़ा करा दिया। कटान करने वालों से 17 हज़ार रुपये का जुर्माना वसूल कर उसे छोड़ दिया गया।



वनाधिकारी कार्यालय में खड़ा ट्रैक्टर।

### सबमर्सिबल खराब होने से शोपीस बनी खड़ी पानी की टंकी

**राजपुर।** शाहजहांपुर में सड़क किनारे क्षेत्र पंचायत निधि से लगवाई गई पानी टंकी की सबमर्सिबल खराब होने से एक वर्ष से शोपीस बनी है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद सबमर्सिबल की मरम्मत नहीं कराई गई है। अमरौधा ब्लॉक के शाहजहांपुर कस्बे में सड़क किनारे सटटी थाना के बाहर वर्ष 2021 में जल निगम ने एक लाख 21 हजार रुपये की लागत से पानी की टंकी बनवाई थी। करीब एक वर्ष पहले टंकी का सबमर्सिबल खराब होने से केवल शोपीस बनकर रह गई है। कस्बे के व्यापारी अरविंद कुमार, सुरेश कुमार, राजू गौतम, शिव शंकर, शरदार पाल, अरुण कुमार, अरविंद कुमार आदि ने बताया कि पानी टंकी का सबमर्सिबल एक साल से खराब है। समस्या की शिकायत कई बार जल निगम और ब्लॉक के अफसरों से गई, लेकिन समस्या का कोई निस्तारण नहीं हुआ। इस बावत शाहजहांपुर ग्राम प्रधान पप्पी देवी ने बताया कि दो माह पहले सबमर्सिबल की मरम्मत कराई गई थी। उसके बाद भी पानी की सप्लाई नहीं आई। ब्लॉक अफसरों को लिखित जानकारी दी गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि सबमर्सिबल की खराबी जल्द ही दूर कराई जाएगी।



शाहजहांपुर में रखी पानी टंकी।



पेट्रोलियम संयंत्र का दौरा करती एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

### एनडीआरएफ कर्मियों ने पेट्रोलियम संयंत्र का किया दौरा

**कानपुर देहात।** एनडीआरएफ ग्यारह के डीआईजी मनोज कुमार शर्मा व डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में वाराणसी से आई राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम व जिला आपदा विशेषज्ञ ने एरिया फैमिलाराईजेशन के तहत एमएएच यूनिट कनोदिया पेट्रोलियम जैनपुर का भ्रमण किया गया। साथ ही वहां के सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ ने कहा कि जनपद के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील संयंत्रों में आपदा प्लान का होना आवश्यक है। जिसमें अग्निशन प्रणाली, आपातकालीन अलार्म प्रणाली, आपातकालीन निकास मार्ग व समय-समय पर मॉकड्रिल का आयोजन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जिससे किसी भी प्रकार की आपदा से होने वाले प्रभाव को कम किया जा सके। इस दौरान एनडीआरएफ टीम के कमांडर जितेंद्र सिंह यादव के साथ पंद्रह सदस्यीय टीम एवं जिला आपदा प्रबंधन के आपदा एक्सपर्ट अश्विनी कुमार मौजूद रहे।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के लालपुरवा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए। लालपुरवा बनीपारा निवासी शिवांशी ने बताया कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री पड़ोस में बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी बच्चे आपस में लड़ गए। जब वह रानी के घर उलहाना देने गई तो वह आक्रोशित होकर मारपीट करने लगी। वहीं दूसरे पक्ष की रानी देवी ने बताया कि उसका पुत्र आयुष बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोस की बच्ची निशा ने उसे थप्पड़ मार दिया। इसकी शिकायत करने वह जब उनके घर गई तो मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मारपीट की तहरीर मिली है। मौके पर पुलिस को जांच के लिए भेजा गया है।

### मां-बेटी से मारपीट व अपशब्द बोलने में रिपोर्ट दर्ज

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुत्री के साथ मारपीट करने व एससीएसटी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 25 मई की शाम घर के बगल में लगे हैंडपंप में पुत्री पानी भरने गई थी। तभी गांव के ही शिवम् कुमार वहां आकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करने लगा। पुत्री ने विरोध किया तो उसने गर्दन पकड़ कर जमीन में गिरा दिया और लात-घूसों से मारपीट करने लगा। वह शोर सुनकर मौके पर पहुंची और मना किया तो शिवम कुमार ने उसे भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। इस बावत थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# पैराशूट निर्माणी का एडीजी ने किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्पाद की गुणवत्ता के साथ ही उसकी खासियत भी समझी
- निरीक्षण के दौरान उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बताया



ओपीएफ के उत्पादों का अवलोकन करते अपर महानिदेशक सी. रमेश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में शनिवार को अपर महानिदेशक (उत्तर एवं मध्य क्षेत्र) गुणवत्ता सी. रमेश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीएफ के उत्पादों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि ओपीएफ के रक्षा उत्पादों की गुणवत्ता व विश्वसनीयता अत्यंत उच्च एवं प्रशंसनीय है।

अपर महानिदेशक (उत्तर एवं मध्य क्षेत्र) गुणवत्ता सी. रमेश का सबसे पहले इकाई में स्वागत किया गया। ओपीएफ में उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों से उत्पादन के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होने निर्माणी के कटिंग शाप व पैराशूट उत्पादनशाला (शाप) में किये जा रहे कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खासतौर पर अत्याधुनिक तकनीकि के उपयोग को समझा। निरीक्षण में उन्होंने कहा कि ओपीएफ के उत्पाद एवं यहां की कार्य करने की शैली वास्तव में अनूठी है। इस दौरान वे प्रदर्शनी कक्ष भी गए। यहां पर भी उन्होंने प्रतिदर्शित उत्पादों को भी देखा। समारोह में ओपीएफ महाप्रबंधक एमसी. बालासुब्रमणियम ने कहा कि ओपीएफ की पूरी टीम गुणवत्ता व विशिष्टता के साथ उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। यहां संयुक्त महाप्रबंधक एस बनर्जी, विवेक गुप्ता, केके. टोप्पो, समदर्शी श्रीवास्तव, कार्य प्रबंधक रूपेश कुमार मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में जायका बढ़ाएंगे शहर के मसाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**41** निर्यातकों ने ट्रेड शो के बारे में जानकारी ली

- गुड़ पाउडर, डॉग फूड व गर्म मोजे विदेशियों को लुभाएंगे
- ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक चलेगा यूपी इंटरनेशलन ट्रेड शो

**अमृत विचार।** ग्रेटर नोएडा में इस बार दूसरे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शहर के मसाले, गुड़ का पाउडर और गर्म मोजे भी अपनी शान बिखेरेंगे। इसके अलावा पारंपरिक लेदर और होजरी के उत्पाद विदेशी खरीदारों को लुभाएंगे। कारोबारी इस बार सितंबर महीने में लगने वाले ट्रेड शो के लिए उत्साहित हैं। शहर के 41 ऐसे निर्यातक हैं, जिन्होंने आवेदन शुरू होने से पहले ही ट्रेड शो के लिए पूछताछ की है।

सूबे का सबसे बड़ा व्यापारिक मेला यूपी इंटरनेशल ट्रेड शो इस बार 25 से 29 सितंबर के बीच होगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगने वाले मेले में दावा किया जा रहा है कि इस बार शहर से इस मेले में 125 कारोबारी शामिल हो सकते हैं। पिछले वर्ष यह संख्या 63 ही थी। खास बात यह है कि इस मेले के लिए पारंपरिक लेदर और होजरी के अलावा इस बार नए उत्पाद भी शहर से शामिल हो सकते हैं। इन उत्पादों में युवा महिला उद्यमी का गुड़ पाउडर, युवा उद्यमी का डॉग फूड, डॉग च्विंग फूड, माटी के बर्तन, गर्म मोजे सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए ऐसे कारोबारी तैयारी कर रहे हैं, जिनका निर्यात कारोबार 50 से 60 करोड़ रुपये सालाना है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के बारे में उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह ट्रेड शो निर्यातकों को पूरे विश्व के कारोबार से जोड़ता है। पिछले वर्ष पहली बार लगे इस ट्रेड शो में शहर के 63 कारोबारी शामिल हुए थे। वहां पर विदेशी कारोबारियों से हुई उनकी मुलाकात की वजह से पूरे साल शहर के निर्यातकों के पास ऑर्डर आए। इसे देखते हुए इस बार ट्रेड शो के लिए कारोबारियों के बीच उत्साह है। आवेदन शुरू होने से पहले ही वे इस बार ट्रेड शो से संबंधित सभी नियम व जानकारी हासिल कर रहे हैं। युवा कारोबारियों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह है। यही वजह है कि ट्रेड शो से शहर से पारंपरिक उत्पादों के अलावा कई नए उत्पाद शहर से शामिल हो सकेंगे।

### पिछली बार शामिल हुए थे 1914 एग्जिबिटर्स

यही नहीं इस बार 20 लाख से ज्यादा बार #UPITS2024 के उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष की तुलना में यह व्यवस्था कहीं ज्यादा हैं। 2023 में आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में 1914 एग्जिबिटर्स, एक लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स, 70 हजार बी2बी विजिटर्स, 60 देशों के 500 ओवरसीज बायर्स, 2.37 लाख बी2सी विजिटर्स इस ट्रेड शो का हिस्सा बने थे।

### यूपी ट्रेड शो में 2500 विजिटर्स होंगे शामिल

प्रस्ताव के अनुसार सितंबर 2024 में होने वाले इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2500 से अधिक एग्जिबिटर्स को शामिल किया जाएगा, जबकि सवा लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स को आमंत्रित किया जाएगा। यही नहीं, एक लाख बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) विजिटर्स के साथ ही 80 देशों के 6 सौ से ज्यादा ओवरसीज बायर्स इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही 3.5 लाख बी2सी (बिजनेस टू कस्टमर्स) विजिटर्स आमंत्रित होंगे।

# उर्सला अस्पताल में आसानी से पता चलेगी दिल की बीमारी

## स्थिति को परखने के लिए होगी ट्रॉप-टी जांच, शासन से मिली एचआईए-11000 मशीन

**एक्सक्लूसिव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



उर्सला अस्पताल की कार्डियक यूनिट में भर्ती मरीज। अमृत विचार



उर्सला आई एचआईए-11000 मशीन।

**अमृत विचार।** दिल का सही तरह से काम करना ही स्वस्थ शरीर की पहचान है, लेकिन वर्तमान समय में लोगों की जीवनशैली में जो बदलाव आया है, उस कारण लोगों को दिल की बीमारी होने का खतरा काफी बढ़ गया है। हंसते, खेलते, बोलते, नाचते व गाते समय कई लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है, जिस संबंध में वीडियो भी वायरल है। ऐसे में उर्सला अस्पताल में आने वाले रोगियों की दिल की जांच कराकर पहले ही पता लगा लिया जाएगा कि हार्ट अटैक की स्थिति तो नहीं बन रही है। दरअसल, यह प्रक्रिया तीन से चार दिन में शुरू होने लगती है।

उर्सला अस्पताल में बनी कार्डियक यूनिट की ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 मरीज दिल की बीमारी से संबंधित परामर्श लेने पहुंचते हैं, जबकि एक सप्ताह में चार से पांच मरीज हार्ट अटैक की स्थिति में इलाज के लिए आते हैं, लेकिन उर्सला अस्पताल में अभी दिल की प्रारंभिक बीमारी का ही इलाज किया जा रहा है। गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को उर्सला अस्पताल से रावतपुर स्थित हृदय रोग संस्थान (कार्डियोलॉजी) रेफर कर दिया जाता है। इसकी मुख्य वजह अस्पताल में दिल की बीमारी के इलाज में सहायक पर्याप्त मशीनों का न होना है।

उपकरण के संबंध में उर्सला अस्पताल प्रशासन ने शासन को पत्र लिखा था। शासन से करीब एक सप्ताह पहले एचआईए-11000 मशीन उपलब्ध कराई गई है, जो उर्सला में आ गई है। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने बताया कि मशीन की मदद से दिल से संबंधित छह टेस्ट हो सकेंगे। इससे डी-डाइमर यानी खून में थक्का जमने की जांच, सीपीआरएमबी यानी हार्ट अटैक आने के लक्षण की जांच, सीआरपी यानी कितना इंफेक्शन है और एचबीए1सी यानी शुगर लेवल समेत आदि की जांच हो सकेगी। अभी तक इन जांचों की सुविधा अस्पताल में नहीं थी।

### ऐसे पनपता है दिल का रोग

उर्सला अस्पताल के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ.पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि दिल का काम होता है, खून और उसके साथ ऑक्सीजन को पंप कर सुचारु रूप से पूरे शरीर में संचारित करते रहना। यानी शरीर के भीतर खून को हर अंग तक पहुंचाने के लिए लगातार काम करना। यह स्थिति तब गड़बड़ाने लगती है, जब दिल की इस प्रक्रिया में बाधा आती है। खून और ऑक्सीजन सही तरीके से शरीर में नहीं पहुंचता तो सिर्फ दिल ही नहीं पूरे शरीर की सेहत पर बुरा असर पड़ने लगता है। इसी तरह दिल से संबंधित रोग पनपते हैं। कार्डियक ट्रोपोनिन टेस्ट (ट्रॉप-टी) ऐसी ही स्थिति में मददगार साबित होता है। यह टेस्ट हृदय की मांसपेशियों में होने वाली क्षति का पता लगाता है। हार्ट अटैक की स्थिति का पता चलता है।

### इन लक्षणों को कतई न करें नजरअंदाज

सीने में दर्द, जकड़न, सांस लेने में कठिनाई, तेज पसीना जैसे लक्षण को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। फौरन जांच करानी चाहिए। ईसीजी या ईकेजी और अन्य ब्लड जांच भी करानी चाहिए, ताकि स्पष्ट कारण पता चल सके और उसी हिसाब से इलाज हो सके। हार्ट अटैक की स्थिति में अधिकांश लोगों में तीन घंटे के भीतर खून में ट्रोपोनिन की मात्रा बढ़ जाती है। करीब एक से दो हफ्ते यह मात्रा बढ़ी रह सकती है। इसलिए ट्राप-टी की जांच जरूरी है।



कार्डियक टेस्ट मशीन आ गई है। हार्ट अटैक की स्थिति का पता लगाने के साथ ही मायोकार्डियक इंफेक्शन की भी जानकारी हो सकेगी। जल्द ही मशीन को इंस्टॉल कराकर मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**- डॉ.एचडी अग्रवाल निदेशक, उर्सला अस्पताल**

## 14 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा आज

**कानपुर।** शहर में रविवार को 14 केंद्रों पर होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा में 7 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। कड़ी सुरक्षा में हो रही परीक्षा के लिए 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहेंगे।

बता दें उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 को इस बार झांसी विश्वविद्यालय करा रहा है। कानपुर में प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल की जिम्मेदारी सीएसजेएमयू निभा रहा है। एडीएम सिटी को परीक्षा का नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से 12 एवं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.00 बजे से शाम को 5 बजे तक होगी। बीएड प्रवेश परीक्षा का पेपर डबल लाक में रखवाया गया है। इसे रविवार की सुबह निकाला जाएगा। दो सेंटरों पर एक केंद्र प्रतिनिधि तैनात किया गया है।

# नीट के रिजल्ट को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव कोचिंग संस्थानों के छात्र सड़क पर उतरे, प्रदर्शन में शिक्षक भी शामिल
- रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों ने जताया विरोध, प्रवेश परीक्षा दोबारा कराने की मांग



छात्रों के साथ अनशन पर बैठे शिक्षक आशीष श्रीवास्तव व कुलदीप गंगवार।

**अमृत विचार।** नीट के रिजल्ट को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को काकादेव में नाराज छात्रों ने जहां प्रदर्शन किया, वहीं एनटीए से नाराज शिक्षक भी छात्रों के अनशन में शामिल हो गए।

मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट 2024 का परिणाम घोषित कर दिया था। इस साल 13.16 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है। इस साल करीब 24 लाख बच्चों ने नीट यूजी यानी मेडिकल की प्रवेश परीक्षा दी थी। रिजल्ट आने के बाद से तमाम छात्र परिणाम पर असंतोष जता रहे हैं। शनिवार को काकादेव में मेडिकल की कोचिंगों के बाहत छात्र जुटने लगे। नाराज छात्रों ने नारेबाजी कर विरोध जताया और सड़क पर अनशन शुरू कर दिया। छात्रों के इस प्रदर्शन में शिक्षक भी शामिल हो गए हैं।

धरना स्थल पर शिक्षक आशीष श्रीवास्तव एवं कुलदीप गंगवार ने बताया कि नाराज छात्रों को न्याय दिलाने के लिए अनशन में बैठे हैं। एक ही सेंटर से कुछ बच्चों के 720 में 720 अंक आए हैं। प्रवेश परीक्षा में ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, नाराज छात्र मांग कर रहे हैं कि प्रवेश परीक्षा दोबारा होनी चाहिए। शिक्षक कुलदीप गंगवार ने बताया कि एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी लगी है। इसके बावजूद भी काउंसिंग की कवायद शुरू हो गई है। नाराज छात्रों का कहना था कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

# 11-12 को यूपी कैटेट, 6 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 4335 अभ्यर्थी

**तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले उपस्थिति दर्ज कराएं छात्र
- 12 को दो पालियों में परीक्षा

**अमृत विचार।** प्रदेश के कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश के उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) 11 एवं 12 जून को होगी। कानपुर के 6 परीक्षा केंद्रों पर 4335 अभ्यर्थी इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉ. पी.के. उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) 11 व 12 जून को कानपुर नगर में 6 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराई जायेगी। कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा दिनांक 11 जून को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित होगी। कृषि स्नातक जिसमें 3330 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। यह प्रवेश परीक्षा कानपुर नगर में 6 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराई जाएगी। परास्नातक एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा दिनांक 12 जून 2024 को प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक जिसमें 902 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

उन्होंने बताया कि द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक एमबीए प्रवेश परीक्षा जिसमें 103 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं कि प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में कानपुर में कुल 4335 अभ्यर्थी 06 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। बताया कि समस्त अभ्यर्थी जो यूपी कैटेट 2024 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं वे अपने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व पहुंचकर उपस्थिति दर्ज कराएं। अभ्यर्थी ई प्रवेश पत्र पर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## नौबस्ता अस्पताल में तैनात होंगे 35 डॉक्टर

**कानपुर।** नौबस्ता मौरंग मंडी में सौ बेड के संयुक्त जिला अस्पताल का निर्माण चल रहा है, जिसका 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अगस्त तक अस्पताल का उद्घाटन होने की उम्मीद है। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने शासन से अस्पताल के लिए 35 डॉक्टर, 150 पैरामेडिकल स्टाफ व कर्मचारियों की मांग की है। जांच व इलाज के सहायक उपकरण भी मांगें हैं। सीएमओ के मुताबिक डॉक्टर व स्टाफ की तैनाती के बाद अस्पताल का संचालन किया जाएगा।

# निलंबित कर्मी ने मांगा वीआरएस, शिक्षिकाओं ने लिया स्टे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपियों के कानूनी दांवपेच
- शहर में भर्ती पाई दोनों शिक्षकाओं के नाम हैं एफआईआर में

**अमृत विचार।** शिक्षक भर्ती घोटाले में विभागीय जांच में लापरवाही बरतने पर निलंबित हुए डीआईओएस कार्यालय के दो कर्मचारियों में से एक ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग की है, जबकि भर्ती पाई दोनों शिक्षिकाओं ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्टे ले रखा है। इस बीच पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस मामले और भी खुलासे हो सकते हैं।

शिक्षा विभाग में फर्जी भर्ती घोटाला पर हुई गिरफ्तारी के बाद यह साफ हो गया है कि इस पूरे मामले के तार कई जनपदों से जुड़े हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नौ शिक्षक-शिक्षिकाएं जिनके नाम का फर्जी पैनल ई-मेल द्वारा डीआईओएस को भेजा गया था, के नाम एफआईआर में दर्ज हैं। इनमें से दो वे शिक्षिकाएं जिनकी नियुक्ति हो गई थी, ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्टे ले लिया है। इन दोनों शिक्षिकाओं की शहर के दो स्कूलों में नियुक्ति हो गई थी। पुलिस टीम को आरोपियों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इन सुरागों की पड़ताल पर माना जा रहा है कि जल्द ही बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### चैट से हो सकते अभी और बड़े खुलासे

मामले की जांच कर रही पुलिस की सर्विलांस टीम को चैट में रुपये के लेनदेन की बात सामने आई थी। इसका खुलासा पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के वक्त किया था। माना जा रहा है कि इस चैट से अभी कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं, जिनसे शिक्षा विभाग के कई कर्मचारी भी जद में आ सकते हैं। पूर्व में इसी चैट से 50 लाख रुपये के लेनदेन की बात सामने आई थी।

### अब तक 5 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी

फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में पुलिस ने अभी तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह वे आरोपी है जिन्होंने इस पूरे मामले में साजिश करने के साथ ही फर्जी प्रक्रिया को अंजाम दिया। इनमें से दो मिर्जापुर व जबकि तीन को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों में विवेक द्विवेदी, शिवम त्रिपाठी, लालजी सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय व अभिनव त्रिपाठी हैं।

### निलंबित प्रधान सहायक को थी फर्जीवाड़े की भनक?

इस मामले के खुलासे के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुई विभागीय जांच में दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इनमें एक कर्मचारी प्रधान सहायक राजन टंडन ने वीआरएस की मांग की है। खास बात यह है कि गिरफ्तारी के बाद दूसरी बार उन्होंने अपना वीआरएस जल्द स्वीकृत किए जाने का आवेदन दिया है। प्रधान सहायक वर्ष 2027 में रिटायर होने वाले हैं। इसे लेकर कयास लग रहे हैं कि क्या निलंबित प्रधान सहायक को फर्जीवाड़े की भनक थी।

**तैयारी** यात्रियों की सुविधाओं और आराम को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं नई बसें

# उम्र पूरी कर चुकीं बसें हटेंगी, शामिल होंगी 100 नई बसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- रोडवेज के एक बस की उम्र 11 लाख किमी, इसके बाद रिटायर हो जातीं

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की हजारों बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं, जिन्हें बाहर का रास्ता दिखाते हुए नई बसों को लगाया जाएगा। अपनी उम्र पूरी करने वाली बसों की संख्या हजारों में है और नई बसें लगाए बगैर पुरानी बसों को नीलाम कर दिया गया तो यात्रियों के लिए बसें कम पड़ जाएंगी।

रोडवेज बसों की उम्र 11 लाख किमी है, जो बस 11 लाख किमी चल चुकी है, उसे नीलाम कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन हजारों बसें ऐसी हैं, जो 15-15 लाख किमी चल चुकी हैं, लेकिन इन बसों को हटाया नहीं जा सका है। रोडवेज अब अपने बेड़े में सौ नई बसें शामिल करने जा रहा है।

ये बसें कानपुर परिक्षेत्र, वाराणसी, प्रयागराज, मऊ, आजमगढ़, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या समेत विभिन्न परिक्षेत्रों में भेजा जाएगा। दरअसल परिवहन की खटारा बसों में यात्री जल्दी बैठते नहीं है। आपने देखा होगा कि प्राइवेट बसों में जहां यात्रियों की कोई कमी नहीं है, वहीं रोडवेज की बसों को यात्री नहीं मिलते हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार का कहना है कि नई बसों को लंबी दूरी पर लगाया जाएगा। जिन बसों का किमी पूरा हो चुका है, उनकी नीलामी की जाएगी।

गौरतलब है कि रोडवेज के पास वर्तमान में करीब 12 हजार बसें हैं, इनमें प्राइवेट बसों की संख्या अधिक है। रोडवेज अधिकारी बसों का निमार्ण कराने के बजाए प्राइवेट बसों को अधिकृत करने पर ज्यादा दिमाग लगा रहे हैं।

## रोडवेज की एसी बसों को नहीं मिल रहे मुसाफिर

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन का अजब हाल है, बस अड्डों पर यात्री एसी बसें तलाशते फिरते हैं और अधिकारी कह रहे हैं कि एसी बसों को यात्री नहीं मिल रहे हैं। नतीजा यह है कि जैसे-जैसे बसों का एसी खराब हो रहा है, वैसे वैसे बसों को डिपो में डंप किया जा रहा है। कानपुर के विकास नगर डिपो में 20 से अधिक एसी बसें डंप हो गई हैं।

शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर प्रयागराज, दिल्ली, वाराणसी के लिए एसी बसें मिल जाएंगी, लेकिन ये बसें कितने बजे मिलेंगी, यह कोई नहीं जानता है। यही कारण है कि लोग ट्रेन से एसी कोच में सफर ज्यादा करना चाहते हैं। दरअसल, लोगों को पता है कि ट्रेन कितने बजे जाएगी, जबकि बसों का कोई समय निर्धारित नहीं है। यही कारण है कि ट्रेनों के एसी कोच फुल हैं। श्रमशक्ति एक्सप्रेस, पुणे एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस समेत कई ऐसी ट्रेनें हैं, जिनमें एसी कोच में एक से डेढ़ महीने तक आधी बर्थ यानी आरएसी में भी सीट उपलब्ध नहीं है।

### बस अड्डे पर घंटों खड़ी रहतीं एसी बसें

झकरकटी बस अड्डे पर घंटों एसी बसें खड़ी रहती हैं, क्योंकि यात्री नहीं मिल रहे हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर प्राइवेट लक्जरी बसों में सवारी की कोई कमी नहीं है। यही कारण है कि रामादेवी, टाटमिल चौराहा से लेकर फजलगंज तक प्राइवेट बसों का संजाल फैला है।

एसी बसों में सवारी नहीं मिलने से बुरा हाल है। बड़ी एसी बसें हटाकर छोटी एसी बसें लगवा दी जाएं तो सफल हो जाएंगी।

**-महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा**


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम MD SHADAB ALAM था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHADAB ALAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: MOHAMMAD NAUSHAD ALAM R/O- F-11, NEAR CANTT GENERAL HOSPITAL SADAR BAZAR, LUCKNOW**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम मधु उर्फ मधु डिडवानी है। मुझे मधु डिडवानी के नाम से जाना व पहचाना जाये। उपरोक्त दोनों नाम मधु व मधु डिडवानी दोनों मेरे ही नाम हैं। **मधु उर्फ मधु डिडवानी पुत्री दिलीप डिडवानी निवासिनी– मकान नं0– 76/9 ब्लाक नं0 8 गोविन्द नगर कानपुर नगर।**

**सूचना**

हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरे पिता का नाम राजेश साध अंकित है, जबकि सही नाम राजेश भान साध है। अतः मेरे पिता को सही नाम राजेश भान साध से ही जाना व पहचाना जाये। **आकर्ष साध पुत्र राजेश भान साध 2/29 साहबगंज, नरायनदास, फर्रूखाबाद।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रिया यादव पुत्री सुशील कुमार ग्राम अहिलवा, पोस्ट दुकनहा, थाना खीरों, जनपद रायबरेली** की मूल निवासिनी हूं। मैंने श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर खीरों,रायबरेली से हाई स्कूल की संस्थागत परीक्षा वर्ष 2019 में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 1223561 है। मेरा अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है

**सूचना**

सूचित हो कि **सोबरन पुत्र अजरायल नि0 ग्राम सल्हौनी, थाना–पाली व हाल निवासी–ग्राम व कोतवाली सवायजपुर, जिला हरदोई,** मेरे बड़े पुत्र अनुराग उर्फ़ अरुण व इनकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं है वह शराबी किस्म का व्यक्ति है तथा चोरी भी करता है मना करने पर गाली–गलौच कर मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्री सुरेश कुमार पुत्र कृष्ण यादव, निवासी– परसेण्डी, पो0 परसेण्डी, थाना– तालगांव, तहसील– लहरपुर जिला सीतापुर** मेरे तीन पुत्र कमशः लवलेश कुमार, विमलेश कुमार व भानू हैं सभी पुत्रों की शादी विवाह हो चुका है तथा सभी पुत्र अलग–अलग रहते हैं किसी का किसी से कोई लेना–देना नहीं है। मेरा बड़ा पुत्र लवलेश कुमार शराबी, झगड़ालू, बदचलन प्रवृत्ति का है जो आए दिन समाज में झगड़ा आदि करता है जिसके कृत्यों से मेरी समाज मे छवि खराब हो गयी है। मैने अपने पुत्र लवलेश कुमार के कृत्यों से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही है भविष्य मे यदि किसी व्यक्ति से उसके लेन देन, झगड़ा–फसाद आदि होता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# पांडु नदी के साथ गंगा को भी प्रदूषित कर रहीं हैं औद्योगिक इकाइयां

## गोधरौली क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों का जहरीला पानी बना चुनौती

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** चौडगरा औद्योगिक क्षेत्र के गोधरौली के पास की दो औद्योगिक इकाइयों का जहरीला पानी, पांडु नदी से होते हुए गंगा को प्रदूषित कर रहा है। बकायदा इसके लिए पीडब्लूडी की सड़क किनारे नाला गुजारा गया है। जिसके जरिए इन इकाइयों का केमिकलयुक्त पानी, नदियों को अपनी जद में लेता जा रहा है। इसके बावजूद इस पर किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं जा रही है।

गोधरौली की इन दो औद्योगिक इकाइयों से पांडु नदी तक केमिकल युक्त गाढ़ा जहर चैंबर व खुले नाले पर नजर आ रहा है। इकाइयों के अन्दर काफी संख्या में बोरवेल बने हुए हैं। जिनमें अपशिष्ट का घोल छोड़ा जाता है। जिससे भूगर्भ जल प्रदूषित हो रहा है। केमिकलयुक्त जहरीला कचड़ा बहाने के लिए पीडब्ल्यूडी की सड़क के किनारे बनाया गया छह किलोमीटर लंबा कच्चा खुला नाला व चैंबर, किसके आदेश से बनाया गए। इसका किसी के पास जवाब नहीं है। पीडब्ल्यूडी की सड़क किनारे नाला बना है वह बीकमपुर से नन्दी गौशाला शिवराजपुर से होते हुए हरवंशपुर, बेनीखेड, भाऊपूर कटरी से गुजरकर जनपद उन्नाव के सेढ़वा गांव के सामने पांडु नदी में गिराया गया है। कुछ दूरी के बाद यह नदी गंगा में समाहित हो जाती है। जिससे गंगा के पानी को भी यह कंपनियों प्रदूषित करने का काम कर रही हैं।



नाले में बहता गंदा पानी। अमृत विचार

### सालों से चल रहा खेल

- नेशनल हाईवे के गोधरौली क्षेत्र में तीन दशक पहले स्थापित इन औद्योगिक इकाई ने नाम बदलकर खेल जारी रखा है। एक इकाई कपड़ा रंगने के लिए उतरी थी जबकि दूसरी कलर बनाने को स्थापित हुई थीं। जो अभिलेखों में समय समय पर अलग अलग मालिकों के नाम होती रही हैं। सवाल यह उठता है कि वातावरण में जहर घोलने वाली उक्त कंपनियों का समय-समय पर ऑडिट और निरीक्षण हुए होंगे। ऑडिट के बाद भौतिक स्थलीय सत्यापन भी होते रहे होंगे। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों को अवैध रूप से बने नाले, चैम्बर तथा बोरवेल क्यों नहीं दिखाई दिए। कम्पनी स्थापित होने से लेकर कम्पनी चलने तक खतरनाक केमिकल को लेकर सम्बन्धित विभाग के विशेषज्ञों के स्तर पर निगरानी होती है। विशेषज्ञ, समय समय पर सरकार को मांगी गई रिपोर्ट उपलब्ध कराते हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर क्या हो रहा है यह कंपनी के नामकरण खेल से पता चलता है जो यह खेल करके भूगर्भ जल को जहरीला बनाने पर आमादा हैं।

### जनता को खुद जागरूक होकर आगे आना होगा

पर्यावरण पर काम करने वालों का कहना है कि हवा और पानी की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच रही है। अब हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी ले। एनजीटी के जुर्माना लगाने से बात बनने के बजाय जनता के खुद जागरूक होकर आगे आने से बनेगी।

"गोधरौली क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों की जांच कराई जाती है। नियम विरुद्ध संचालन मिलने पर कार्रवाई की जाती है। इन इकाइयों का औचक निरीक्षण करा करके हकीकत पता की जाएगी।

–अभिजीत कुमार, एसडीएम

## मौहार डाक घर में छह माह से नहीं मिल रही है रसीद

**औंग फतेहपुर।** बिन्दकी रोड रेलवे स्टेशन के निकट ग्राम मौहार के नाम से स्थापित डाक घर में छह माह से रजिस्ट्री व स्पीड पोस्ट कराने पहुंच रहे जरूरतमंदों को रसीद नहीं दी जा रही है। कर्मचारी प्रिन्टर खराब होने का हवाला देकर वापस कर देते हैं।

डाक घर में रजिस्ट्री या स्पीड पोस्ट करने के लिए पहुंच रहे लोगों का आरोप है कि डाक कर्मी चंद्रशेखर पहले ही बता देते हैं कि रसीद नहीं मिलेगी तो व्यक्ति इतना सुनकर पोस्ट ऑफिस को कोसता हुआ चल देता है। जब कोई इसका कारण जानना चाहता है तो सरकारी काम बताकर इग्नोर कर दिया जाता है या फिर किसी और जगह जाने की सलाह दे दी जाती है। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया है कि एसपीएम रमेश की लापरवाही के कारण छह महीने से प्रिंटर खराब पड़ा है जिसमें सिर्फ सादी रसीद निकलती है। प्रिंटिंग नहीं हो पाती है। रमेश ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह में प्रिंटर ठीक करा लिया जायेगा।

## मानसून सिर पर, सिल्ट से पटे हैं नाले

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहरवासियों को बारिश में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन इस बार अभी नालों की सफाई नहीं शुरू कराई। जबकि जून माह की शुरुआत हो चुकी है। मानसून सिर पर आने वाला है लेकिन पालिका प्रशासन स्टीमेट में मुहर लगने का इंतजार कर रही है। हर बार नाला सफाई में लाखों रूपए खर्च होते रहे हैं लेकिन बारिश में शहर के कई मोहल्ले जलभराव का शिकार रहते हैं। माना जा रहा है जल निकासी की समुचित व्यवस्था दुरुस्त न होने से शहर के कई मोहल्ले बारिश में टापू बने नजर आएंगे। बीते वर्ष जिन मोहल्लों में जलभराव की स्थिति देखी गई वहां पालिका द्वारा कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे जलभराव की समस्या से यहां के लोगों को दो-चार होना तय है। हर वर्ष बारिश से पूर्व नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र के सभी नाला नालियों की सफाई कराता है, जिससे शहर में कहीं जलभराव की स्थिति न पैदा हो सके। लेकिन इस बार तक जून माह शुरू होने के बाद भी अभी तक सफाई का कार्य नहीं शुरू हो सका।

बजट के आभाव में समय पर नहीं होता भुगतान नगर पालिका द्वारा नाला-नालियों की सफाई के लिए कुल 32 प्वाइंटों पर निविदा के आधार पर ठेका दिया जाता रहा है। जिसमें करीब 50 लाख रुपये का स्टीमेट बनता है। अलग अलग स्थानों में ठेकेदार अपने सफाई श्रमिक एवं पोकलैंड मशीनों से नाला नालियों की सफाई कराई जाती है। मई माह से शुरू होकर मानसून आने के पूर्व सफाई का कार्य पूरा किया जाता है, लेकिन इस बार अभी तक सफाई के लिए स्टीमेट बनाने तक ही कवायद की गई है। अभी स्टीमेट पास होने का इंतजार है।



सड़क पर बहता गंदा पानी। अमृत विचार

### पालिका के पास सफाई कर्मी पर्याप्त नहीं

नाला नालियों की सफाई के लिए ठेका के अलावा नगर पालिका परिषद के स्थाई और संविदा पर काम करते हैं। जिन्हें बारिश के पूर्व सफाई अभियान में लगाया गया है। विभाग के पास 101 स्थाई तथा 132 सफाई कर्मचारी संविदा पर हैं। बावजूद इसके हल्की बारिश में ही शहर की सड़कों में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। सवाल यह उठता है कि बारिश से पूर्व पालिका द्वारा सफाई की इतनी कवायद होने के बाद भी जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिलती है।

"बारिश से पूर्व नाला नालियों की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए स्टीमेट तैयार हो चुका है। स्वीकृति मिलते ही सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा। इस बार चुनाव को लेकर कुछ देरी हुई है।

–अमित जायसवाल, पालिका जेई-निर्माण

## मुसीबत: खेतों में नहीं पहुंच रहा पानी

संवाददाता औंग, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिन्दकी क्षेत्र के अन्तर्गत लम्बे अरसे से नलकूप विभाग किसानों के साथ लगातार धोखा करता आ रहा है। जिसमें सरकार द्वारा किसानों के नाम लाखों रुपये सिंचाई अनुदान का भुगतान किया जा रहा है लेकिन जिन किसानों के नाम यह अनुदान दर्ज हो रहा है उन किसानों को सिंचाई का पानी कभी उपलब्ध ही नहीं हुआ है। सरकार की निःशुल्क सिंचाई योजना को जिले के अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं जिनके दबाव में निचले स्तर के कर्मचारी फर्जी सिंचाई दर्ज करने को मजबूर हैं।

**पम्प कैनाल दफ्सौरा और बहादुरपुर :** नलकूप उपखण्ड तृतीय की पम्प नहर दफ्सौरा तथा बहादुरपुर में रबी फसल में अस्सी प्रतिशत सिंचाई फर्जी की गई है किसानों ने बताया है कि ऐसे सकड़ों किसानों के नाम लाखों रुपये के अनुदान की रकम का विभाग के अधिकारियों द्वारा बंटाधार किया गया है। जिस माइनर में सालों से पानी नहीं गया उस क्षेत्र के किसानों के नाम सरकार अनुदान दे चुकी है और किसानों को पता भी नहीं है।

- 80 प्रतिशत सिंचाई दिखा कर डकार ली गई रकम
- सरकार दे चुकी अनुदान और किसानों को पता ही नहीं है

### मिराईं तथा अमौरा के राजकीय नलकूप में भी फर्जीवाड़ा

विकास खण्ड मलवां के ग्राम अमौरा का राजकीय नलकूप लम्बे अरसे से बन्द है ए ब्लॉक देवमई के ग्राम मिराईं का नलकूप कई सालों से पानी नहीं दे रहा है लेकिन किसानों की मानें तो प्रत्येक फसल में फर्जी सिंचाई की जमाबंदी बनाकर सरकार से लाखों का अनुदान हड़पा जा रहा है।

### फर्जीवाड़ा करने का सक्रिय है रैकेट

सूत्रों ने बताया नलकूप खण्ड फतेहपुर में सिंचाई के फर्जीवाड़े के लिए सबसे अहम कड़ी सींच पर्यवेक्षक है जो जिलेदार के कहने पर सिंचाई हो या न हो नलकूप से पानी निकले या न निकले किसानों के नाम फर्जी जमाबंदी बनाकर सरकार की फ्री सिंचाई योजना का बंटाधार कर रहे हैं। यदि कोई भी नलकूप चालक फर्जी सिंचाई दर्ज करने से मना करता है तो उसकी अटेंडेंस रोकने की धमकी दी जाती है और इस कारनामे में अधिशाषी अभियन्ता के इशारे पर किया जा रहा है।

## घटिया सामग्री लगाकर बनाई जा रही सड़क

- कार्यदायी ठेकेदार मोटे लाभ के चक्कर में कर रहा मनमानी

संवददाता असोथर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक किलोमीटर सड़क का घटिया निर्माण कराए जाने से बरेंडा के ग्रामीण नाराज हैं। उन्होंने घटिया काम का विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क में आरसीसी डस्ट नहीं डाली जा रही, पानी का छिड़काव भी नहीं हुआ। तारकोल कम डालने से सड़क जल्दी टूट जायेगी।

हसवां विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सातों जोगा के मजरे बरेंडा की सड़क एक दशक पूर्व से टूटी थी जब सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों में ललक जागी कि इस बार अच्छी सड़क बन जाएगी और आने जाने में सहूलियत होगी लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा सड़क निर्माण में खानापूर्ति किए जाने से ग्रामीण निराशा है और सड़क निर्माण में पग पग रोड़ा अटका रहे हैं एक सप्ताह से यह समस्या सड़क निर्माण में लगे श्रमिकों और ग्रामीणों के बीच चल रही है इसकी जानकारी अवर अभियंता को भी है लेकिन सड़क निर्माण में सुधार नहीं आया इन्हीं वजहों से लोग विरोध कर रहे।

असोथर विजयीपुर मार्ग से ससुर खदेरी नदी पुल के आगे से बरेड़ा को जोड़ने के लिए निचली गंगा नहर तक एक किलोमीटर सड़क का निर्माण जिला पंचायत के द्वारा कराया जा रहा है घटिया निर्माण से नागरिक नाराज है। सड़क के किनारे दोनों तरफ धूल और कूड़े के ढेर पड़े हैं जिन्हें ठीक से नहीं हटाया गया, मीट्टी के ऊपर से गिट्टी डाल दी गई है गिट्टी के ऊपर आरसीसी की डस्ट नहीं डाली गई और ना पानी का छिड़काव किया गया है सड़क की दोनों दोनों पटरियों को भी दुरुस्त नहीं किया गया और डामर डालने का काम शुरू हो गया है। शनिवार को सड़क का निर्माण 400 मीटर तक हो गया है आगे के निर्माण में ग्रामीण पूरी तरह से मानक पूर्ण होने तक अड़ंगा गए हैं। सड़क नहीं बनने दे रहे हैं ठेकेदार के श्रमिक रात में सड़क बना रहे थे।

सड़क निर्माण का टेंडर जिस फार्म को दिया गया है उस फॉर्म ने पेटी में दूसरी फर्म को टेंडर दे दिया है इसी वजह से सड़क निर्माण सही ढंग नहीं हो रहा है

दो ठेकेदार प्रॉफिट कमाने के चक्कर में ग्रामीणों के साथ छलावा करने में लगे हैं। गांव के दीपक सिंह बसपा नेता रामनारायण निषाद ने निर्माण कार्य में उंगली उठाई है पहाड़िया डेरा के छोटेलाल रमेश कुमार बरेंडा के गुलाब शिवराज शिवम सुंदर निषाद सहित नागरिकों ने सड़क निर्माण को रुकवा दिया है उनका कहना है कि इस सड़क में पहले डस्ट डाली जाए इसकी दोनों पटरियों को ठीक किया जाए और पानी का छिड़काव करके रोलर से सड़क को बैठाकर इसके बाद डामरयुक्त मिश्रण डालकर अच्छी सड़क मानक के अनुसार बनायी जाय।



सड़क में मानकविहीन डाली जाती गिट्टी और डामर। अमृत विचार

### एक नजर

#### इलाज के दौरान घायल ड्राइवर की मौत

**औंग, फतेहपुर।** नेशनल हाईवे स्थित थाना क्षेत्र के गोधरौली गांव के पास आगे जा रहे चार पहिया वाहन को तीव्र गति से आ रहे ट्रक ने ठोंक दिया था जिससे ड्राइवर जयप्रकाश पुत्र महेश नारायण शुक्ला निवासी ग्राम कटवार थाना बरसठी जिला जौनपुर गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी कानपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

#### नौ पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शनिवार की सुबह पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हुसैनगंज थानाध्यक्ष चारए खखरेरू दो हथगाम दो तथा औंग थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

## कार्ड धारकों को ई केवाईसी कराना होगा अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि 8 जून से 25 जून तक जनपद के समस्त राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों की ई-केवाईसी नजदीकी विक्रेता की ईपास मशीन के माध्यम से करायी जानी है। लाभार्थी जो प्रदेश के बाहर रह रहे है वह अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से ई-केवाईसी करा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे राशन कार्ड जिनका मोबाईल नम्बर उनके राशन कार्ड में सही नहीं दर्ज है उनके मुखिया को सम्बन्धित विक्रेता की दुकान पर ईकेवाईसी कराते समय संशोधन का विकल्प प्राप्त होगा। इसे मोबाईल ओटीपी प्रमाणीकरण के माध्यम से परिवर्तित करा सकेंगे। साथ ही यदि किसी यूनिट का मुखिया से सम्बद्धीकरण सही नहीं तो उनके मुखिया को सम्बन्धित विक्रेता की दुकान पर ईकेवाईसी कराते समय संशोधन का विकल्प प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि राशन कार्ड में जो यूनिट ई-केवाईसी से छूटे हुए हैं उनकी केवाईसी भी करायी जानी है, जिसके विकल्प विक्रेता ई-पास मशीन में उपलब्ध करा दिया गया है। इस विकल्प का प्रयोग कर आठ जून से 25 जून के मध्य ई-केवाईसी करायी जा सकेगीं। उन्होंने समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के विक्रेताओं की मीटिंग बुला कर उनको ईकेवाईसी कराये जाने हेतु निर्देशित करें।

## देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने वाला धरा गया

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** हिंदू देवी-देवताओं पर युवक ने अभद्र टिप्पणी की जिसे लेकर हिन्दू संगठनों के सैकड़ों लोग उग्र हो गए वह शुक्रवार की शाम सदर कोतवाली पहुंच हंगामा काटा। काफी समझाने के बुझाने के बाद लोग शांत हुए। पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के देवी-देवताओं के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं होगी।

हिन्दू संगठनों का आरोप है कि सादीपुर नाका निवासी आरिफ खान द्वारा अपने मोबाइल द्वारा सोशल मीडिया पर हिन्दू सनातन धर्म अनुयायियों की भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पड़ी की थी। जिसे किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। शुक्रवार को शाम बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे और जमकर हंगामा काटते हुए कहाकि इसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा। पुलिस अधिकारियों के काफी समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए। बजरंग दल के जिला सह संयोजक धर्मेन्द्र सिंह बताया कि सोशल मीडिया में हिंदू देवी देवताओं पर गाली देने का मामला सामने आया है एक युवक ने अशोभनीय टिप्पणी की है इसको लेकर सनातन धर्म के लोगों ने नाराजगी जताते हुए युवक के खिलाफ रिपार्ट दर्ज करा दी।



गिरफ्तार किया गया आरोपी।

- हिन्दू संगठनों ने विरोध कर काटा हंगामा

### लोगों को पहुंची ठेस

इस घटना से सनातन धर्म के अनुयायियों को ठेस पहुंची है सभी में इस कृत्य को लेकर नाराजगी है वायरल वीडियो ने तूल पकड़ लिया है क्षेत्र में आक्रोश की स्थिति बन गई है वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाकों में गश्त किया जा रहा है लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की जा रही है।

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी पकड़ से दूर

**किशनपुर फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी।

थाना क्षेत्र के एक गांव में दो सप्ताह पहले एक 15 वर्षीय किशोरी को अगवाकर आरोपियों ने एक कोठरी में बारी बारी से दुष्कर्म किया था। दूसरे दिन आरोपियों के चंगुल से बचकर घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बतायी थी। जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया। लेकिन उसके बाद से कहीं ना कहीं पुलिस की रफ्तार फीकी होती नजर आ रही है। करीब दो सप्ताह बीच जाने के बाद भी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देने वाले अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। हालांकि पुलिस ने दबिश देकर पकड़ने का प्रयास कर रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

समस्या — जलसंचयन के साथ-साथ खेती की सिंचाई के लिए उत्तम साबित होते हैं तालाब

## तालाबों का आस्तित्व खतरे में, कैसे हो जलसंचयन

संवाददाता असोथर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तालाबों का अस्तित्व तब से है जब से मनुष्य का जीवन है। तालाब जलसंचयन के साथ खेती सिंचाई के लिए उत्तम साबित होते हैं। भूमि जल स्तर को बनाए रखने के लिए भी तालाब की बहुत महत्वपूर्ण उपयोगिता है।

करीब 25 से 30 साल पहले तालाब गांव की संपत्ति हुआ करते थे। गांव वाले बरसात के पहले तालाब से मिट्टी निकालते थे और उस मिट्टी का प्रयोग अपने घरों में करते थे जिससे तालाब की गहराई हो जाती थी और मनुष्य की जो आवश्यकता है मिट्टी की वह भी पूरी हो जाती थी फिर बरसात आने पर चारों तरफ से बरसात का पानी तालाब में आता था जिससे तालाब का पानी धीरे.धीरे नीचे पृथ्वी के गर्भ में जाता था जिससे हमारा जलस्तर बहुत अच्छा रहता था और वर्ष भर खेती किसानी के लिए प्रचुर मात्रा में पानी उपलब्ध रहता था। जलस्तर बढ़िया हो जाने के बाद भी तालाब में पानी रहता था जिससे हमारे गांव के पालतू जानवर उन तालाबों से पानी पीते थे उन तालाबों में नहाते थे गांव के बच्चे भी तालाब में तैराकी करते थे। एक प्रकार से तालाब मनोरंजन का साधन भी था और उसकी बड़ी उपयोगिता थी। गांव में तालाब में पंपिंग सेट लगाकर भी खेत की सिंचाई की जाती थी। फिर एक समय ऐसा आया सरकार की कुदृष्टि तालाबों पर पड़ी और तालाब सरकारी संपत्ति हो गए। तालाब खुदाई व सुंदरीकरण के नाम पर उन तालाबों पर मनरेगा से किनारे की मिट्टी निकाल कर के उनकी ऊंची ऊंची मेड़बंदी की जाने लगी। मनरेगा से चारों तरफ से तालाब की मेड़बंदी की जाती है सिर्फ दिखावे के लिए एक तरफ पाइप लगाया जाता है कि बरसात का पानी इस पाइप के माध्यम से तालाब में जाएगा लेकिन ऐसा होता नहीं है और तालाब की गहराई नहीं बढ़ाई जाती है और मेड़बंदी से चारों तरफ का पानी अंदर नहीं आ पाता है जिससे हमारा जलस्तर नीचे जा रहा है। अप्रैल मई के माह में जल स्तर इतना नीचे हो जाता है कि खेत सिंचाई के लिए पंपिंग सेट भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दे पाते हैं।

गांव के बच्चे तालाब में तैराकी सीखते थे वह भी नहीं जा सकते हैं। इस योजना में सरकार के धन की नजर लग गई। वहीं तालाब में सिंघाड़ा उत्पन्न करने वाले किसान भी बेरोजगार हो रहे हैं और उनके सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो रही है। सरकार तैराकी को बढ़ावा देने के लिए स्विमिंग पूल बनवाती है जो अमीरों के काम आता है गरीबों को प्रकृति से मिला गांव में तालाब तो वह भी उनसे छीन रही है।



सूखा पड़ा अमृत सरोवर का तालाब। अमृत विचार

- कभी गांव के बच्चों का स्वीमिंग पूल हुआ करते थे तालाब

## दंबगों ने युवक की पिटाई कर वीडियो वायरल किया

**फतेहपुर।** सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो सामने आया है इस वीडियो में एक युवक की कुछ लोग लात घूसों और डंडों से बेरहमी से पिटाई कर रहे है। बताया गया है कि मारपीट करने वाले दबंग लोग युवक को जबरन बाहर ले गए और बंधक बनाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। मारपीट कर रहे लोगों ने वीडियो में पिट रहे युवक की लात घूंसो और डंडों से जमकर पिटाई की। मारपीट करने का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस दौरान युवक दबंगों से हाथ जोड़कर माफी भी मांगता रहा बावजूद इसके दबंगों ने उसे नहीं बख्शा और लगातार उसकी लात घूसों से पिटाई करते रहे। सोशल मीडिया पर डाला गया वीडिया वायरल हो रहा जिसे पुलिस ने संज्ञान में लिया है।

# ससुर खदेरी नदी पर बन रहे पुल का काम रुका

## बारिश के मौसम में दो दर्जन गांवों के लोगों को होगी परेशानी , काम पूरा न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

सवांददाता खागा, फतेहपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के खखरेरु दरियापुर गांव समीप ससुर खदेरी नदी- 2 में पुल का निर्माणकार्य काफी दिनों से ठप है। कार्यदायी संस्था पुल का निर्माण दो सालों से करवा रहीं है। जबकि निर्माण कार्य एक साल में पुरा कराया जाना था। पुल अधर में लटका होने से बारिश के दिनों में आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।



निर्माणधीन पुल का फैला पड़ा सामान। अमृत विचार

- कार्यदायी संस्था पुल का निर्माण दो सालों से करवा रहीं है, एक साल में होना था पूरा
- संस्था के लचर रवैया से दो दर्जन से ज्यादा गांव के लोगों में व्याप्त है रोष

### हर वर्ष बारिश में बाढ़ आने पर लोग नाव के सहारे आते-जाते हैं

दरियापुर गांव से राम प्रसाद होरी लाल रामधनी बब्लु निषाद शिवब्रत निषाद संतोष कुमारए छेदी लाल कल्लू निषाद पप्पू निषाद गुलाब वीरेंद्र संदीप बेनी पालए राम सुमेर पवन कुमार सुरेंद्र कुमार रोशनपुर गांव से छोटे लाल जगत पाल शिव शरन पाल कुंवर पाल राजेश कुमार करन पाल गुड्डू पाल कोट गांव से कमर खान सितवत उल्ला अकरम खान रासिद खान आदि ने बताया हर वर्ष बारिश के समय नदी में बाढ़ आ जाती है जहां लोग नाव का सहारा लेकर उस पार अपने अनेकों कार्यों को पूरा करते है। बारिश के दिनों में स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंचन में आफत रहती। क्षेत्र के ग्रामीणों के बीमार पड़ जाने पर सरकारी एम्बुलेंस पहुंचना दूभर हो जाता। इसलिए निर्माण करा रहीं संस्था को चाहिए की बारिश से पहले पुल का मार्ग दुरुस्त करा अगर यह कार्य सही समय पर नहीं किया गया तो हम सभी गांव वासी इसका विरोध करेंगे फिर मांग पूरी नहीं की गई तो डीएम ऑफिस का घेराव किया जाएगा। संस्था के लचर रवैया से दो दर्जन गांव के लोगों में भारी रोष है। इस पर जेई आशीष सिंह ने बताया की मिट्टी का कार्य को पूरा कर लिया गया है मात्र प्लास्टर बाकी है वो भी दो चार दिनों में कर जाएगा। दस दिनों के अंदर हर हाल में पुल के ऊपर से लोगों का आवागमन जारी करा दिया जायेगा। बारिश की चिंता सभी को है क्षेत्रीय ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े इस पर ध्यान दिया जा रहा कि आवागमन सुचारू हो सके।


### क्या बोले ग्रामीण



दशरथ निषाद निवासी दरियापुर का कहना था की बारिश नजदीक है कार्य करा रहीं संस्था को चाहिए की पुल का कार्य सही समय पर समाप्त करके हम क्षेत्रवासियों को राहत दें ताकि बारिश के समय नदी में आने वाली बाढ़ से निजात मिले।



देवनाथ निषाद निवासी चन्दनमऊ कोट ने बताया की एक मुद्द के बाद हम सभी गांव वासियों को पुल की सौगात मिली है बारिश में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था पर ठेकेदार की मनमानी चल रहीं है तो शायद इस वर्ष भी हमको पुल पर चलना नसीब न हो।



शिवभूषण कुमार निवासी बलवंतपुर बरार का कहना था की पुल का कार्य काफी समय से चल रहा है अब तक इसको बनकर तैयार हो जाना चाहिए था। रास्ता न होने के कारण खखरेरू व खागा जाना हो तो काफी घूमकर जाना पड़ता है।



युवक राम नारायण निवासी चन्दनमऊ कोट का कहना था की स्कूल खुलने जा रहें है और ससुर खदेरी का रास्ता इस वक़्त बद से बत्तर है हम सभी विद्यार्थियों को आने जाने में काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

## ड्यूटी से लौटे होमगार्ड का कुएं में मिला शव

**फतेहपुर।** ड्यूटी समाप्त कर घर पहुंचे 30 वर्षीय होमगार्ड की गांव के समीप ही संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मिट्ठनपुर गांव निवासी कल्लू का पुत्र शिवशंकर उर्फ गोरेलाल पुलिस लाइन में होमगार्ड के पद पर तैनात था। बताते हैं कि शाम छह बजे ड्यूटी समाप्त कर अपने घर पहुंचा और कुछ देर बाद वह किसी काम से बाहर निकला। तभी उसकी संदिग्ध अवस्था में कुएं में गिरकर मौत हो गई। काफी देर बीत जाने पर जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी देर बाद कुएं के समीप मृतक की चप्पल मिली जिस पर झांक कर देखा तो होमगार्ड का शव पड़ा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। गांव में कुएं के बाहर मिली चप्पल को देख लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग दबी जुबान बोल रहे हैं कि हो सकता है होमगार्ड ने आत्महत्या की है।

## सार-संक्षेप

### कान्हा गौशाला व एमआरएफ सेंटर का निर्माण गुणवत्ताविहीन

**धाता, फतेहपुर।** सरकार की प्रमुख योजना मे शुमार गौशाला निर्माण कार्य भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। ताजा मामला नगर पंचायत धाता के आचार्य नरेंद्र देव पूनी का पुरवा में बन रही कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य का है जिसके ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री उपयोग कर गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की खामोशी ठेकेदार की मनमानी को बढ़ावा दे रही। धाता में कान्हा गौशाला निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसके लिए लाखों का बजट आवंटित हुआ है। स्थानीय लोग पहले ही निर्माण को कटघरे में खड़ा कर चुके है। वार्ड नं आठ नरेंद्र देव नगर में पूनी का पुरवाद् के पास लक्ष्मण गौशाला एवं एमआरएफ सेंटर भवन निर्माण कराया जा रहा है। कार्यदायी ठेकेदार द्वारा बालू ईंट एवं सरिया की दोयम दर्जे की सामग्री का प्रयोग कर गुणवत्ता को तार तार कर दिया। घटिया ईट को खपाया जा रहा। इतना ही मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किया जा रहा। पिलर में तीन सूत की सरिया का प्रयोग किया जा रहा है जबकि मजबूती के लिए चार सूत की सरिया का प्रयोग किया जाना चाहिए। खास बात तो यह है कि निर्माणाधीन क्षेत्र में अच्छी किस्म की सामग्री को ढ़ेर लगा मिला लेकिन मंगा कर घटिया सामग्री खपाई जा रही।

### वृद्धा को सर्प ने डसा, मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम यासीनपुर में शुक्रवार की शाम घरेलू काम करते समय 65 वर्षीय वृद्ध महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। यासीनपुर गांव निवासी अच्छन अली की पत्नी जरीना बेगम शुक्रवार की शाम छह बजे घर की साफ-सफाई कर रही थी तभी झाड़ू लगाते समय जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे लेकर पीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकीय उपचार के लिए हालत ठीक न होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां ड्यूटी पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### नहर पुलिया के समीप मिला वृद्ध का शव

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर के समीप नहर पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में 58 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा मिला। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गौंती गांव निवासी स्व. रजाउद्दीन अहमद का पुत्र अंसार अहमद साइकिल से हथगाम धान का बीज लेने गया था। वापस लौटते समय प्रेमनगर नहर पुलिया के समीप वह साइकिल से गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने मृतक को पहचान कर घर वालों को सूचना दे दी। जिस पर रोते बिखलते मौके पर पहुंचे परिजनों ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। परिजनों के अनुसार अंसार अहमद की मौत हो सकता है हार्ट अटैक या लू लगने से हुई है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां गांव निवासी गनेश का 35 वर्षीय पुत्र वीरू व राम आसरे का 30 वर्षीय पुत्र आनंद बाबू बाइक से शहर आ रहे थे। जैसे ही यह लोग चैफेरवा के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के नवइया गांव निवासी कृपाल का 40 वर्षीय पुत्र मोतीलाल हथगाम कस्बा से धान के बीज खरीदकर गांव वापस लौट रहा था। जैसे ही बाइक रजाबाद गांव के समीप पहुंची तभी अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### सरकारी नालियों को सुरक्षित रखने वाला कोई नहीं

**औंग फतेहपुर।** चकबंदी के वक्त फसलों की सिंचाई को खेतों के बीच से नालियां निकालने की जो कवायद की गई थी वो मौजूदा समय में वजूद खो चुकी है। अकेले राजस्व विभाग के कागज में जरूर यह नालियां, सिंचाई का पानी उपलब्ध करा रहीं हैं। यह हालात इसलिए बने क्योंकि लाखों हेक्टेयर सुरक्षित की गई नाली बनाने वाली जमीन को किसान, अपने अपने खेत पर मिलाते गए। जिससे सिंचाई के लिए किसानों को महंगे जींस का इंतजाम करना पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई की समस्या को देखते हुए खेतों के बीच नालियों की उत्तम व्यवस्था की गई थी। जिसमें मलवां विकास खण्ड के ग्राम औंग में कुल गाटा नम्बर 41 के रकबा 1.254 हेक्टेयर भूमि नालियों के नाम सुरक्षित की गई थी। इस सुरक्षित जमीन से करीब 250 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होने का अनुमान लगाया गया था लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। कहने को तो राजस्व विभाग के अभिलेख में खेत के बीच से निकली नालियां अभी भी अपना काम कर रही हैं जबकि हकीकत में इन नालियों को कोई वजूद नहीं देखने को नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि मौजूदा वक्त इस व्यवस्था से औंग ग्राम पंचायत में एक हेक्टेयर भी सिंचाई का काम नहीं हो पा रहा है। जिसका खामियाजा अन्नदाताओं को सिंचाई के लिए जींस के खर्च का झटका भी महसूस करना पड़ रहा है।

# पानी की समस्या से सार्वजनिक शौचालय हुए अनुपयोगी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय तोहफा, पानी के कारण भी अनुपयोगी बना नजर आ रहा है। शौच क्रिया में पानी खर्च करने का एक लोटा का बाबा आदम जमाने का मानक, जिस तरह अभी भी हरेक उम्र के हाथ में सुबह व शाम साक्ष्य के रूप में नजर आ रहा है। उससे घर घर शौचालय की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक तो वैसे ही पानी को लेकर हायतौबा मची रहती है। उस पर शौचालय इस कदर पानी लगता है कि आकस्मिक परिस्थितियों को छोड़कर कोई भी इनका इस्तेमाल नहीं करना चाहता है।

पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर इज्जतघर उपलब्ध कराने का जो प्रयास किया। बेशक, वह हरेक चौखट पर लगभग दिखाई दे रहा है। यह दीगर बात है कि जिस मकसद के लिए 12-12 हजार रुपये प्रति शौचालय लागत खर्च कर यह निर्मित कराए गए। उसका इस्तेमाल गाहे बगाहे किया जा रहा है। यह काम अकेले पुरुष या बच्चे ही नहीं कर रहे हैं। बल्कि तमाम महिलाएं, शौचालय की सुविधा के बाद भी खुले का रुख करती हैं। यह किसी एक ब्लाक के एक गांव की आधी आबादी से जुड़ी न होकर लगभग हरेक गांव से वास्ता रखने वाली सच्चाई है। कहने को तो निर्माण के बाद इनके उपयोग को लेकर स्वेच्छाग्राही नियुक्त किए गए। स्कूल के बच्चों को इस मुहिम का हिस्सा बनाया गया लेकिन जिस तरह की संभावना के साथ इस इज्जतघर का तोहफा बांटा गया। पर इसका उपयोग नहीं हो रहा है।



बंद पड़ा सार्वजनिक शौचालय । अमृत विचार

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिए गए शौचालय का एक यह भी सच

"साफ सफाई की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जनता को शौचालय का प्रयोग करना चाहिए। शौचालय से कई फायदे हैं। पानी के लिए इनके इस्तेमाल से बचना, कतई बुद्धिमानी नहीं है।

–उपेंद्र राज सिंह, डीपीआरओ

### पानी की समस्या के चलते बाहर जाने की है मजबूरी

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित किए गए शौचालय के इस्तेमाल में इस लिए कोताही बरती जा रही है क्योंकि उनका यूज करने पर एक बार में ही करीब दो बाल्टी पानी खर्च होता है। वहीं खुले में शौच जाने को महत एक लोटा पानी से काम चल जाता है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 40 फीसदी लाभार्थी, पानी की ज्यादा होने वाली खपत के कारण खुले में अभी भी जाना पसंद करते हैं। इस योजना के एक परिवार का लाभार्थी का कहना है कि यकीनन, योजना बहुत अच्छी है लेकिन पानी की समस्या के कारण इसका उपयोग करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। ना चाहकर भी जंगल का रुख करना पड़ता है।



ब्रुक इंडिया द्वारा मनाया जाता फाउंडेशन दिवस। अमृत विचार

## ब्रुक इंडिया फतेहपुर ने मनाया स्थापना दिवस

**फतेहपुर।** ब्रुक इंडिया द्वारा संचालित अश्वकल्यान कार्यक्रम फतेहपुर के अंतर्गत ग्राम बकंधा में ब्रुक इंडिया का 25वां फाउंडेशन दिवस मनाया गया। जिसमें परियोजना के अलग-अलग गांव से अश्वपालको, समूह के पदाधिकारी, समिति के पदाधिकारी और सदस्य, सीआरपी आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के अधिकारी इजहार अहमद उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को लेबर कार्ड की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और लेबर कार्ड की योजना के आवेदन प्रक्रिया के बारे में समझाया। पशु अस्पताल संगांव से पशुधन विकास अधिकारी रश्मि उपस्थित रहीं जिन्होंने पशुओं से संबंधित होने वाली बीमारी सर्रा, कोलिक, बबेसिया, टिटनेस आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की तथा उनके बीमारी से बचने के उपाय बताएं। कार्यक्रम के दौरान पशु स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें इमरजेंसी वेटरनरी मोबाइल यूनिट 1962 से डॉक्टर सत्यप्रकाश उपस्थित रहे।

इसके साथ ही पशु मालिकों को घोड़े की कीड़े की दवा, मिनरल मिक्चर वितरित किया गया साथ ही घोड़े को टीटी टीकाकारण कराया गया। इस अवसर पर ब्रुक इंडिया द्वारा घोड़े के साज सामग्री भी पशु मालिकों को वितरित की गई।

# समस्या : बिंदकी में जाम से रोज परेशान हो रहे हैं लोग

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** दशक भर पहले मिले बाईपास रूपी तोहफा के वजूद में न होने से जिले की सबसे बड़ी व्यावसायिक नगरी बिन्दकी की जनता, जाम की समस्या से जूझ रही है। तमाम कवायद के बावजूद प्रशासन का इस बाईपास के संचालन पर बस नहीं चल पा रहा है। हाल यह है कि सत्ता बदल रही है। चुनाव के दौरान इसे चालू कराए जाने के दम भरे जाते हैं लेकिन हकीकत में जरा भी बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है।

पुरानी बिंदकी से जयगुरू देव मंदिर तक पांच किलोमीटर की दूरी पर इस बाईपास के निर्माण की हरी झंडी बसपा शासन में मिली थी। बसपा सरकार के कद्दावर मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी की पहल पर तत्कालीन सीएम मायावती ने यह सौगात व्यावसायिक नगरी को सौंपी थी। जिस पर काम शुरू होने में देर हुई। वर्ष 2011 में यह बाईपास बन गया लेकिन डेढ़ सौ मीटर के दायरे की जमीन अधिग्रहीत न होने के कारण पीडब्लूडी विभाग इसे चालू कराने में नाकाम रहा। हालात यह है कि गैर अधिग्रहीत इस जमीन का मामला हाईकोर्ट में लंबित है। नतीजा, बाईपास रूपी यह तोहफा अभी तक अधूरा पड़ा है। साप्ताहिक बाजार दिवस पर बिंदकी में चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। नगर के अंदर सुबह से शाम तक दिन भर जाम की स्थिति रहती है। जिससे लोगों को वाहन लेकर निकलना तो दूर पैदल चलना तक कठिन साबित हो रहा है। अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं कभी-कभी तो दुर्घटनाओं के कारण लोग मौत का शिकार भी हो जाते हैं, लेकिन अधूरों प्रोजेक्ट को सालों बाद पूरा नहीं किया जा सका।

### जमीन की दर तय न करना बना है वजह

बाईपास के निर्माण में महज कुछ किसानों ने जमीन की कीमत वाजिब ना देने की बात कहर कर हाथ खड़े कर लिये थे। वहीं पीडब्लूडी विभाग न रूरल की मान रहा था और न ही अरबन की। ऐसे में यह किसान हाईकोर्ट चले गए। यह दीगर बात रही कि इसके बावजूद संबंधित विभाग ने बगैर किसी करार के छह किसानों की जमीन से सड़क निकाल दी।

## संदिग्ध हालात में वृद्धा ने खाया जहर, मौत

**फतेहपुर।** हथगाम कस्बा में शनिवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में 70 वर्षीय वृद्ध महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव लेकर वापस घर चले गए।

जानकारी के अनुसार हथगाम कस्बा निवासी रविशंकर की पत्नी मालती देवी ने शनिवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस घर चले गए।

# दशक गुजरा पर नहीं बस सका ट्रांसपोर्ट नगर

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** कानपुर व प्रयागराज के बीच बसे फतेहपुर में ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बस पाया। लगभग दशक भर पहले ट्रांसपोर्टरों के लिए मुफीद ठिकाना न केवल खोज निकाला जा चुका है बल्कि निकाय से लेकर प्रशासन स्तर पर ट्रांसपोर्ट नगर को आबाद करने के प्रयास हो चुके हैं। नतीजा, ज्वालागंज बस स्टाप एरिया में जाम की समस्या बरकरार है। ट्रांसपोर्टर की गाड़ियां पटरियों पर खड़ी होने के कारण यह राह पैदल निकलना दूभर बना है।

सदर नगर पालिका क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के पास ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जमीन एलाट की थी। जिस पर इस ठिकाने पर 48 दुकानें पूरी तरह से बनकर तैयार हो गई थीं। 10 दुकानें अर्धनिर्मित थीं। प्रशासन ने शहर के बीच से ट्रांसपोर्ट चलाने वाले कारोबारियों को इस ठिकाने पर पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन ट्रांसपोर्टर सुविधाओं का हवाला देकर वहां जाने को तैयार नहीं हुए। हालांकि प्रशासनिक कवायद कई बार चली लेकिन इसका भी हश्र मुराइनटोला में प्रशासक काल में बनी नवीन सब्जी मंडी जैसा ही हश्र हुआ। हाल यह है कि शहर के ज्वालागंज, देवीगंज, शांतीनगर, बांदा सागर मार्ग स्थानों पर ट्रांसपोर्टर अपना व्यवसाय करते हैं। इससे मार्गों में ट्रकों व अन्य वाहनों के खड़े हो जाने से जाम की समस्या बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना शांतीनगर की राह चलने पर उठानी पड़ रही है क्योंकि यहीं पर रोडवेज की बसें भी पटरी का हिस्सा बनी नजर आती हैं।



ट्रांसपोर्टर की गाड़ियां पटरियों पर खड़ी होने के कारण लगता है जाम।

"ट्रांसपोर्ट नगर शुरू करने के लिए कई बार जिलाधिकारी और नगर पालिका प्रशासन से मिल चुके हैं। सड़क किनारे वाहनों के खड़े रहने से जुर्माना देना पड़ता है। व्यापारियों का नुकसान होता है। प्रशासन की अनदेखी से ट्रांसपोर्टरों को किराए पर दुकान लेकर काम करना पड़ रहा है।

–दीपचंद्र शुक्ला, अध्यक्ष, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

- शांतीनगर रोड में ट्रांसपोर्टरों के जमघट समेत रोडवेज बसें खड़ी होने से आवागमन बाधित

### निकाय की आमदनी में हो सकती है बढ़ोतरी

अगर सुविधापरक माहौल देकर ट्रांसपोर्ट नगर का संचालन चालू हो जाए तो तो टैक्स के रूप में नगर पालिका को अच्छी खासी आमदनी हो सकती है। इसके बावजूद न तो निकाय स्तर पर इस तरफ ध्यान दिया जा रहा है और न ही प्रशासन ही ट्रांसपोर्टरों को एक प्लेटफार्म पर टिकाने की कवायद करता नजर आ रहा है।

खतरनाक

लेजर लाइट से छोटे वाहन सवारों की चौंधिया जाती हैं आंखें, इसके चलते हो रही हैं दुर्घटनाएं

# दूसरों को खतरे में डाल रहे हैं हाईबीम व लेजर लाइट

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** मोटर वाहन एक्ट के तहत गाड़ियों में लगकर आने वाले हेड लाइट की सेफ्टी क्लिप हटाकर हाईबीम व लेजर लाइट लगवाने का चलन खतरनाक बनता जा रहा है। इससे इन लाइट्स का इस्तेमाल करने वाले की तो राह आसान हो जाती है लेकिन सामने वाले मुसीबत में पड़ जाते हैं। रात के वक्त होने वाले ज्यादातर सड़क हादसों के लिए यह लाइट्स जान की मुसीबत बनकर उभर कर रही हैं।

मौजूदा वक्त में बहुतायत लग्जरी वाहन में इस तरह की लाइट्स का प्रयोग किया जा रहा है। यह हाईबीम व लेजर लाइट, छोटे वाहनों के लिए हादसों का कारण बन रहीं हैं। लोग अपने वाहन में फॉग जैसी अतिरिक्त लाइट या खास किस्म का बल्ब लगाते हैं। इसकी तेज रोशनी सामने से आ रही कार, बाइक, ऑटो, ट्रैक्टर और साइकिल वालों की आंख पर पड़ते ही चालक की आंखें चौंधिया जाती हैं। इससे वे हादसों के शिकार हो जाते हैं। रात के वक्त यह खतरा और भी बढ़ जाता है। सबसे ज्यादा खतरा दो पहिया वाहन पर रहता है।

नेशनल हाईवे में दो पहिया वाहन के हादसाग्रस्त होने का यह बड़ा कारण बनकर उभर रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक रात में एक तिहायी से ज्यादा हादसे, इन्हीं लाइट्स की वजह से हो रहे हैं। जिसमें किसी का बेटा छिन रहा है तो किसी का पति। कहने को ऐसी लाइट, परिवहन नियमों के खिलाफ हैं। मोटर वाहन एक्ट के तहत कंपनी से हेड लाइट लगी होती है। जिसकी सेफ्टी क्लिप हटाकर अपने तरह से लाइट और बल्ब लगवाकर राह में खतरे की रफ्तार लगाई जा रही है।



बिना सेफ्टी क्लिप के गाड़ियों में लगीं लाईट। अमृत विचार

### चालक का शौक, दूसरे की जान जोखिम में

इन लाइट्स के कारण जब तब सड़क हादसों की बात सामने आ रही है। खासकर रात में दो पहिया का तो सफर काफी दुरह बनता जा रहा है क्योंकि नेशनल हाईवे ही नहीं संपर्क मार्ग तक में हाईबीम व लेजर लाइट की चमक बिखरते हुए फर्राटा भरा जा रहा है। इससे कंपनी की हेड लाइट की रोशनी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### हाईबीम साबित हुई खतरनाक

हाईबीम यानी ऊपर की लाइट सामने वाले छोटे वाहन चालकों को काफी परेशान करती है। इसलिए जब हाईवे या एक्सप्रेस वे पर रात में सफर कर रहे हों, तभी कार में हाई बीम लाइट का प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि हाईवे और एक्सप्रेस वे पर सामने से आने वाला वाहन डिवाइडर के दूसरी ओर चल रहे होते हैं। ऐसे में किसी दूसरे को ड्राइविंग के दौरान परेशानी नहीं होती। जब आप सिंगल रोड या भीड़भाड़ वाली जगह पर ड्राइविंग कर रहे हों तो लो बीम प्रयोग करना चाहिए जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक की आंखों पर तेज रोशनी का असर नहीं होता और उसे संभलने का पूरा मौका मिलता है।

# सब्जी फसल को नुकसान पहुंचा रही गर्मी

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सब्जियों में लग रहे कीड़े से किसानों को सब्जी की फसलों का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है, इससे किसानों की लागत भी नहीं निकल रही है। जिससे किसानों को मुनाफा की जगह घाटा हो रहा है। उधर लू और धूप से सब्ज़ी की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है।

टमाटर, भिंडी, तुरई, मिर्च, कद्दू, लौकी, पालक, बैगन, करेला, धनिया, ककड़ी, खीरा, खरबूजा, आम, जामफल, जामुन, नीबू की गर्मी में डिमांड ज्यादा रहती है तो गर्मी की वजह से इनके भी उत्पादन में कमी आई है।

गर्मियों के मौसम में किसानों को सब्जियों की फसल की चिंता सताने लगी। छोटे-छोटे पौधों में तरह-तरह के कीट लगने से सब्जियों की पैदावार में कमी आई है। लू और धूप से फसलों को काफी नुकसान पंहुचा है। इससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो खेती किसान फायदे के लिए कर रहा था वही खेती उसके लिए नुकसान का पर्याय बन चुकी है। किसानों का कहना हैं कि इस समय बैगन, तोरई, भिंडी लौकी टमाटर और गोभी की सब्जियां उगाई है और बाजार में सब्जियों की मांग भी बनी हुई है, लेकिन सब्जियों में लगे कीड़ों की वजह से सब्जियां खराब हो रही है। किसानों ने बताया कि सब्जियों के पकने से पहले ही कीड़े और झिगुर पत्तों को कुतर रहे हैं साथ ही बाकी बची सब्जियों के अंदर कीड़े लग गए, टमाटर, भिंडी, तुरई, मिर्च, कद्दू, लौकी, पालक, बैगन, खीरा, खरबूजे में कीड़े लग रहे हैं।

- सड़ रहा टमाटर तो भिंडी में लग रहा कीड़ा, किसान हो रहे परेशान

### कीड़े मारने को कॉपर आक्सीक्लोराइड का करें स्प्रे

गर्मी के मौसम में तापमान की बढ़ोतरी के कारण के भिंडी, कद्दुवर्गीय सब्जी, टिंडा, लौकी, ककड़ी एवं खीरा में रस चूसने वाले कीट, हरातेला कीट, सफेद मंशी कीट का प्रकोप तेजी बढ रहा है। जिससे किसान काफी परेशान है। कृषि अधिकारियों ने किसानों को कीट के प्रकोप से बचाव के लिए इमिडाक्लोप्रिड आधा मिली लीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव की सलाह दी गई है। कृषि अधिकारी ने टिंडा तथा लौकी में लगे रोग नियंत्रण के लिए कार्बेंडाजिम 2 ग्राम प्रति लीटर एवं झुलसा रोग की रोकथाम के लिए कॉपर आक्सीक्लोराइड दवा के उपयोग की विधि बताई है। इसके साथ ही सब्जी की फसलों को लू से बचाने के लिए शाम को या फिर रात में पानी जरूर दें।

## एक नजर

### तार पर चढ़े बालक की गिरकर मौत

**कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के गांव हरिजन पुरवा के निकट हाईटेंशन लाइन मशीनों द्वारा खींची जा रही थी। इसी दौरान 12 वर्षीय किशोर दीपक कुमार पुत्र संजू तार पकड़कर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह काफी ऊंचाई तक पहुंच गया। अधिक ऊंचाई पर पहुंचने पर उसके हाथ से तार छूट गया। वह करीब 20 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गये जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### साइकिल चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**सौरिख-कन्नौज।** नगर के सदर बाजार निवासी कृष्णपाल सिंह पुत्र यशपाल सिंह शनिवार की सुबह कस्बे में स्थित प्रेम गुप्ता की दुकान के बगल में साइकिल खड़ी करके कटिंग कराने के लिए गया था। कटिंग करा कर उतरा तो साइकिल गायब थी। दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो पाया कि सफेद शर्ट पहने एक युवक साइकिल चोरी कर ले जा रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी में कम दहेज मिलने को लेकर पति सहित ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया और घर से निकाल दिया। ग्राम तेराबबू निवासी रुचि ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पहले थाना ठठिया के ग्राम पनेरपुरवा निवासी शिबू के साथ हुई थी। शादी के बाद पति शिबू, ननद कल्पना, सास ने कम दहेज को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। पति सहित ससुरालियों ने सात जून को मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# ढाई महीने के बाद थाना समाधान दिवस, 36 फरियादी ही पहुंचे

## आचार संहिता हटने के बाद आयोजन, जानकारी न होने से पहुंचे कम फरियादी



तिर्वा कोतवाली में रजिस्टर देखते एसपी अमित कुमार आनंद। अमृत विचार



गुरसहायगंज में शिकायतें सुनते एसडीएम उमाकांत तिवारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता हटने के बाद पहला थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया तो कम संख्या में फरियादी पहुंचे। ऐसे में अफसर भी दिन भर खाली बैठे रहे। जिले के सभी थानों में 36 फरियादी आए, जिनमें 22 को समाधान दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन कर दिया गया।

शनिवार को सदर कोतवाली में एसडीएम अविनाश कुमार गौतम व प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। दोपहर एक बजे तक जब फरियादी नहीं आए तो दोनों अधिकारी भी चले गए। इस दौरान केवल दो शिकायतें आईं थीं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस तरह गुरसहायगंज कोतवाली में दो शिकायतों में से एक का निस्तारण किया गया तो तालग्राम थाने में केवल एक फरियादी ही पहुंचा। तिर्वा कोतवाली में एसपी अमित कुमार आनंद पहुंचे थे, वहां पांच शिकायतें दर्ज की गईं और सभी का निस्तारण कर दिया गया। ठठिया में छह, इंदरगढ़ में तीन, छिबरामऊ में चार, सौरिख में पांच, विशुनगढ़ में एक व सकरावा में चार फरियादी पहुंचे। जिले में 36 शिकायतों में 22 का निस्तारण करा दिया गया।

### लेखपालों ने किया समाधान दिवस का विरोध

**तिर्वा, कन्नौज।** एसडीएम अशोक कुमार द्वारा दो लेखपालों के निलंबन के विरोध में लेखपालों ने थाना समाधान दिवस का बहिष्कार कर दिया। लेखपाल पहले से ही काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध कर रहे हैं। यदि एसडीएम ने 10 जून तक लेखपालों पर की गई कार्रवाई को वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा और अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। लेखपाल कोतवाली में काली पट्टी बांधकर बैठे रहे और एसपी के अपने आंदोलन के बारे में जानकारी दी। एसपी ने कोतवाली के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया।

## शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना निस्तारण फर्जी

- दो शिकायतें आईं, मौके पर ही निस्तारण किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे एसडीएम उमाकांत तिवारी ने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना किया गया निस्तारण फर्जी होता है। इसलिए राजस्व व पुलिस अधिकारी मौके पर जाकर दोनों पक्षों के सामने निस्तारण कराएं और शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही निस्तारण दाखिल करें। इस दौरान दो शिकायतें आईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक विनय शर्मा, रामाश्रम चौकी प्रभारी चन्द्रभान सिंह, नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे। वहीं, थाना तालग्राम में थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने शिकायतें सुनीं। एक शिकायत आई, जिसका निस्तारण करा दिया गया।

### भूमि विवाद में सात लोग घायल आठ पर रिपोर्ट

**तालग्राम, कन्नौज।** बाग के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में गालीगलौज के बाद जमकर संघर्ष हुआ। इसमें सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। महिला सहित चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ग्राम रोहली में आम के बाग के बंटवारे को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों के बीच गालीगलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष से जनवेश यादव (46), श्याम सिंह यादव (50), ध्यान सिंह यादव (50) व उनका पुत्र अनुज यादव (24) घायल हो गया। जबकि दूसरे पक्ष से निखिल यादव (18), अंकित यादव (27), पप्पी देवी (45) घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से पप्पी देवी, अंकित, रामपाल यादव, जनवेश यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मामले में जनवेश यादव ने अंकित यादव, जयकिशन यादव, अनिल यादव, निखिल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष से अंकित यादव ने जनवेश यादव, अनुज यादव, ध्यान सिंह यादव, सोहन यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी किशनवीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



नई कार्यकारिणी में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष बने साहिल सिंह राठौर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बीते कुछ समय से भंग चल रही भारतीय हलधर किसान यूनियन की कार्यकारिणी का राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष सोनू सिंह सिकरवार ने पुन ःगठन कर दिया है। साहिल सिंह राठौर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यूनियन के प्रदेश मुख्य सचिव राजेश सिंह सिसोदिया फौजी के कहने पर प्रदेश अध्यक्ष ने संजय राजपूत क़ो तहसील अध्यक्ष तिर्वा, आदर्श कुशवाह क़ो तहसील सचिव तिर्वा, टिंकू सिंह भदौरिया क़ो ब्लाक अध्यक्ष छिबरामऊ और शिव प्रताप सिंह को सक्रिय सदस्य नियुक्त किया है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ किसानों क़ो फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेश सचिव गीतम सिंह राजपूत, कानपुर मंडल सचिव जितेंद्र सिंह चौहान, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह राठौर, मोहित सिंह चौहान एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### घर के अंदर युवक की मौत, बदबू आने पर हुई जानकारी

**छिबरामऊ-कन्नौज।** पांच दिन से बंद मोहल्ला छपट्टी स्थित घर से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने यहां रहने वाले युवक के भाई को सूचना दी। वह आया किसी तरह से घर को खोलकर देखा तो युवक का शव पड़ा सड़ रहा था। घटना की जानकारी होते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला छपट्टी निवासी रामदास शाक्य पुत्र स्व. रामू शाक्य तीन वर्षों से घर में अकेले रहता था। वह शादी-बारातों में खाना बनाने का कार्य करके जीवन यापन कर रहा था। पिछले करीब पांच दिन से वह घर से बाहर नहीं निकला। उसके घर के पास से आने जाने पर पड़ोसियों को बदबू लगने लगी, लेकिन किसी ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। शनिवार सुबह बदबू ज्यादा लगने पर पड़ोसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रामदास के भाई कन्हैया को घर से बदबू आने की जानकारी देकर बुला लिया। उसकी मदद से अंदर से बंद दरवाजे की कुंडी किसी प्रकार खोलकर घर के अंदर गये तो रामदास का शव पड़ा सड़ रहा था। पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।



खड़नी चौकी पर खड़े डंपर। अमृत विचार

### खनन अधिकारी ने तीन डंपर किये सीज

**सौरिख-कन्नौज।** शासन के निर्देश पर खनन अधिकारी ने ओवरलोड डंपर सीज कर थाने में खड़े करा दिये। शनिवार सुबह पांच बजे बिधूना रोड पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के अंडरपास के समीप खनन अधिकारी सन्देश पटेल ने शासन के निर्देश पर ओवर लोड वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान तीन डंपरों में गिट्टी ओवरलोड होने पर कार्रवाई करते हुये सीज कर थाने खड़ा करा दिया।

खनन अधिकारी कहा कि ओवरलोड वाहन किसी कीमत पर चलने नहीं दिये जायेंगे। खनन माफिया अगर खनन करते हुये पकड़े जाते हैं उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी से छेड़छाड़, जानलेवा हमले के आरोपी फरार

**छिबरामऊ-कन्नौज।** दबंग युवकों द्वारा किशोरी से छेड़छाड़ और विरोध पर उसके ताऊ के घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी अब तक फरार हैं। घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिजनों ने तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उनकी 15 वर्षीय पुत्री ताऊ के घर जा रही थी। रास्ते में गांव के ही निजाम, मुजामिल व अयान ने उसे पकड़ लिया और मुंह बंद कर जबरिया एक घर में खींच ले गए। छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। किसी तरह वह छूटकर ताऊ के घर पहुंच गई। आरोपी भी पीछा करते हुए घर के अंदर घुस आए और किशोरी के साथ मारपीट करते हुए उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर बेहोश हो गई। शोरगुल सुनकर घर की महिलाएं आ गई। विवाद के दौरान किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गांव के लोगों की भीड़ बढ़ते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की और पुलिस ने किशोरी को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### भाजपा नेत्री के घर के बाहर फायरिंग में गिरफ्तारी नहीं

**छिबरामऊ-कन्नौज।** सपा की जीत पर ग्राम कल्यानपुर में भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री के घर के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉली में डीजे बजाने और विरोध पर फायरिंग के मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनकी तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार देर रात पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर की प्रधान व भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात लगभग 10 बजे गांव के शिवम यादव, मेजर यादव, जीतू यादव, आर्यन यादव व ऋषि यादव ट्रैक्टर-ट्रॉली में डीजे लादकर गांव में घूम रहे थे। उनके दरवाजे से होकर गुजरने पर इन लोगों ने दो बार असलहों से फायरिंग की। विरोध करने पर पथराव करते हुए दरवाजे पर चढ़ आए। जान बचाकर घर के अंदर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और डीजे लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर कोतवाली ले गई। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने पांचों पर संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरी तरफ से गांव के ही सपा नेता रामरहीश ने भी मामले की शिकायत पुलिस से की है। प्रकरण में अभी तक पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।



इंदुईयागंज उपकेंद्र पर फीता काटते जेई विकास कुमार। अमृत विचार

## पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर चालू, आपूर्ति सुधरेगी

- इंदुईयागंज उपकेंद्र से जुड़े समधन, इस्माईलपुर व अन्य ग्रामों को राहत

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** लंबे समय से बिजली संकट से जूझ रहे नगर व क्षेत्र वासियों को इंदुईयागंज विद्युत उपकेंद्र में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर चालू होने से राहत मिली है। समधन, इस्माइलपुर सहित कई गांवों को यहां से जोड़ दिया गया। इससे गुरसहायगंज उपकेंद्र पर लोड कम हो गया। इससे निर्बाध आपूर्ति और ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी।

शनिवार को विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही व अवर अभियंता विकास कुमार ने समधन व स्थानीय लोगों के साथ ट्रांसफार्मर व मशीनों की पूजा अर्चना की। इस के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया।

एसडीओ ने बताया कि टेस्टिंग व इंस्टालेशन के बाद ट्रांसफार्मर चालू कर दिया गया है। यहां से कस्बा समधन, इस्माइलपुर, खाड़ेदेवर, रिहुआ, संतोखा सहित नलकूपों को बिजली दी जाएगी।

गुरसहायगंज से जुड़े समधन व इस्माइलपुर फीडर हटने से नगर के उपकेंद्र पर लोड कम होगा। किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। समधन, इस्माइलपुर आदि ग्रामों के लोगों ने एसडीओ व जेई को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान सैयद उसैव अहमद, रफी अनवर, गुफरान सिद्दीकी, बिजली विभाग के जेई मीटर आशीष कुमार, अनिल कुमार, लाइनमैन संजय सिंह, जावेद खान, प्रमोद कुमार, सचिन सोलंकी, नितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### होमगार्ड पर भाई ने डाला तेजाब

**सौरिख-कन्नौज।** जमीन बेचने से नाराज भाई ने होमगार्ड पर तेजाब डालकर घायल कर दिया।

नगर के शंकरपुर रोड निवासी विजेंद्र पुत्र अलगरज सिंह थाना सौरिख में होमगार्ड के पद पर तैनात है। शुक्रवार रात में सदर बाजार में ड्यूटी कर सुबह अपने मकान पर जा रहा था। तभी उसके छोटे भाई भान सिंह ने उस पर तेजाब डाल दिया और मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों भाइयों के पास चार बिसवा जमीन थी। भान सिंह दिल्ली में नौकरी करता है। उसकी गैर मौजूदगी में भाई ने उसे मृत दिखाकर जमीन बेच दी।

## ट्रक पलटा, चलती कार में लगी आग

- यूपीडा के कर्मियों ने राहत कार्य कर वाहनों को हटाया
- घायल चालक व हेल्पर को अस्पताल में कराया गया भर्ती

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज,

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अलग-अलग हुई दुर्घटनाओं में जहां एक ट्रक पलट गया तो दूसरा भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक चालक व हेल्पर घायल हो गए। इस के अलावा चलती कार में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने राहत कार्य कर वाहनों को हटवाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रतापगढ़ के सदर बाजार रामचरण रोड निवासी कपिल देव केसरवानी कार लेकर लखनऊ से आगरा जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी नीलिमा केसरवानी, पुत्र प्रियांशु व सारांश भी सवार थे। शुक्रवार की रात एक्सप्रेस-वे के किमी 165 के निकट चलती कार के इंजन में अचानक आग लग गई। कार में धुआं उठता देखकर कपिल देव ने कार को सड़क किनारे खड़ा कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने पानी टैंकर से आग पर काबू पाया। इसी तरह जालौन के थाना चूरखी ग्राम नूरपुर निवासी शिवम ट्रक में केला लादकर महाराष्ट्र से लखनऊ जा रहा था। शनिवार की सुबह ग्राम मछिया गांव के सामने चालक को नींद आ गई और ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे चालक घायल हो गया। दूसरी गाड़ी में केला लादकर ट्रक को हटवाया गया। इसी प्रकार एटा के ग्राम जेठ निवासी चालक प्रवीण ट्रक में चावल लादकर लखनऊ जा रहा था। किमी 172 के निकट आगे चल रहे अज्ञात वाहन में ट्रक की टक्कर लग गई। हादसे में ट्रक का हेल्पर अशोक पुत्र राजपाल घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायल चालक को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## सड़क हादसों में किसान की मौत, 5 घायल

संवाददाता, छिबरामऊ




- विशुनगढ़ के वनखंडेश्वरनाथ मंदिर के पास हादसा बाइक-साइकिल की भिड़ंत
- काली नदी पुल पर कार ने मोपेड को मार दी टक्कर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में किसान की मौत हो गई जबकि तीन बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

थाना विशुनगढ़ के कमलपुर नगरिया गांव निवासी जदुनाथ सिंह किसान था। शुक्रवार को वह साइकिल से खेतों की तरफ जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे बाइक सवार नंदपुर गांव निवासी दिलीप ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस कर्मियों ने दोनों को नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने जदुनाथ को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर घायल दिलीप को डॉ भीमराव अंबेडकर राम जी तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

दूसरी घटना फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी पुल पर हुई जिसमें कार सामने से आ रही मोपेड से टकरा गई। फर्रुखाबाद जिले के बंथल शाहपुर निवासी अनुज अपनी बहन सीता निवासी धोवा थाना एलाऊ जनपद मैनपुरी को बुलाने गया था। शनिवार दोपहर 12 बजे अनुज मोपेड से बहन व उसके बच्चों अंशिका, नव्या व रिषभ के साथ घर लौट रहा था। फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी पुल पर पहुंचे ही थे, तभी सामने से आई तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मोपेड से टकरा गई। हादसे में मोपेड सवार पांचों लोग घायल हो गए।

### मारपीट में मां-बेटा सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच गालीगलौज के बाद लाठी-डंडे चले। इसमें मां-बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए।

ग्राम विशंभरपुर निवासी रजनी देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि भूमि विवाद को लेकर गांव के अमित, राम गोपाल, रेशमा व संतोषी सात जून को दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से रेशमा देवी ने बताया कि गांव के सोबरन सिंह, बृजेश, रिंकू व अमन ने उसे व पुत्र अमित को मारपीट कर घायल कर दिया।

माहौल बिगाड़ रहे | इंस्टाग्राम एकाउंट पर समाज विशेष एवं धार्मिक भावनाओं को आहत किया

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाला दबोचा गया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** साइबर थाना व गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर सामाजिक व धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास करने का प्रयास करने वाले को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय में शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी धर्मेन्द्र कौशल पुत्र शम्भूदयाल गुप्ता ने फैसल खान व अयान खान के खिलाफ तहरीर दी थी।

आरोप लगाया था कि इन लोगों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एकाउंट पर समाज विशेष एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से सामाजिक व जाति सूचक वैश्य समाज के प्रति आपत्तिजनक पोस्ट की थी। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।



पुलिस कार्यालय में जानकारी देते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### भड़काऊ पोस्ट पर भाजपाइयों ने घेरा था थाना

**कन्नौज।** सिर कलम करने संबंधी भड़काऊ पोस्ट को लेकर शुक्रवार को धर्मेन्द्र कौशल कई भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गुरसहायगंज कोतवाली पहुंचे थे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र दिया था। इस के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की था। इसके बाद साइबर थाना ने इंस्टाग्राम से संबंधित आईडी के बारे में सूचना एकत्रित की जिससे अयान खान पुत्र नईम खान निवासी मोहल्ला दारासराय, समधन थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज का नाम प्रकाश में आया। गुरसहायगंज कोतवाली के दरोगा रोबिन सिंह, सिपाही नीरज कुमार, कौशल कुमार ने आरोपी अयान को समधन अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी से एक मोबाइल फोन रियलमी बरामद हुआ। चेक किया गया तो उसमें junai.d9544 नाम का इंस्टाग्राम एकाउंट संचालित मिला। एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अयान ने बताया कि यह आईडी उसी ने बनाई हैं और दोनों को चलाता है।

चार जून को उसने अपने इसी एकाउंट पर वैश्य समाज के खिलाफ अभद्र व धमकी भरी टिप्पणी लिखकर पोस्ट किया था। प्रोफाइल फोटो के बारे मे पूछा गया तो बताया कि उसने इंटरनेट पर सर्च करके एक व्यक्ति की फोटो डाउनलोड किया था जिसका चेहरा मोबाइल फोन से ढका था उसी फोटो को प्रोफाइल पर लगा दिया था।

**लोगों का आक्रोश देख हटा दी थी फोटो :** भड़काऊ पोस्ट पर जब गुरसहायगंज क्षेत्र की जनता के आक्रोश की जानकारी मिलने के बाद उसने इंस्टाग्राम से भड़काऊ पोस्ट व फोटो को हटा दिया था। उसके स्थान पर दूसरी अन्य फोटो लगा ली। तब तक वह वायरल हो चुकी थी।

# तहसील प्रशासन ने अधबने मकान पर बुलडोजर चलवाया, धक्का-मुक्की

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव के बाहर मकान निर्माण की जानकारी पर पुलिस बल के साथ पहुंचे तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर अधबने भवन को गिरा दिया। इस दौरान महिलाओं की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई।

थाना इंदरगढ़ के खेमपुर्वा गांव निवासी रामबाबू अपने पैतृक निवास में परिवार के साथ रह रहा था। मकान कच्चा होने से उसे गिराकर पक्का निर्माण कर रहा था। लिंटर पड़ने वाला था कि शनिवार को फोर्स के साथ पहुंचे तहसील प्रशासन ने अधबने मकान पर बुलडोजर चलवादिया। इस दौरान महिलाओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। पीड़ित अभिषेक यादव ने बताया कि उसका जमीन पर कब्जा बुजुर्गों के समय से है। पहले कच्चा मकान बना था। अधिकांश मकान गिर जाने से पक्का मकान बनवा रहा था। लिंटर पड़ने को था कि प्रशासन ने बिना नोटिस या मौखिक सूचना के घर गिरवा दिया। वह सोमवार को डीएम से लेकर सीएम तक शिकायत कर न्याय मांगेगा। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि अवैध कब्जा हटाने के लिए तहसील प्रशासन ने पुलिस बल की मांग की थी। एसडीएम अशोक कुमार का कहना है कि जमीन पर अवैध कब्जा करके मकान बनाया गया था इसलिए गिरवाया गया।



मकान गिराने के दौरान पुलिस से भिड़ती महिला। अमृत विचार

# दुखद : पिता ने इकलौते बेटे की हत्या कर खुद भी दी जान

**○ पिता-पुत्र के शव मिलने से क्षेत्र में फ़ैली सनसनी ○ एसपी ने की जांच-पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में पिता ने इकलौते बेटे की हत्या करने के बाद खुद भी मौत को गले लगा लिया। पिता पुत्र के शव पड़े होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर एसपी विकास कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। समझा जाता है कि पिता ने पहले बेटे की हत्या की और बाद में खुद भी मौत को गले लगा लिया। घटना की रिपोर्ट मृतक के चचेरे भाई ने दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव सहरैया में रामनिवास (45) का शव घर के पास खेत में पड़ा मिला तथा पुत्र कुलदीप उर्फ बंटी (25) का शव घर की छत के ऊपर पड़ा मिला। मृतक रामनिवास व उसके पुत्र के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। पुत्र कुलदीप शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। सूचना पर एसपी विकास कुमार व एएसपी डॉक्टर संजय सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल की।



घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।



मौके पर मौजूद एसपी विकास कुमार व एएसपी। अमृत विचार



रामनिवास व कुलदीप।

पिता रामनिवास का शव घर के पास ही खेत में पड़ा हुआ था, तो पुत्र कुलदीप का शव छत पर पड़ा था। पुत्र के शव पर चोट के निशान मिले हैं। जिसमें धारदार हथियार या किसी नुकीली वस्तु से वार किया गया और गला दबाने के भी निशान मिले हैं। जबकि पिता के शरीर पर किसी भी तरह का कोई निशान नहीं मिला है। आशंका जताई जा रही है कि पिता ने पुत्र की हत्या कर दी और बाद में खुद मौत को गले लगा लिया। परिजनों ने बताया कि पिता-पुत्र के बीच नहीं बनती थी और पुत्र शराब पीने का आदी था। कुछ दिन पूर्व पुत्र ने पिता से रुपये मांगे थे पिता ने रुपये देने से मना कर दिया। तो उसने ट्रैक्टर में आग लगा दिया था। एसपी ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी। एक साथ पिता-पुत्र की मौत होने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक कुलदीप के चचेरे भाई अवधेश राजपूत ने अपने चाचा राम निवास के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में अवधेश ने कहा है कि उनका चचेरा भाई कुलदीप शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को कुलदीप शराब पीकर आया झगड़ा करने के बाद छत पर जाकर सो गया। चाचा राम निवास नीचे सो गए। चाचा ने रात में कुलदीप की गला काट कर हत्या कर दी और खुद मौत को गले लगा लिया। चाचा का शव चकरोड पर पड़ा पाया गया। उनके हाथों में खून लगा था। कुलदीप अपने पिता का इकलौता बेटा था। पुलिस ने अवधेश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शराब के लिए रुपये न देने पर दुकानदार का सिर फोड़ा

**क़ायमगंज।** थाना कम्पिल क्षेत्र में शराब के लिए पैसे न देने पर दुकानदार का सिर फोड़ दिया।

थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर खास निवासी बलवीर सिंह पुत्र शंकर लाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह शनिवार को शाम लगभग 4:30 बजे जब अपनी परचून की दुकान पर बैठा था, तभी गांव के ही राजेश, मुनेश, सुनील, सतेन्द्र पुत्रगण रूपलाल, आकाश, ऋषभ पुत्रगण सुनील उसकी की दुकान पर आये और शराब पीने हेतु रुपये मांगे, जिस पर उसने शराब के लिए रुपये देने से मना कर दिया। इसी बात से वह लोग आग-बबूला हो गए गालियां देने लगे। जब गालियां देने से मना किया तो उन्होंने एकराय होकर लात-घूसों व लाठी-डण्डों से हमला कर दिया और जबरन उस की दुकान में घुसकर गुल्लक में रखे लगभग 50,000 रुपये निकाल लिये। चीख-पुकार सुनकर मेरा पुत्र विनय कुमार, पुत्रवधू पिंकी पत्नी राजकुमार बचाने आये तो उनको भी सड़क पर घसीटते हुए लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारापीटा। मारपीट में उसे व उसके पुत्र विनय व पुत्रवधू पिंकी को गंभीर चोटें आईं हैं। बलवीर सिंह ने परिजनों का डॉक्टरी परीक्षण कराकर उक्त लोगों के विरुद्ध उचित्त कार्रवाई करने की मांग की है।


## कार की टक्कर से दंपति घायल एक की मौत

**● सड़क पर गिरी सलहज को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने रौंदा**
**● ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खड्ड में पलटी,चालक फरार**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र में इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए वहीं बाइक पर बैठी उनकी सलहज को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घायलों को एंबुलेस से जिला अस्पताल लोहिया भेजा गया। वहीं घटना में टैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खड्डु में पलट गया। कार और ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला लकूला निवासी अभिषेक(25) वर्षा (23) पत्नी अभिषेक बाइक से सलहज निशा (22)पत्नी अरुण के साथ जिला हरदोई थाना व कस्बा साण्डी से अपनी बुआ को देखने के लिए फर्रुखाबाद आ रहे थे।



निशा।

बाइक सवार अभिषेक उनकी पत्नी वर्षा और सलहज निशा के थाना राजेपुर क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर निबिया चौराहे के पास एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। उसी दौरान सामने से आ रहे टैक्टर ने निशा को कुचल दिया और अभिषेक व उनकी पत्नी वर्षा भी घायल हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मनोज पांडे ने निशा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अभिषेक और उनकी पत्नी वर्षा को गंभीर हालत में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।



मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

थानाध्यक्ष राजेपुर रणविजय सिंह बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवा दिया था। घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली खड्डु में पलट गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### पिकअप की टक्कर से साइकिल मिस्त्री घायल

**कायमगंज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सुलतानपुर राजकुमार निवासी अनिल कुमार सक्सेना दिव्यांग साइकिल मिस्त्री है। जोकि कटिया रोड पर खोखे में साइकिल की मरम्मत करके अपना परिवार पालता है। आज भी वह रोज की भांति साइकिल की मरम्मत कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे अनिल गम्भीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कार्यशाला में दिया मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संस्कार भारती की आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला कनोडिया इंटर कॉलेज में चल रही है। जिसमें बच्चों को मेहंदी का प्रशिक्षण दे रही प्रिया वर्मा ने बताया सौंदर्य कला से पहले चित्रकला में डिजाइन करनी पड़ती है। शादी विवाह या कोई भी उत्सव हो मेहंदी का बड़ा महत्व है।

बच्चों को मेहंदी कला के साथ-साथ चित्रकला में भी निपुण बनाया जा रहा है। चित्रकला में साधारण डिजाइन करना दूसरे ज्योमैट्रिकल डिजाइन प्राकृतिक चित्र ,मानवी चित्र ,आधुनिक चित्रण के अंतर्गत बेल बूटे हाथ फूल उंगलियों की डिजाइन अरेविक मेहंदी भरवा मेहंदी हाथों पर मेहंदी लगाने के सिद्धांत इस तरह पैरों के डिजाइन ब्राइडल मेहंदी की विधाओं को चित्रकला के माध्यम से सिखाया जा रहा है।



कार्यशाला में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

कार्यशाला की व्यवस्था सुरेंद्र पांडे, नवनीत गुप्ता, रविंद्र भदोरिया ,कुलभूषण श्रीवास्तव ,डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, रामेंद्र कमठान आदि लोग देख रहे हैं।

## एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम एंबुलेंस सेवा शुरू

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज के सरकारी अस्पताल में एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम एम्बुलेंस की सेवा शुरू हो गयी है, जिससे गम्भीर रूप से घायलों व मरीजों को निःशुल्क हायर सेन्टर में ले जाने की सुविधा मिलने लगेगी। डॉक्टरों के निर्देशन में मरीजों को पूरे उत्तर प्रदेश में किसी भी मेडिकल कालेज या हायर सेंटर में भेजा जा सकेगा। जिसमे ईएमटी राज किशोर शर्मा और पायलट आलोक यादव की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे जिले में सिर्फ तीन एम्बुलेंस ही मिली है।

## निर्माणाधीन पानी की टंकी के चौकीदार की हत्या

**● एसपी व एएसपी ने मौके पर पहुंचकर की जांच - पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन पानी की टंकी के चौकीदार की हत्या कर दी गई। चौकीदार मूल रूप से हरदोई जिले का रहने वाला था। वह पिछले 20 साल से यहां पर रह रहा था। घटना की सूचना पर एसपी ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव पट्टी खुर्द में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। निर्माणाधीन पानी टंकी पर वेदराम(60) चौकीदारी करता था। वेदराम का शव सुबह पड़ा देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसपी विकास कुमार व एएसपी डॉ. संजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। एसपी विकास कुमार ने बताया गांव पट्टी खुर्द में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है जिस पर वेदराम चौकीदारी करता था। उसकी हत्या कर दी गई। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वेदराम 20 वर्षों से पट्टी खुर्द में ही रहता था। वह अविवाहित था। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले है। जिन पर पुलिस काम कर रही है। घटना का खुलासा अति शीघ्र कर दिया जाएगा।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल व अन्य। अमृत विचार

## पशु चोरों ने मां बेटे को पीटा, घायल

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव रानीपुर गौर निवासी पुष्पेंद्र व उसकी मां गीता देवी को पुलिस मेडिकल व उपचार के लिए अस्पताल लायी। जहाँ घायल पुष्पेंद्र ने बताया शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे 6 से 8 चोर जो कि अपने साथ छोटा हाथी लोडर भी लाये थे। उन्होंने मेरी भैंस खोल ली और लोडर में लाद रहे थे तभी मेरी मां गीता देवी की आंख खुल गयी और उन्होंने मुझे जगाया जैसे ही मैं लोडर के पास अपनी भैंस छुड़ाने पहुंचा उन चोरों ने मुझ पर हमला कर दिया। मेरी मां उधर दौड़ी तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। मेरे चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग जाग गए और गांव बालों को अपनी ओर आता देख चोर लोडर लेकर भाग गए।

## चूल्हे की चिंगारी से निकली आग से चार झोपड़ी राख

**● आग से झुलसी वृद्धा को अस्पताल में भर्ती कराया गया भैंस की जलकर हुई मौत**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चूल्हे पर खाना बनाते समय झोपड़ी में आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने पूरी झोपड़ी को आगोश में ले लिया। झोपड़ी में मौजूद महिला झुलस गई। ग्रामीणों ने उसे बाहर खींचकर उसकी जान बचाई। इतनी ही देर में हवा तेज होने से आग तीन अन्य झोपड़ियों में फैल गई। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। आग की लपटों से गांव में पड़ी बंच केबिल भी जलकर गिरने लगी। एक झोपड़ी में बंधी भैंस की जलकर मौत हो गई।

थाना अमृतपुर के ग्राम ताजपुर में शनिवार दोपहर को मुन्ना लाल की पत्नी मुन्नी देवी चूल्हे पर खाना बना रही थीं। उसी दौरान चूल्हे की आग तेज होने से उससे निकली चिंगारी छप्पर में जा लगी। गांव में एक महिला की मौत हो जाने के चलते ज्यादातर लोग गंगा घाट पर गए हुए थे। इसलिए पहले कोई मदद को नहीं आ सका। जब आग की तेज लपटें निकलने लगीं, तो स्थानीय लोगों ने मुन्नी देवी को झोपड़ी से बाहर खींचा। तब तक वह झुलस गई थीं। वहीं आग ने विकराल रूप धारण करते हुए तीन अन्य झोपड़ियों को अपनी आगोश में ले लिया।



आग बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

रामवीर पुत्र कल्लू का कूप में रखा भूसा, उपले जल गए। मुन्नालाल का गृहस्थी का सामान, रजाई, गद्दा, चारपाई, पंखा, गेहूं,चावल, सरसों, 2 बाइक, 2000 नकदी जल गई।

छेदलाल पुत्र कुंदललाल की साइकिल, दो चारपाई, पंखा रजाई राशन आदि का सामान जल गया।

धीर सिंह पुत्र नेपाल सिंह ने गर्मी से बचाने को भैस को झोपड़ी में बांध दिया था। जब झोपड़ी में आग लगी तो भैंस नहीं खोल पाए, जिससे घर के सामान के साथ भैंस भी जलकर मर गई।

रामवीर पुत्र कल्लू की झोपड़ी में रखा 40 कुंतल राशन जलकर खाक हो गया। आग भयंकर होने से गांव में पड़ी बंच केबिल भी जलकर गिरने लगी।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आज से झुलसी महिला मुन्नी देवी को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी राजेपुर एंबुलेंस से भिजवाया गया। एसडीएम अमृतपुर रविंद्र सिंह नायब तहसीलदार अतुल कुमार क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

**परेशानी** | एआरएम बोले, पीडब्ल्यूडी की जगह पर बनी इंटरलॉकिंग पर भरता है पानी

## लाखों खर्च के बाद भी बस अड्डे पर गंदगी का अंबार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रोडवेज बस अड्डे पर साफ सफाई रहने के बाद सामने की तरफ भरा गंदा पानी पूरी चकाचौंध पर कालिक पोतने का काम कर रहा है। दो दिन पहले हुई हल्की बारिश से बस अड्डे के सामने पानी भर गया। निकासी नहीं होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है नाले की तरफ से बदबू आ रही है। यात्री भी इससे दो चार हो रहे हैं। एआरएम ने बताया की जहां पानी भरा है वह जगह पीडब्ल्यूडी की है। उन्होंने सफाई को नगर पालिका को पत्र लिखा है।

रोडवेज बस अड्डे पर 2021 में जलभराव को खत्म करने के लिए राज्य सड़क परिवहन निगम के निर्माण खंड ने सर्वे कर 34 लाख का एस्टीमेट बनाकर भेजा था। इसमें बस अड्डे के सामने इंटर लॉकिंग ,नाला निर्माण, पाइपलाइन समेत कई कार्य प्रस्तावित थे।



बस अड्डे पर भरा पानी। अमृत विचार

वहीं करीब 8 लाख रुपये की लागत से तीन साल पहले बस अड्डे के सामने इंटरलॉकिंग कराई गई। लेकिन जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। जिससे लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद भी हालात वही बने हुए हैं। जहां अब बस अड्डे पर साफ सफाई नजर आती है। वहीं बाहर से आने वाले यात्रियों का बस अड्डे के सामने भरे कीचड़ से स्वागत होता है। थोड़ी से बारिश होने पर कई दिनों तक जलभराव बना रहता है, जिससे गंदे नाले की जैसी बदबू आने लगती है। उसी जगह पर बस खड़ी कर परिचालक यात्रियों को भरते नजर आते है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

एआरएम अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया की जहां पर जलभराव होता है, वह जगह रोडवेज की नहीं होकर पीडब्ल्यूडी की जगह है। उन्होंने नगर पालिका से साफ सफाई कराने को पत्राचार किया है।

### रोडवेज बस अड्डे पर बढ़ाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**फर्रुखाबाद।** रोडवेज बस अड्डे पर स्टेशन इंचार्ज से मारपीट सहित कई घटनाएं हो चुकी हैं। बस अड्डे पर आए दिन बवाल हुडदंग, चोरी टप्पेबाजी के मामले होते हैं। अब बस अड्डा प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। जहां पहले पूरे बस अड्डा परिसर में सिर्फ चार कमरे ही लगे थे,अब उनको बढ़कर 12 किया जा रहा है। एआरएम ने बताया कि सभी कैमरे वाईफाई से जुड़े होंगे।

## नाला साफ न होने से बारिश में होगी विकराल स्थिति

**● सचिव की हठधर्मी के चलते नहीं हो पायी तालाब की सफाई**

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज तालाबों की सफाई की ओर अब तक कोई पहल नहीं हो पाई है। जबकि तालाब देखरेख न होने के अभाव में गंदगी से पटे पड़े है। गांव के नाला व नालियां चोक पड़ी हैं। नगर से सटे गांव उलियापुर का तालाब का अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। गंदगी के कारण इसमें बहुत बड़ी बड़ी घास उग आईं है। सरकार गांव-गांव पानी का जल स्तर बढ़ाने के लिए तालाबों के सुंदरीकरण पर लाखों रुपया खर्च कर रही है। लेकिन इस गांव का सचिव हृदेश पांडेय अपनी हठधर्मी के चलते तालाब की सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

इस गांव का नाला व नालियां चोक पड़ी हुईं हैं। जिससे गांव में गंदगी फैलती जा रही है। किसी भी समय कोई भी संक्रामक रोग फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने पर तालाब की सफाई न होने से गांव में जलमग्न जैसे हालात हो जाएंगे। वहीं नाला साफ नहीं हुआ तो गन्दगी से संक्रमण रोग फैलेंगे। कुछ तालाबों में गहरीकरण न होने से तालाब की जलभराव क्षमता भी कम होने लगी है। ऐसे में तालाब का पानी सड़कों पर बहेगा और ग्रामीणों को समस्या से जूझना पड़ेगा। कई बार ग्राम प्रधान से कहा लेकिन सचिव की मनमानी के कारण कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। उलियापुर के ग्रामीण राम किशन, दयाराम, विनोद सहित सैकड़ों ने मांग की है कि तालाब व नाले की सफाई जल्द से जल्द कराई जाए, जिससे बारिश के दिनों में जल भराव की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## सार-संक्षेप

### गोवा में गूंजी जिले की बेटी यशस्वी के कथक की झंकार

**फर्रुखाबाद।** अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ नागपुर ने पणजी गोवा में आयोजित तीन दिवसीय-इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता भारत नृत्य महोत्सव में के उखरा नवाबगंज की यशस्वी दीक्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र ,केरल , कर्नाटक, हैदराबाद ,उड़ीसा ,गुजरात, राजस्थान, दिल्ली आदि के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व यशस्वी ने हैदराबाद हरिद्वार में कथक नृत्य में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं।



यशस्वी को पुरस्कार देतीं अतिथि।

### महिला सिपाही से दुष्कर्म करने का आरोपी दरोगा निलंबित

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज में तैनात एक महिला सिपाही को विवाह का झांसा देकर सम्बन्ध बनाने के मामले में विभागीय कार्यवाही की गयी है। आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया गया है। महिला सिपाही ने दर्ज करायी गई रिपोर्ट में कहा था कि वह जनपद के एक थाने में तैनात है। नियुक्ति के दौरान थाने पर तैनात दरोगा दीपक कुमार हाल तैनाती चौकी आवास विकास, थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़ ने 13 दिसंबर 2022 से लगातार महिला आरक्षी को शादी करने की बात कहकर शारीरिक शोषण करता रहा। थाना नवाबगंज में तैनाती के दौरान दरोगा दीपक उसे दबिश के दौरान भी अलग-अलग जगहों पर भी ले गया था। वहां भी शारीरिक शोषण किया। एसपी विकास कुमार नें दारोगा को निलंबित कर दिया है। अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### रंजिश के चलते युवक को पीटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मार पीट कर घायल कर दिया। राजीव पुत्र रामदयाल निवासी मजरा ज्योना सिवरा नगला को गांव के ही देवेंद्र पुत्र रामसिंह, विवेक पुत्र वेदराम ने मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजीव के बड़े भाई राकेश ने बताया कि गुरुवार की शाम को देवेंद्र शराब पी कर आया था और भाई को गाली देने लगा। जब गाली देने से मना किया तो उक्त लोग मारपीट पर उतारू हो गए , जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। जिसपर उस दिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी बात को लेकर आज उक्त लोगों ने राजीव पर हमला बोल दिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।


### प्रसूता ने पेट्रोल पंप पर जना बच्चा

**फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र में प्रसव के लिए एम्बुलेंस से जा रही प्रसूता का एक पेट्रोल पंप पर ही प्रसव हो गया। थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी करू की पत्नी अनीता प्रसव पीड़ा से पीड़ित थी। उसे कायमगंज अस्पताल में भर्ती कराने के लिए सरकारी एम्बुलेंस 108 पर काल की थी। एम्बुलेंस में ही अनीता को ज्यादा प्रसव पीड़ा होने लगी तो एम्बुलेंस 108 ईएमटी अनुपम धनगर व पायलट राजीव आशा कुंती देवी एव परिजन के सहयोग से सवितापुर इंडियन आयल पम्प के पास सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है। बाद में जच्चा बच्चा को सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

### पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ युवक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव कुँअरपुर निवासी सैफ बाग में आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसकी चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े और उसे गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है।

# विकसित भारत का स्वप्न



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे,लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं,लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।


योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था,लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

# अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

> प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं,लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता,लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं,इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया,उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल,मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

# पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं,लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं,लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है,वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है,लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं,जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है,क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो,लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं,उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं,लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है,जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव,चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है,लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए,तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

# राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्‌गोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

# एक अच्छी पहल



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं,जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

# दुनिया को समझने की कोशिश



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है,जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है,हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है,ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है,तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है,उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है,प्रत्येक जिज्ञासु की है,जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है,लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती,बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है,लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया,लेकिन अहमद झंग में ही रह गया,क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की,अम्मी से कहलवाया,लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

## आपका पत्र

# लोकतंत्र की मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

– **डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, बड़ा बाजार नैनीताल

# चेन स्नेचिंग गिरोह के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, जेल भेजे गए

## पैर में गोली लगने से एक लुटेरा घायल, चेन, पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस व एसओजी टीम ने चेकिंग के दौरान बाइक से आ रहे चेन स्नेचिंग गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई चेन बरामद हुई। पूछताछ के बाद पुलिस घटना में प्रयुक्त बाइक व पिस्टल को बरामद करने गई तो एक लुटेरे ने पिस्टल से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी कार्रवाई की जिसमें लुटेरे के पैर में गोली लग गई। बाद में पुलिस ने पिस्टल व बाइक को बरामद कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों लुटेरों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि तीन अप्रैल को तुलसी नगर निवासी रानी देवी पत्नी गनेश बाबू दोपहर को बाजार से घर लौट रही थी। तभी राधे-राधे कॉलोनी के पास बाइक सवार लुटेरे उसके गले से सोने की चेन लूट कर भाग गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस लुटेरों की तलाश में लगी थी। शुक्रवार की रात प्रभारी निरीक्षक फ्रेंड्स कॉलोनी व एसओजी की टीम भरथना चौराहे पर चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान मंडी की तरफ से मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल को मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर मोटर साइकिल चालक को गिरफ्तार कर लिया। मोटरसाइकिल सवार दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकडे गए व्यक्ति के पास से एक चेन बरामद हुई।



पकड़े गये लुटेरों के बारे में जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

### डेविड है शातिर अपराधी

- एसएसपी ने बताया कि डेविड एक शातिर अपराधी है। उस पर चोरी लूट के अलावा अन्य धाराओं में कोतवाली व फ्रेंड्स कालोनी व अन्य थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रुपये का इनाम दिए जाने की घोषणा की है।

पूछताछ में उसने अपना नाम डेविड सोनी पुत्र हरी नारायण निवासी रामगंज कोतवाली बताया। उसने भागे साथ का नाम विशाल जाटव पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी बरहीपुरा बताया। डेविड ने पुलिस को बताया कि उसने इस चेन को राधे राधे कॉलोनी के पास से लूटा था। लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व पिस्टल दतावली नहर पुल से लोकसाइ की तरफ जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों में छिपा कर रखी है।

उसकी निशानदेही पर पुलिस टीम घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व पिस्टल बरामद करने पहुंची तो अभियुक्त द्वारा झाड़ियों से पिस्टल निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने दो फायर कर दिए। जिसमें पुलिस बाल बाल बच गई। जवाबी कार्रवाई में डेविड सोनी के बांये पैर में गोली लगी जिसे घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से पिस्टल व छिपाकर रखी बाइक को बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने भागे विशाल को भी देशरमऊ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

# दो पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए मारपीट के आरोप

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** बलरई क्षेत्र के नगला तौर में दबंगों ने एक महिला व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर उसके घर में खड़ी बाइक में आग लगा दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाया है।

नगला तौर गांव निवासी अवध कुमारी पत्नी प्रताप सिंह ने बलरई थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि परिवार के ही नरोत्तम पुत्र झम्मन सिंह ने घर में आकर उसकी व उसके बच्चों के साथ मारपीट की। बाइक में भी आग लगा दी जिससे बाइक जलकर राख हो गई। बलरई थाना पुलिस ने इस संबंध में महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

वहीं दूसरी ओर निरोत्तम सिंह ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें बताया कि वह रात करीब 9 बजे अपनी लड़की की ससुराल से घर पर आया था। कुछ लोग दरवाजे पर दारू पी रहे थे। जब उन्हें शराब पीने से रोका तो अनुज, विकास, शिवम पुत्रगण प्रताप सिंह, अवध कुमारी पत्नी प्रताप सिंह व रामनरेश पुत्र टीकाराम, टिन्कू व करन सिंह पुत्रगण मुनीम ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी मारपीट। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पथराव करने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**इटावा।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला मेवाती टोला में रहने वाली शमा पत्नी नियाजुद्दीन ने इसी मोहल्ला के आसिफ, मोसिन, यासीन तथा बंटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि घर के सभी पुरुष नमाज अता करने गए थे। तभी आरोपी घर के गेट पर आकर गाली गलौज करते हुए गेट खोलने के लिए धमकाने लगे। गेट नहीं खोलने पर पथराव कर दिया। पुलिस ने नामजदों की तलाश शुरू की।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास किसी ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के दीनार पुर जिले के छमानी वासदेव पुर निवासी अजीत हेमबदराय 22 वर्ष पुत्र संतोष कुमार किसी ट्रेन से जा रहा था तभी वह अचानक ट्रेन से गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। लोगो की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिएभेज दिया।

## सार-संक्षेप


वार्ता करते संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह। अमृत विचार

### महंगाई, बेरोजगारी ने भाजपा को बहुमत से किया दूर

**उदी, इटावा।** एनडीए गठबंधन की सरकार के प्रधानमंत्री मोदी को इस बार अपनी राजनीतिक क्षमता और दक्षता का प्रयोग करना होगा। बहुमत के आंकड़ों से दूर भाजपा को बैसाखी का सहारा मिला है। इसका ध्यान रखना होगा। यह बात भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगिंदर सिंह भदौरिया ने बढ़पुरा विकास खंड पारपट्टी के कस्बा उदी मोड़ पर प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने दो टूक कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष नहीं लड़ा बल्कि इस बार जनता भाजपा से लड़ी है। अग्निवीर, महंगाई, बेरोजगारी सहित तमाम तरह के सरकार के कार्यो से जनता आहत हुई है जिसका परिणाम सामने है। गिरे जनमत की समीक्षा के साथ अपनी कमियों को दूर नहीं किया गया तो इसके परिणाम भाजपा के लिए हितकारी नहीं होंगे।


पंचायत सहायक संघ की ब्लाक इकाई के निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### रामकुमार बने पंचायत सहायक संघ के ब्लाक अध्यक्ष

**सैफई, इटावा।** ब्लाक सभागार में पंचायत सहायकों की बैठक एडीओ पंचायत भगवान दास की अध्यक्षता में हुई। पंचायत सहायक संघ के ब्लाक कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर राम कुमार सिंह को मनोनीत किया गया। एडीओ पंचायत व ब्लॉक कॉर्डिनेटर एवं सचिव शैलेंद्र, सुशांत, नागेंद्र, मनीष, संजीव, इम्तियाज अतहर तथा प्रधान पवन कुमार सहसारपुर, प्रदीप कुमार पिडारी, निरंजन सिंह लछवाई की मौजूदगी में ब्लाक कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से रामकुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, अनुराधा उपाध्यक्ष, प्रियंका गौतम मंत्री, कमल सिंह कोषाध्यक्ष, गौरव मीडिया प्रभारी, ललित कुमार संरक्षक, सुरजीत सिंह को ऑडिटर चुना गया। ग्राम पंचायत सचिव भानूप्रताप, हिमांशु, अमन, अभिषेक, पारस, प्रशांत, साक्षी, शिप्रा, चांदनी, पूनम, संगीता, नीतू आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग की मौत

**उन्नाव।** कोरारी खुर्द गांव निवासी अजमेरी (25) पुत्र कल्लू दाहिने पैर से दिव्यांग था। पिता ने बताया कि वह अक्सर घर से बिना बताए निकल जाता था। शुक्रवार को भी वह सुबह घर से निकला था। देररात वह गांव के बाहर उन्नाव-प्रयाग रेल रूट के कोरारी रेलवे हाल्ट पर प्रयाग पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। रेल कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास कराए लेकिन, उस वक्त सफलता नहीं मिली। सुबह सोशल मीडिया की मदद से ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने परिजनों को बताया। मोर्चरी पहुंचे पिता ने उसकी शिनाख्त की।


पौधारोपण करते संजीव चौहान व अन्य। अमृत विचार

### विश्व महासागर दिवस पर किया पौधारोपण

**इटावा।** विश्व महासागर दिवस पर सामाजिक वानिकी प्रभाग व जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वाधान में नगर वन में पौधरोपण एवं जागरुकता कार्यक्रम प्रभागीय निदेशक अतुल कांत शुक्ला के निर्देशन में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि महासागर पृथ्वी की सतह के 70 प्रतिशत से अधिक भाग को कवर करते हैं और पृथ्वी के 97 प्रतिशत से अधिक पानी को समाहित करते हैं। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान कि कहा कि महासागरों का प्रदूषण ,अत्यधिक मछली पकड़ने और जलवायु परिवर्तन सहित कई मानवीय गतिविधियों से भी खतरे में है। वन दरोगा रविंद्र मिश्रा ने बताया कि विश्व महासागर दिवस महासागरों के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने और महासागर संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। वन दरोगा ताबिश अहमद, संतोष कुमार सिंह, बसंत कुमार, सुभाष कुमार, सौरभ सिंह एवं अनुज तिवारी थे।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**जसवंतनगर।** ग्राम हरकूपुर के सर्वेश कुमार उर्फ गुड्डा 30 वर्ष पुत्र श्रीकृष्ण अपने घर के कमरे में शुक्रवार रात को रोज की तरह सोने चला गया। रात को उसने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।शनिवार को सुबह परिवारीजनों के जागने के बाद फंदे पर सर्वेश का शव लटका देखा तो सभी के होश उड़ गए। चीखपुकार के बाद पड़ोसी और गांव वाले इकट्ठे हो गए।परिजनो ने मृतक सर्वेश के शव को फंदे से उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मृतक की पत्नी ललिता देवी व स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# शौच को गए किसान की करंट लगने से हुई मौत

संवाददाता, बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला सवी पश्चिमी निवासी भारत सिंह (60)शनिवार की सुबह अपने खेतों पर शौच क्रिया करने के लिए जा रहे थे। तभी गांव के ही व्यक्ति ने मोनो ब्लाक चलाने के लिए रास्ते में बिजली का तार डाल रखा था। जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

परिवारीजनों ने बताया गांव के ही लोगों के द्वारा चोरी से अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए मोनोब्लॉक चलाया जा रहा था। जिसका तार मृतक भारत सिंह के खेतों से होकर गुजरा था वह सुबह अपने खेतों में शोच क्रिया करने गए तभी उसकी चपेट में आ जाने से करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की जानकारी थाना चौबिया पुलिस को दी। करीं चौकी इंचार्ज दर्शन सिंह सोलंकी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सडक हादसे में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र के गांव बरमू पुर निवासी अतर सिंह 40 वर्ष पु9 लाल सिंह एक सडक हादसे में घायल हो गए थे उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

# आशुतोष ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अशोक नगर निवासी आशुतोष गुप्ता ने नीट परीक्षा 691 अंकों के साथ उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया है। आशुतोष गुप्ता ने पिछले वर्ष सेंट मैरी इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा 94.4 प्रतिशत अंकों तथा हाईस्कूल की परीक्षा इसी कॉलेज से 97.6 अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी।

बचपन से ही मेधावी रहे आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उनकी सफलता ईश्वर के आशीर्वाद ,गुरुजनों के निर्देशन एवं माता-पिता, दादी के आशीर्वाद से ही संभव हुई है। आशुतोष के पिता रवींद्र कुमार गुप्ता ,बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक तथा शिक्षक संगठन यूटा के जिला अध्यक्ष हैं। मां पदमा पोरवाल कंपोजिट विद्यालय दतावली बसरेहर में अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं।


आशुतोष गुप्ता को मिठाई खिलाते परिजन। अमृत विचार

अखिलेश गुप्ता, आनंद मिश्रा, जितेंद्र यादव, सतपाल यादव, वीरेंद्र सिंह पटेल खंड शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद, संजीव पोरवाल,विनय यादव संजीव कुमार, अनुराग पचौरी, आरती शर्मा, सुजाता सिंह, ज्योत्सना, सरला यादव, अपर्णा, नृपेन्द्र तिवारी, तरुण अग्रवाल, सीए आदि ने आशुतोष को बधाइयां दी है।

# भालू कालिया को मिला ललिता का साथ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- इटावा सफारी बढ़कर 6 हुई भालुओं की संख्या

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क की भालू सफारी में काफी दिनों से अकेले रह रहे नर भालू कालिया को अब मादा भालू ललिता का साथ मिला है। इसके बाद चार और भालू आ जाने से अब सफारी में भालुओं की संख्या 6 हो गई है। माना जा रहा है आने वाले दिनों में सफारी में पर्यटकों को अधिक संख्या में भालुओं के दीदार होंगे।

सफारी में पिछले कई महीनों से कालिया नर भालू अकेले रह रहा था लेकिन 4 जून को ललितपुर से ललिता नामक मादा भालू के आने से भालुओं की संख्या 2 हो गई है।


सफारी पार्क में चहलकदमी करता भालू।

इटावा सफारी पार्क के डायरेक्टर की ओर से भालू लाने के लिए 5-6 माह में किए गए पत्राचार का असर दिखा और 4 जून को एक भालू आने के बाद 7 जून की देर रात वन्यजीव प्रभाग रांची से 4 भालूओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया।

सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि इन भालुओं को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव के निर्देश पर पहले आगरा भालू संरक्षण केंद्र में 6 जून को लाया गया था। जहां इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी भालू स्वस्थ पाए गए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव की अनुमति के बाद 7 जून को इन भालुओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया। चारों भालुओं ने पानी पिया और दलिया व फल खाए है।

# अश्लीलता बर्दाश्त नहीं करेगा जैन समाज : आकाशदीप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर तीर्थ पर प्राचीन जैन मंदिरों के सामने फिल्माए गए रोमांटिक गाने से सकल दिगंबर जैन समाज में रोष है। विश्व जैन संगठन के जिलाध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा भानुशाली प्रोडक्शंस, मुंबई द्वारा 'लव की अरेंज मैरिज' मूवी में प्रसिद्ध जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जी तीर्थ पर प्राचीन जैन मंदिरों के सामने फिल्माए गए रोमांटिक गाने 'इश्क की छांव तले' को मूवी से एवं यूट्यूब सहित शोसल मीडिया से तुरंत हटाया जाना चाहिये।

उन्होंने कहा जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं के सामने रोमांटिक गाने फिल्माकर प्रचारित करना समस्त जैन समाज को स्वीकार नहीं है। उन्होंने बताया विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन के निर्देशन में हाईकोर्ट एडवोकेट अतुल जैन द्वारा विश्व जैन संगठन की और से 14 जून 2024 को इसके प्रीमियर से पूर्व तुरंत हटाने के लिए कानूनी नोटिस भेजा गया है। रोष व्यक्त करने वालो में संगठन के महामंत्री राजीव जैन, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, मीडिया प्रभारी नितिन जैन व अन्य शामिल रहे।

# शिक्षक तैनात करने के लिए किया फोन

**उन्नाव।** उप्र उच्च प्राथमिक शिक्षक (पूर्व माध्यमिक) के पदाधिकारियों ने स्नातक एमएलसी अरुण पाठक को शिक्षकों की कमी से शिक्षण कार्य कराने में हो रही कठिनाई बताई। इस पर एमएलसी ने निदेशक बेसिक शिक्षा से फोन पर वार्ता करते हुए समस्या का निराकरण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के भरोसे परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी नहीं बनाया जा सकता है।

बता दें कि हर साल शिक्षक-शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले से पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता की समस्या और अधिक बढ़ती जा रही है।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री मु0कासिम व हसीन अख्तर पुत्र/पति श्री अ0नय्यूम निवासीगण– मु0 जुलाहपुरी इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने **एक किता खण्डहर मकान** जिसका **रकवा 41.67 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 15 फीट उत्तर दक्षिण 14.3 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में पंचायती चबूतरा पश्चिम में शफी चौधरी मकान उत्तर में रास्ता 8 फीट दक्षिण में मकान इसरार मोहल्ला जुलाहपुरी श्री महबूब खान व श्रीमती नसिम बेगम पुत्र/पति श्री असगर खान व महबूब खान निवासी–मोहल्ला जुलाहपुरी इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा**

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री अरविन्द कुमार पुत्र/पति श्री रामलखन, निवासीगण–लुधियांत इकदिल तहसील इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने जिसका **रकवा 2126.5 वर्गमीटर पूर्व पश्चिम 56.6 फीट उत्तर दक्षिण 37 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में इटावा कानपुर मार्ग पश्चिम में चन्द्रवती मकान उत्तर में आरजी चन्द्रवती दक्षिण में गली 8 फीट चौडी मोहल्ला लुधियांत इकदिल श्रीमती चन्द्रवती पुत्र/पति श्री रामलखन निवासी– मोहल्ला लुधियांत इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा**

आयोजन | जैन बाजार में आठ दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर हुआ प्रारंभ

# जैन मंदिर से निकाली संस्कार प्रभातफेरी

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** नगर के जैन बाजार में स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आठ दिवसीय जैन संस्कार शिक्षण शिविर का धूमधाम से शनिवार को आगाज हुआ। विभिन्न प्रदेशों से आए अनेक विद्वान आठ दिन तक जैन संस्कार का शिक्षण पाठ कराएंगे। सर्वप्रथम संस्कार प्रभात फेरी जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लुधपुरा जैन मंदिर पहुंची वहां देव दर्शन करते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रभातफेरी का समापन हुआ।


प्रभात फेरी में भ्रमण करते नौनिहाल। अमृत विचार

मंच का उद्घाटन तन्मय जैन, दिव्य जैन, राजकमल जैन, चिराग जैन ने स्वस्तिक बनाकर किया। शिविर की किट विमोचन कुसुम लता जैन भिंड परिवार ने किया। बाल ब्रह्मचारी राहुल जैन मऊरानीपुर, अनिकेत शास्त्री दमोह, अमन शास्त्री ग्वालियर, अभिषेक शास्त्री बंधा का भी तिलक वंदन से स्वागत किया गया। आठ दिवसीय जैन संस्कार शिविर प्रभारी निकेतन जैन व शिविर संयोजक आराध्य जैन ने संयुक्त रूप से बताया इस बार शिविर में कई विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित जैन, तन्मय जैन, शिवकांत जैन, वैभव जैन, चेतन जैन, राकेश जैन, राजकमल जैन, रूप चंद्र जैन, सुरेश जैन, शैलेंद्र जैन, अभिषेक जैन, नवीन जैन, धनेश जैन, नीरज जैन, अशोक जैन, लता जैन, साधना जैन, ज्योति जैन, मोती रानी जैन, अमिता जैन, अंजलि जैन, प्रियंका जैन, सौम्या जैन, क्षमा जैन का सहयोग रहा।

# 20 हजार ठगने वाले पर शांतिभंग की कार्रवाई

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज को खून उपलब्ध कराने के बहाने 20 हजार रुपये तथा दो मोबाइल फोन ठगी लिए गए। पुलिस ने पीड़ित को रुपये वापस कराकर समझौता करा दिया। मोबाइल फोन नहीं मिले। आरोपी पर शांतिभंग की कार्रवाई कर पुलिस ने इतिश्री कर ली।

जिला फर्रुखाबाद के थाना शमसाबाद क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला मंजा में रहने वाले पवन कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में घायल मामा ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं। बुधवार को खून की जरूरत होने दो युवक खून दिलाने के बहाने 20 हजार रुपये तथा दो मोबाइल फोन ले गए। पुलिस ने छानबीन करके आरोपी को पकड़ लिया। उससे 20 हजार रुपये वापस कराकर समझौता लिखवा लिया। मोबाइल फोन नहीं दिलाए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महज शांतिभंग करने की कार्रवाई करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली। लोगों को कहना है कि ऐसे लोग सैफई मेडिकल कॉलेज को बदनाम कर रहे हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### नकली नोट भेजने पर सेंट्रल बैंक पर मुकदमा

**इटावा।** भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर में इटावा सेंट्रल बैंक द्वारा मार्च महीने में भेजे गए खजाना में नकली नोट पाए जाने पर वहां के दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने एसएसपी को पत्र भेजा। जिस पर कोतवाली सदर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**आवश्यकता है**

अंकलीकर वाणी मासिक पत्रिका समिति कॉलेज प्रतापनेर, परासनी, पिलुआ महावीर मार्ग इटावा में आवश्यकता है प्राचार्य एवं सहायक आचार्य की स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जंतु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विषय में शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान उत्तर प्रदेश शासन व यूजीसी के स्ववित्त पोषित शासनादेश अनुसार मान्य। आवेदन विज्ञापन प्रकाशन से तीन दिन तक मान्य।

सचिव
मो.-94119393198

## एक नजर

### खेत से जबरन मिट्टी खोदने की शिकायत

**बिधूना।** कौशलेन्द्र प्रताप सिंह बैंस पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी भरथना रोड बिधूना हाल निवासी नवजीवन हॉस्पिटल बेला ने बेला थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका एक खेत अमृतपुर कैथावा में मील के पीछे है। आरोप है कि दीपू यादव पुत्र रामचंद्र निवासी माखनपूर्व कैथावा ने शुक्रवार रात बिना उसकी सहमति के उसके खेत से जेसीबी द्वारा मिट्टी खनन कर कई ट्रॉली मिट्टी ले गए। शनिवार सुबह जब उसके खेत की रखवाली करने वाली श्रीदेवी पत्नी देशराज निवासी भगवानपुरा बिधूना बेला थाना प्रभारी वीनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय बना शोपीस

**ककोर, औरैया।** जिले के विकास खंड अछल्दा के गांव पुरवा आशा का सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गया है। केयर टेकर की अनुपस्थिति में यह शौचायलय सुबह-शाम बंद ही रहता है। वहीं ग्रामवासी शौचालय के लिए परेशान हो जाते हैं। प्रधान की उपेक्षा और केयर टेकर की अनुपस्थिति के कारण यह बंद ही रहता है। इसके चलते कुछ ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण बताते हैं कि इस का उपयोग करना खतरे से खाली नहीं है अब इस शौचालय बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई हैं। पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। पूर्व प्रधान ने शौचालय में होने वाली बोरिंग अपने खेत मे करवा ली थी। अब मकान बना लिया उसी समर का प्रयोग अपने निजी काम में किया जाता है। ग्रामीणों ने शौचालय को चालू कराने की मांग की है।

स्वास्थ्य विभाग ने अप्रैल में भेजी थी रिपोर्ट, लाइसेंस जल्द मिलने की उम्मीद

# गंभीर मरीजों को नहीं होगी खून की दिक्कत, जल्द शुरू होगा ब्लड बैंक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में ब्लड बैंक शुरू करने की तैयारी चल रही है। स्वास्थ्य विभाग ने ब्लड बैंक को लेकर 34 बिंदुओं की रिपोर्ट अप्रैल में लखनऊ भेज दी थी। इसके बाद वहां से लाइसेंस संबंधित फाइल दिल्ली भेज दी गई। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से लाइसेंस का इंतजार है। जैसे ही लाइसेंस मिल जाता है। ब्लड बैंक का संचालन शुरू हो जाएगा।

शहर स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड बैंक करीब 14 वर्ष से बंद है। पिछले कुछ महीनों से ब्लड बैंक को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जिसको लेकर जनरेटर आदि आ चुके हैं। साथ ही ब्लड बैंक से संबंधित रिपोर्ट शासन को बनाकर भेज दी है। उम्मीद है कि जल्द ही मंजूरी मिल सकती है।

सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि ब्लड बैंक से संबंधित फाइल लखनऊ भेज दी गई है। यदि ब्लड बैंक शुरू हो जाएगा तो गंभीर मरीजों को जल्दी रेफर नहीं किया जाएगा। चिचौली स्थित मेडिकल कॉलेज भी शुरू होने जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षकों के साथ-साथ सीनियर रेजीडेंट्स डॉक्टर भी आ चुके है। जो अलग- अलग बीमारियों के विशेषज्ञ हैं।

मेडिकल कॉलेज के 100 शैय्या अस्पताल में रोजाना एक से दो मरीज ऐसे आते हैं जिनको आपरेशन के दौरान ब्लड की जरूरत होती है। जिनको दूसरे जिलों के अस्पतालों में रेफर किया जाता है। यदि ब्लड बैंक शुरू हो जाता है, तो गंभीर बीमारी वाले मरीजों को भी रेफर नहीं किया जाएगा।

## अशोक बने संगठन के जिलाध्यक्ष

संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 50 शैया जिला अस्पताल में लैब टेक्नीशियन संघ औरैया के पदाधिकारियों का शुक्रवार को द्विवार्षिक अधिवेशन / चुनाव संपन्न कराया गया। इसमें सर्वसम्मति से अशोक सिंह कुशवाह को लैब टेक्निशियन संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। शहर स्थित 50 शैया युक्त जिला अस्पताल में आयोजित द्विवार्षिक कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्वेता डंडेलिया मौजूद रहीं। चुनाव डॉ. अवनीश कुमार की देखरेख में हुआ। जिसमें लैब टेक्निशियनों ने अशोक सिंह को जिलाध्यक्ष चुना।

इस दौरान अंशू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष कुमार मंत्री, गरिमा मिश्रा कोषाध्यक्ष, प्रमोद कुमार संप्रेक्षक निर्विरोध रूप से घोषित किए गए।

सभी नए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वेद प्रकाश फार्मासिस्ट, हरिराम, प्रमोद कुमार, संतोष कुमार, आशीष कुमार समेत जिले भर के सभी लैब टेक्नीशियन कर्मचारी उपस्थित रहे।



डॉक्टर श्वेता के साथ नव निर्वाचित टीम के सदस्य। अमृत विचार

## विधायक की सिफारिश पर भी नहीं मिला बजट

**कंचौसी, औरैया।** सहार ब्लाक के कंचौसी से दिकियापुर घसा पुरवा गांव जोड़ने वाले लोक निर्माण विभाग की सड़क का निर्माण कार्य पूरा न होने से जनता को परेशानियों से निजात मिलती नहीं दिख रही। जबकि दिकियापुर गांव तक सीसी रोड के दोनों तरफ पटरी का निर्माण नहीं किया गया। नाली भी अधूरी पड़ी है। जिससे बरसात शुरू होने पर वाहन निकलने में मुसीबत होगी।

फरवरी माह में कंचौसी कस्बा से एक किमी दिकियापुर गांव तक लोक निर्माण विभाग ने डामर और गांव के अंदर जलभराव की जगह सीसी रोड और नालिया बनाने का काम शुरू कराया था। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। दिकियापुर के अंदर नालियां अभी भी अधूरी हैं। जबकि सीसी रोड के दोनों तरफ एक एक मीटर इंटरलॉक पटरी का निर्माण भी नहीं किया जा सका है। जिससे बारिश शुरू होने के बाद वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाएगा।

इस अधूरी सड़क को दिवियापुर कंचौसी से ढिकियापुर केनाल पटरी मार्ग में जोड़कर निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए समाजवादी पार्टी की विधूना विधायक रेखा वर्मा ने विधान सभा स्पीकर को मांग पत्र सौंपकर सड़क निर्माण का बजट जारी करने की मांग की थी लेकिन उदाशीन रवैया के चलते आज तक बजट जारी नहीं किया गया।



बोरिंग का पूजन करते चेयरमैन अनूप गुप्ता। अमृत विचार

## पालिका अध्यक्ष ने अंत्येष्टि स्थल पर शुरू कराई बोरिंग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- गर्मी में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने की कवायद

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति के प्रयास से शनिवार को यमुना तट के निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने पूजा-अर्चना कर बड़े वाटर कूलर की स्थापना हेतु पानी की बोरिंग का काम शुरू कराया। उन्होंने बताया कि वाटर कूलर पूर्ण रूप से सोलर सिस्टम द्वारा संचालित होगा। जिससे चिलचिलाती गर्मी में अंत्येष्टि में आए लोगों को पीने का ठंडा पानी सदैव मिलता रहेगा।

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए विचित्र पहल संस्था द्वारा यमुना तट की स्वच्छता व सौंदर्यीकरण हेतु विगत् 10 वर्षों से सत्य के अंत्येष्टि स्थल पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रामप्रसाद, सतीश चंद्र, अभिमन्यु, कुलदीप, अजय बाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

### खड़े ट्रक में टकराई कार, पांच घायल

**नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानुपर हाईवे पर बरुआ गांव के पास कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें कार सवार पांच व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें सीएचसी से लखनऊ रेफर किया गया है। सुल्तानपुर निवासी अभिषेक पुत्र शिवनाथ परिवार के अजय, शैलेंद्र व अन्य सदस्यों के साथ कानपुर जा रहे थे। अजगैन कोतवाली के केवाना गांव के पास कार चालक आसिफ को झपकी लग गई और कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें सभी घायल हो गए।

## कंचौसी में मुसीबत बने छुट्टा पशु

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** छुट्टा पशु की समस्या का समाधान न किए जाने से ये आम लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। कंचौसी में कोई गौशाला नहीं है। ऐस में छुट्टा पशु सार्वजनिक स्थानों पर आश्रय ले रहे हैं। किसान रात-दिन खेतों पर रुक कर रख वाली भी करते हैं। फिर भी आवारा जानवर मौका मिलते ही फसलचर जाते हैं। किसान फसल बचाने के लिए खेतों को बल्ली लगा कर रस्सी या तार से बांधने का इंतजाम कर रहे हैं।

किसान रविन्द्र सिंह सेंगर, पंकज सिंह भदौरिया, राम कुमार गुप्ता, राम सिंह, बीरेन्द्र गुप्ता, हर्षित, गोपाल, रिंकू, राजू, अरविंद, दीपू, विनोद, नीरज भदौरिया आदि लोगों ने शासन-प्रशासन के आला अधिकारियों से गुहार लगाते हुए जल्दी ही कंचौसी में सरकारी जगह चिन्हित कर गौशाला बनवाए जाने की मांग की है।



खेत के किनारे सड़क पर घूमते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

- लोगों ने जगह चिह्नित कर गौशाला बनवाने की उठाई मांग

## दुकानदार के साथ मारपीट

**ककोर।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनापुर गांव में कोल्ड ड्रिंक्स के पैसे मांगने पर नशे में दबंगों ने दुकानदार प्रदीप कुमार की जमकर पिटाई कर दी। बचाने आई पत्नी को भी पीट दिया। पीड़ित अनिल कुमार पुत्र राजाराम निवासी लखना पुर को पिटाई में गंभीर चोट आई। मामले की थाने में सूचना दी गई। पीड़ित का अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। रात में प्रदीप कुमार को कानपुर रेफर कर दिया गया था। दिव्यापुर थाने में अभियुक्त प्रदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, सुदामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मुकेश बाबू चौहान ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पसईपुर केशमपुर में सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

संवाददाता फफूंद, औरैया

- पंचायत को मॉडल व अपरामुक्त बनाने की कवायद
- इंटरलॉकिंग से बढ़ी गांव की स्वच्छता, शुद्ध पेयजल के लिए लगाए गए वाटर कूलर

**अमृत विचार।** विकासखंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत पसईपुर केशमपुर विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है। पंचायत को डिजिटल बनाने तथा सुरक्षा की दृष्टि से पंचायत में जगह-जगह वॉइस रिकॉर्डर कैमरे भी लगवाए गए हैं। पंचायत में अपराध करने वालों की आवाज इन कैमरों में रिकार्ड हो जाएगी। इससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। बता दें कि इन कैमरों में काफी दूर तक की आवाज रिकॉर्ड हो जाती है।

ग्राम पंचायत पसईपुर केशमपुर में ग्राम प्रधान राजेश पॉल द्वारा पंचायत में बनी लगभग एक दर्जन सड़कों की इंटर लॉकिंग कराकर पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है। गांव में गंदगी न रहे इसके लिए पंचायत में जगह जगह गोबर की खाद्य के गड्ढे बनवाए गए हैं। पंचायत में जगह जगह वाटर कूलर लगाये गए है जिससे लोग भीषण गर्मी में ठंडा पानी पीकर कुछ राहत महसूस कर रहे हैं। पंचायत में जगह जगह सोकपिट तथा बर्मी कपोस्ट बनाये गए हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत में एक रिसोर्स रिकवरी सेंटर बना है। आंबेडकर पार्क का सुंदरीकरण तथा प्राथमिक विद्यालय बिलन्दपुर में दिव्यांग शौचालय तथा इंटरलॉकिंग कराई गई है।

ग्राम प्रधान द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पंचायत में जगह-जगह वाईफाई से कनेक्ट वॉइस रिकॉर्डर कैमरे लगाए गए हैं।

ग्राम प्रधान राजेश पॉल ने बताया की पंचायत में हर सम्भव विकास के कार्यों को कराके पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। जैसे जैसे सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए बजट आता रहेगा पंचायत में सरकार की मंशानुरूप विकास के कार्यों को प्रगतिशील रखा।



ग्राम पंचायत में लगाए गए वॉइस रिकॉर्डर कैमरे। अमृत विचार

## पल्लवी की हत्या में शक की सुई पति की तरफ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- फेसबुक पर दोस्ती के बाद की थी शादी, शुक्रवार को मिला था शव

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती, प्यार और फिर शादी करने की कीमत एक लड़की को अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ी। हत्या का शक पति पर ही जताया जा रहा है।

लखनऊ की रहने वाली एक लड़की की फेशबुक के जरिए जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के बरु गांव के रहने वाले लड़के से दोस्ती हो गई। परिजनों की रजाबंदी न होने के बावजूद दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद पल्लवी व सुमित में अक्सर विवाद होने लगा। सुमित अपनी पत्नी के साथ पेपर देने की बात कह कर घर से निकला और बताया जाता है कि बात बढ़ने पर उसने पल्लवी की गला दबा कर हत्या कर दी। शव को दिबियापुर थाना क्षेत्र के असैनी गांव स्थिति आम के बाग में फेंककर कर फरार हो गया।

ग्रामीणों ने शुक्रवार की शाम महिला का शव पड़ा देखा। पुलिस अधीक्षक औरैया चारु निगम ने बताया कि सुमित के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लड़की के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने पर तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बेचैन कर रही गर्मी, 44 डिग्री पर पहुंचा पारा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। शनिवार सुबह सात बजे से ही सूरज की किरणें तेज हो गईं। दोपहर में तेज धूप व लू के थपेड़ों ने राहगीरों को हलकान कर दिया। मौसम विभाग की मानें तो अगले पांच दिनों तक वर्षा की कोई संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 44 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

दो दिन पहले तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी से गर्मी से राहत मिलने की आस बंधी थी। लेकिन शनिवार को सूरज के तल्ख तेवरों से और अधिक कठिन स्थिति बनती दिख रही है। सड़क पर लोगों का निकलना कठिन हो गया। जो निकले भी तो पूरी तरह से अपने शरीर को कपड़ों से सुरक्षित करके निकले।

मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन पांडेय ने बताया कि अगले पांच दिनों तक हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

दिन व रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। वहीं 'डाक्टर भी इस मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।



धूप से बचाव के लिए छाता लगाकर सड़क पर जाती युवती। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर भी देने लगे जवाब, पिछले महीने 165 फुंके

**औरैया।** इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है और बिजली की मांग काफी बढ़ गई है। वहीं ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मर भी अब साथ नहीं दे रहे है। जिले में मई महीने में ही 165 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। जबकि एक से पांच जून तक 27 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस माह ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की गई है। इसके चलते कम ट्रांसफार्मर फुंके। इस समय जनपद में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। घरों में एसी, कूलर, फ्रिज, पंखा आदि उपयोग भी जमकर हो रहा है। इसके चलते ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ता जा रहा है। अगर मई महीने की बात करें तो बिधूना स्थित वर्कशाप में 165 टांसफार्मर मरम्मत के लिए पहुंचे है। सबसे ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंकने की शिकायत ग्रामीण इलाकों से आ रही है। जून महीने की बात करें तो 27 ट्रांसफार्मर फुंके हैं। इसके साथ ही बिजली की मांग बढ़ने से शटडाउन, ट्रिपिंग और लाइन ब्रेक की समस्या लगातार बढ़ रही है। विद्युत विभाग का दावा है कि जिला मुख्यालय में 24 घंटे, तहसील में 22 घंटे, गांव में 16 से 18 घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है। लेकिन ब्रेक डाउन समेत अन्य समस्याओं के चलते पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रही है। एसडीओ प्रबोध राजपूत ने बताया कि जून में 27, मई में 165 ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए आए हैं।

## सार-संक्षेप

### ऑटो, ई-रिक्शा के चलते लग रहा जाम

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर में इस समय ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी सड़को पर हावी है। पूरे दिबियापुर की कोई भी सड़क, चौराहा, तिराहा ऐसा नहीं है जहां ऑटो चालक, ई-रिक्शा का कब्जा न हो। इनके चलते ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त होती नजर आती है। सबसे बड़ी बात ऑटो चालक थाने के गेट के सामने से सवारियां भरते रहते हैं। उसकी बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। वहीं परमहंस बगिया के पास आवागमन से बाजार में जाम लगा रहता है। ऑटो चालक अनावश्यक हॉर्न भी बजाते रहते हैं जिससे लोगों को परेशानी होती है। सहायल रोड, बेला रोड, हरचंदपुर रोड, फफूंद रोड, औरैया रोड, ओवरब्रिज के दोनों और केवल यही ऑटो चालक दिखाई देते हैं। वर्तमान समय में जाम व्यवस्था में ऑटो चालक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह सब कुछ जानते हुए ट्रैफिक अधिकारी और न ही दिबियापुर थाना अध्यक्ष कोई कार्रवाई कर पा रहे हैं। लोगों का पैदल निकलना दुश्वार हो रहा है।

### लाभार्थियों की कराई जाएगी ई-केवाईसी

**औरैया।** खाद्य एवं रसद विभाग अब जिले के सभी राशन कार्ड लाभार्थियों का ई-केवाईसी करवाने जा रहा है। जिससे अब राशन कार्ड में जो सदस्य दर्ज हैं सभी की केवाईसी होगी और उनका सत्यापन किया जाएगा। ई-केवाईसी से वह राशन कार्ड धारक के सदस्य बाहर हो जाएंगे जिन्होंने फर्जी सदस्य दर्ज करवाए हैं। यदि सदस्य कहीं बाहर रह रहे है तो भी बाहर हो जाएंगे। जनपद में कुल अंत्योदय योजना के तहत 51506 और पात्र गृहस्थी के 219153 राशन कार्ड धारक हैं। राशन कार्ड धारकों का ई- केवाईसी कोटेदार के यहां ई-पास मशीन से 8 जून से शुरू हो जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां कर ली गई है। जनपद में अंत्योदय योजना के तहत 51506 और पात्र गृहस्थी के 219153 राशन कार्ड धारक हैं। ई केवाईसी के लिए लाभार्थियों का बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन किया जाएगा। ई-केवाईसी के दौरान राशनकार्ड से मोबाइल नंबर जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही मोबाइल नंबर पर राशन कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन का विवरण का संदेश भी मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ई- केवाईसी कराने का मुख्य उद्देश्य कार्ड में जितने भी सदस्य है, उनके बीच जो संबंध लिखे और मोबाइल नंबर का सत्यापन करना है। इससे कार्ड में जो फर्जी यूनिट दर्ज हैं और जो बाहर रह रहे है, उनको हटाया जा सकेगा।



एसपी ऑफिस में शिकायत करती विभा। अमृत विचार

### महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगाई कार्रवाई की गुहार

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय पर शनिवार को एक महिला ने पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। विभा देवी पत्नी प्रदीप कुमार निवासी गुलरिहा, थाना दिबियापुर ने पुलिस अधीक्षक से दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। उसका कहना है कि परिवार के गोपाल पुत्र अवध बिहारी व मिजाजी पुत्र छोटेलाल ने सास-ससुर के एक पुराने मकान पर कब्जा कर रखा है। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। कई बार हरचंदपुर चौकी में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मांगी सुविधा | कोरोना काल में बंद एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू न होने से यात्री हो रहे परेशान

# औरैया रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का हो ठहराव


संवाददाता अछल्दा, औरया

**अमृत विचार।** कस्बा व क्षेत्र के लोगों ने रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। कोरोना काल से पहले रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होता था। इसके बाद से अब तक क्षेत्रीय लोग ट्रेनों की मांग करते रहे हैं लेकिन राजनीतिक उदासीनता के चलते समस्या की अनदेखी की जा रही है।

रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से पहले 13008 एवं 13007 उद्यान आभा तूफान एक्सप्रेस तथा 15483 एवं 15484 महानन्दा एक्सप्रेस ट्रेनों का रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ करता था। कोरोना काल के बाद इन दोनों ट्रेनों का भी स्टापेज रेलवे स्टेशन पर बन्द कर दिया गया था तब से अभी तक जनप्रतिनिधियों से लेकर रेलवे के आला अधिकारियों तक से क्षेत्रोय लोगों ने रात्रि में एवं दिन में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा रही है लेकिन यह क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि अभी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं हो सका है।



### क्या बोले व्यापारी



दिनेश।

किराना व्यापारी दिनेश यादव का कहना है कि कोरोना काल से पहले महानंदा एक्सप्रेस रुकती थी जिससे कानपुर जाने के लिय आसानी रहती थी। समय से घर भी आ जाते थे, लेकिन कोरोना के समय से बंद हुई उक्त ट्रेन से व्यापारियों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों का ठहराव जल्द शुरू किया जाना चाहिए।



हरिश्चंद्र।

पुस्तक व्यापारी हरिश्चंद्र का कहना है की स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन के अलावा कोई एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं होता है। जिससे दोपहर में या रात मे आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों की समस्या को देखते हुए जिम्मेदारों को जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देना चाहिए। ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।



अमर सिंह।

कस्बा के अमर सिंह का कहना है कि एक्सप्रेस ट्रेन रुकने से कस्बे के लोगो को व्यापार में काफी आराम मिलेगा। कम से कम सरकार को महानंदा एक्सप्रेस व गोमती एक्सप्रेस का ठहराव स्टेशन पर देना चाइये।



देवेंद्र।

कपड़ा व्यापारी देवेंद्र का कहना है कि एक्सप्रेस ट्रेन रुकने से कानपुर दिल्ली बाजार करने में काफी राहत मिलेगी। आम लोगों की सुविधा को देखते हुए इसलिए सरकार को एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर दी जाने चाइये।

## पीलिया से हुई थी राबिया की मौत

**बिधूना औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चपोरा निवासी एक महिला एवं उसके नवजात की सैफई में प्रसव के दौरान मौत के मामले में आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारण बीमारी से होना पाया गया है। मृतका के मायके वालों ने मृतका के ससुराली जनों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की थी। कन्नौज जनपद के हमीरपुर ठठिया निवासी राबिया बेगम की पांच वर्ष पूर्व शादी चपोरा निवासी नजाकत अली के साथ हुई थी। राजिया के ससुराली जनों ने उसे प्रसव के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया था। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पीलिया बताया जा रहा है।

## एक नजर

### रामोजी राव के निधन पर योगी ने जताया शोक

अमृत विचार,लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान को अभूतपूर्व और अतुलनीय करार दिया है।

### सपा नेता डीपी यादव के निधन से अखिलेश दुखी

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा के मुरादाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (58वर्ष) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# स्थाई वैध लाइसेंस वाले कर रहे ज्यादा दुर्घटनाएं

नीरज मिश्र,लखनऊ



- प्रदेश में हादसों के कारणों पर हर साल तैयार होती रिपोर्ट
- 28,752 एक्सीडेंट हुए वैध लाइसेंस धारकों से

**अमृत विचार:** आमतौर पर धारणा रहती है कि जिनके पास वैध या पक्के लाइसेंस नहीं हैं और उन्होंने वाहन चलाने की ट्रेनिंग ठीक से नहीं ली है। ऐसे में सबसे अधिक हादसे बिना लाइसेंस वाले ही करते हैं। लेकिन सच में ऐसा नहीं है। सबसे ज्यादा हादसे वैध लाइसेंस धारक ही करते हैं। यह हम नहीं बल्कि हर साल तैयार होने वाली रिपोर्ट कह रही है। बीते कैलेंडर वर्ष-2023 के आए प्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि इनमें सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं वैध स्थायी लाइसेंस वालों से हुई हैं। दरअसल दुर्घटना के बाद सबसे पहले वाहन चलाने वाले के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाती है। इसी से पता चलता है कि उसके पास वैध डीएल है या नहीं।

**सबसे ज्यादा होती हैं दुर्घटनाएः** अच्छे मार्ग और उस पर अनियंत्रित गति में फर्राटा भरते वाहनों से सबसे अधिक दुर्घटनाएं नेशनल हाइवे पर होती हैं। बीते वर्ष एनएचएआई पर 9,971 हादसे हुए। इसमें 5,679 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक्सप्रेस-वे पर 3,275 हादसों में 1,761 लोगों की मौत हुई। वहीं एनएच से जुड़े अन्य विभागों पर 1,938 घटनाओं में 1,006 लोग काल कवलित हुए।

**ये है आंकड़ा**

बीते वर्ष का जो आंकड़ा आया है उनमें करीब 28,752 एक्सीडेंट वैध लाइसेंस धारकों के हिस्से आए हैं। तो लर्नर लाइसेंस वालों ने 2,830 और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों ने 3,534 दुर्घटनाएं की हैं। इनमें 9,418 लोग ऐसे भी हैं जिनसे घातक एक्सीडेंट हुए हैं। इनसे बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं।

**2023 में हुईं दुर्घटनाएं**

| लाइसेंस के प्रकार | हादसों की संख्या |
|---|---|
| वैध लाइसेंस धारक | 28,752 |
| लर्नर लाइसेंस | 2,830 |
| बिना लाइसेंस | 3,534 |

हादसे लापरवाही के कारण होते हैं। मामूली सी असावधानी हादसे का सबब बन सकती है। ऐसा नहीं है कि वैध लाइसेंस धारक हादसे करते हैं। दरअसल लंबे समय से वाहन चला रहा लाइसेंसधारक व्यक्ति थोड़ा लापरवाह हो जाता है। इसी को लेकर विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि सुधार आएगा।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# आश्रम पद्धति विद्यालयों को मिले प्रधानाचार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रवक्ताओं की प्रोन्नति

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग के संचालित 22 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (आश्रम पद्धति विद्यालय) में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है। ये नियुक्ति यहां पढ़ाने वाले प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर की गई है। राज्य सरकार का इसके पीछे उद्देश्य इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने का है। इसी वर्ष फरवरी माह में भी 11 प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया था।

दरअसल, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा 103 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि विद्यालयों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है, ताकि विद्यालयों के प्रशासनिक कार्यों के साथ तकनीक आधारित शिक्षा के ढांचे को और मजबूत किया जा सके।

## भाजपा का स्पीकर नहीं होना चाहिए : संजय

**अमृत विचार,लखनऊः** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, भाजपा के स्पीकर से लोकतंत्र को खतरा है इसलिए यदि टीडीपी की मांग पूरी नहीं की जाएगी तो इंडी गठबंधन इस पर विचार करेगा।

गोमती नगर पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस कार्फ्रेंस में उन्होंने मतगणना में धांधली की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि फर्रुखाबाद, बांसगांव और फूलपुर की सीटों पर भाजपा के जीत का अंतर दो से चार हजार है। वो भी तब जब काउंटिंग के अंतिम समय में बिजली काट दी गई थी। क्या बिजली काट कर कोई खेला किया गया है ।

# अभियंताओं की लापरवाही ले रही लोगों की जान

## जमीन-भवन के निकट से गुजरी बिजली लाइनों से हो रही मौत

रमेश चन्द्र, लखनऊ

- नहीं दुरुस्त हो रहीं बिजली की जर्जर लाइनें

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति से जुड़े अभियंताओं की लापरवाही से आम लोगों की जान जा रही है। जर्जर बिजली लाइनें न बदले जाने व जमीन-भवन से निर्धारित दूरी पर लाइनों के न होने के कारण लोग करंट की चपेट में आ रहे हैं। पिछले दिनों राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना (रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) चल रही है। इस योजना में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, उपकेंद्रों की 'ओवरलोडिंग' कम करने, बिजली चोरी रोकने व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नंगे तारों की जगह एबीसी केबिल बिछाये जाने, आवश्यक स्थानों पर बिजली खंभे लगाये जाने आदि कार्य शामिल हैं। इस योजना के तहत स्वीकृत साढे.सोलह हजार रुपये से सुधार कार्य चल रहा है।

पावर कॉरपोरेशन व सहायक वितरण कंपनियों के अफसरों की ओर से इस योजना पर तेजी से सुधार कार्य होने का दावा किया जा रहा है, पर धरातल पर सुधार कार्य का असर नहीं दिख रहा है। स्थानीय खराबियों के कारण भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग बेहाल हैं। इस बीच, बिजली लाइनों की चपेट में आने से लोग मौत के शिकार हो रहे हैं।

### लखीमपुर में बुजुर्ग की मौत पर रिपोर्ट तलब

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने लखीमपुर में बिजली लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग राम पाल भार्गव के मौत प्रकरण को गंभीरता से लिया है। कॉरपोरेशन ने लखीमपुर के संबंधित अधीक्षण अभियंता को मामले की जांच कर रिपोर्ट कॉरपोरेशन में भेजने को कहा है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद दोषी अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में बिजली आपूर्ति सुधार के साथ ही करंट से हो रही मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित बिजली निगमों व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। अफसरों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने को कहा गया है। इस पर ध्यान न देने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

–जीडी द्विवेदी, निदेशक वितरण, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन

### प्रमुख घटनाएं

- बीते दिन लखीमपुर में मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे, वापस लौटते वक्त वह इस लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।
- सात मई को हरदोई जिले के हरपालपुर में गांव में फसल की रखवाली कर रहे पति को खाना देने गई पत्नी हेमकली पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आई पत्नी को बचाने के लिए पति भी पहुंच गया। घटना में दोनों की मौत हो गई।
- 22 मई को फतेहपुर के मलवां क्षेत्र में ट्रैक्टर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई थी।
- 11 मार्च को गाजीपुर में बरातियों से भरी बस हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गई थी। इस घटना में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी लाइन ठीक नहीं की गई थी। घटना के बाद अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता को निलंबित किया गया था, जबकि एक संविदा कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई थी।




विरोध लखनऊ के हजरतगंज स्थित प्रताप भवन के बाहर नीट दोबारा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# ढाई करोड़ का गोल्ड लोन फ्रॉड करने वाला बैंक मैनेजर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक का मैनेजर रहते हुए किया था फ्रॉड
- थाणे क्राइम ब्रांच और एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से हुआ गिरफ्तार

**अमृत विचारः** महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक में बतौर मैनेजर ढाई करोड़ के गोल्ड लोन का फ्राड करने वाला आरोपी राजधानी में गिरफ्तार किया गया है। फ्राड के बाद थाणे में मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ था, तभी से थाणे क्राइम ब्रांच और उप्र. एसटीएफ तलाश रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि जौनपुर के मछली शहर निवासी गिरिजा शंकर तिवारी थाणे में फेड बैंक का मैनेजर था। शनिवार को पता चला कि आरोपी सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के खेवली हसनपुर में मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। थाणे क्राइम ब्रांच की टीम यहां पहले से मौजूद थी। इस दौरान क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और गिरिजाशंकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरिजा शंकर ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष 2009 से विभिन्न बैंक एवं इंश्योरेंस कम्पनियों में पदस्थ रहा तथा दिसंबर 2021 से फैड बैंक महाराष्ट्र में ब्रान्च मैनेजर के पद पर रहते हुए, ग्राहकों से कम ब्याज दर पर गोल्ड लोन देने के लिए गोल्ड जमा करवाता रहा था। लेकिन उस गोल्ड को बैंक में जमा न करके अपने पास ही रखे रहा। गोल्ड लोन की धनराशि भी ग्राहकों को स्वंय के स्तर पर ही दी गई। बाद में गोल्ड सहित गिरिजाशंकर गायब हो गया। बताया कि उसने गोल्ड को बेच कर प्रापर्टी में निवेश किया है। इस समय ट्रोनिका प्रापर्टी सोल्यूशन प्रालि के नाम से लखनऊ में प्रापर्टी का काम करता है।

# राहुल वायनाड सीट से जल्द दे सकते हैं इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हो रही चर्चा

**अमृत विचारः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में लाने की कवायद के बीच उनके दो सीटों में से एक सीट को छोड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में चर्चा है कि राहुल केरल की वायनाड सीट छोड़ सकते हैं। प्रदेश के नेताओं ने राहुल गांधी से रायबरेली सीट न छोड़े जाने की अपील की है।

2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। वह अमेठी से चुनाव हार गये थे, जबकि वायनाड सीट पर उन्हें विजय हासिल हुई थी। 2024 के चुनाव में भी वह वायनाड सीट के साथ ही रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरे। नेहरू-गांधी परिवार की ओर से विरासत समझी जाने वाली इस सीट पर राहुल ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। जबकि वायनाड सीट पर उन्होंने 3,64,422 मतों से जीत हासिल की है। 2019 में उन्होंने चार लाख से ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीता था। शनिवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस प्रकरण पर चर्चा हुई। इस पर औपचारिक फैसला 17 जून से पहले आने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में केरल के नेताओं ने वायनाड की जनता की भावनाओं को अवगत कराया।

## हेड कांस्टेबल से दरोगा बने 643 पुलिसकर्मी

**अमृत विचार, लखनऊः** चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही प्रदेश सरकार कार्मिकों का लगातार प्रमोशन कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षकों की प्रोन्नति के बाद अब 643 हेड कांस्टेबल से दरोगा के पद पर प्रोन्नति का तोहफा मिला है। डीआईजी स्तापना प्रभाकर चौधरी ने पुलिस कर्मियों के प्रोन्नति की लिस्ट जारी की है।


## वर्ग पहेली-95

**बाएं से दाएं**

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण
3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।



### वर्ग पहेली -94 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 सं | स् | का | री | |
| 2 वि | | क | | | | 3 धू |
| भा | | ट | | 4 रे | | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | |
| न | | य | | न | | 6 फे |
| का | | | | ना | | र |
| री | | 7 ब | न | मा | ली | |

# आईजीआरएस पर मिले आवेदनों का तेजी से हो निस्तारण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

- आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्री भी करें समीक्षा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। यहां जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिगण हों, अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में योगी ने कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई- कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई- ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में मंत्रीगण योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना तय किया जाए।

### बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों का न रहना बना चर्चा की विषय

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा को लगे झटके के बाद से यहां से लेकर दिल्ली तक मंथन जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को मंत्रियों की बुलाई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का मौजूद न होना चौंकाने वाला रहा।

राजनीति और शासन के गलियारों में इसकी चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लखनऊ वापसी के बजाय शनिवार को दिल्ली में ही बने रहे। इधर लखनऊ की बैठक में सहयोगी दलों की तरफ से आशीष पटेल, ओम प्रकाश राजभर संजय निषाद और अनिल कुमार मौजूद रहे। इनके अलावा मंत्री से सांसद बने अनूप वाल्मीकि और जितिन प्रसाद भी यहां आए। इन्हीं मंत्रियों में से एक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिल्ली से ऋषिकेश जाएंगे। वहीं केशव मौर्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

### ओपी राजभर ने दी प्रतिक्रिया

योगी की बैठक से निकले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया कहा कि अपने-अपने विभागों में बेहतर काम करने के लिए कहा गया है। पार्टी की हार-जीत पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनुपस्थिति पर कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है, जहां दोनों मौजूद रहेंगे।

## सुडोकू-8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 5 |
| | 6 | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | 8 |
| | | | | 2 | | | 9 | 3 |
| | | 7 | 5 | | 4 | 6 | | |
| 4 | 8 | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 6 | | | |
| | | 8 | | 5 | | 1 | 4 | |
| 9 | | | 4 | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 7 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .20 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

**वृष** — आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं,लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

**सिंह** — आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**धनु** — आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं,किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर** — आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

**कुंभ** — आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

**मीन** — आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | फर्ज | दोपहर : 12.00 |
| B4U Movies | मेला | रात : 07.39 |
| &pictures | खिलाड़ी 786 | सुबह : 10 .58 |
| &pictures | गली बॉय | रात : 08 .00 |
| Sony Pix | ग्रैन टूरिस्मो | सुबह : 10 .38 |
| Sony Pix | इफ चैप्टर टू | रात : 08 .45 |
| Zee Cinema | त्रिशूल | सुबह : 09 .50 |
| Zee Cinema | सारांश | रात : 07 .45 |
| Colors Cineplex | द रिर्टन ऑफ रिबेल | सुबह : 08 .26 |
| Colors Cineplex | पुलिसवाला गुंडा 2 | शाम : 05 .03 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति–मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार– बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत– मेरी सास,जेठानी,नंद,पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

# तीन केंद्रों पर आज 1,132 अभ्यर्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को तीन केंद्रों पर दो पालियों में कराई जाएगी। जिसमें 1132 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी कराने को डीएम ने अफसरों को कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह के मुताबिक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के तत्वाधान में रविवार को बीएड की संयुक्त प्रवेश आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह नौ बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा कड़ी सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न होगी। परीक्षा को लेकर जिले में आदर्श बजरंग इंटर कालेज, डीएवी इंटर कालेज और राजकीय महिला डिग्री कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की बीएड प्रवेश परीक्षा नकलविहीन कराने की जिम्मेदारी होगी।


प्रवेश परीक्षा की तैयारी बैठक को संबोधित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

- दो पालियों में होगी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी के साथ पुलिस रहेगी सक्रिय

सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कराए गए हैं। बताया कि केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की मुख्य गेट पर सघन तलाशी होगी। शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही हैं। केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सतर्कता रहेगी। उन्होंने बताया कि तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट डीएम के निर्देशों के मुताबिक परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सामग्री उपलब्ध कराएंगे। वापस ट्रेजरी में जमा कराने के साथ परीक्षा केंद्र के बाहर की कानून व्यवस्था का कार्य देखेंगे।

हरेक एक परीक्षा केंद्रों पर एक-एक आर्ब्जवर केंद्र व्यवस्थापकों का सहयोग करेंगे व केंद्र के अंदर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखेंगे। परीक्षा दो-दो पालियों में कराई जानी है। उधर, आदर्श बजरंग इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने कक्षा निरीक्षकों के साथ बैठक कर परीक्षा संबंधी जानकारी दी गई। कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों पर कड़ी नजर रखें। बीएड परीक्षा नकलविहीन कराने की सभी की जिम्मेदारी होगी। परीक्षार्थियों को शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाचार्य मेजर पांडेय ने कालेज के मुख्य गेट पर पानी से भरे मटकों की व्यवस्था की है। बताया है कि कालेज में वाटर कूलर भी स्थापित है, जिससे गर्मी के मौसम में परीक्षार्थी पीने का ठंडा पानी प्राप्त कर सकेंगे।

### तीन-तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों की ड्यूटी

- नोडल अधिकारी राजकीय महिला डिग्री कालेज प्राचार्य डॉ. दीपाली गुप्ता ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए तीन सेक्टरों में बांटकर तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर नकविहीन परीक्षा संपन्न कराने को भ्रमण करते रहेंगे। जबकि तीन केंद्रों पर एक-एक आर्ब्जवर तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए सेक्टर, पर्यवेक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा।

### चिह्नित स्थलों पर रहेगा पेयजल का इंतजाम

- रेलवे व बस स्टेशन के साथ ही होटलों के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर पैनी नजर रखी जाएगी। नोडल अधिकारी दीपाली गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी नजर रहेगी। भीषण गर्मी और लू की वजह से प्रवेश परीक्षा केंद्रों के साथ ही बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन समेत अन्य चिह्नित स्थलों पर पेयजल के इंतजाम रहेंगे। रोडवेज के अफसरों को बसों के पर्याप्त संचालन के लिए कहा गया है।

# गोरक्षपीठाधीश्वर के जन्मोत्सव में गोरक्षकों का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव सप्ताह मनाते हुए विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत योगी आदित्यनाथ के शिष्य सत्यनाथ योगी ने गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सभी पत्रकारों को अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

शनिवार को शहर के लोहिया पुल स्थित कान्हा कुंज में विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सत्यनाथ योगी समेत गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और महंत योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। मुख्य अतिथि सत्यनाथ योगी गौरक्षा समिति के कार्यों की सराहना की। कहा कि गौ सेवा से बढ़कर समाज में कोई दूसरा पुण्य का काम नहीं है। प्रदेश की योगी सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर गौशालाएं स्थापित करके गऊ माता का संरक्षण करने का काम किया है। गो संरक्षण के लिए समाज के एक-एक व्यक्ति को उत्तरदायित्व निभाने के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम के दौरान करीब एक सैकड़ा पत्रकारों को अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गौरक्षा समिति के अध्यक्ष महेश प्रजापति, जिला प्रभारी सुरेश कान्हा, महामंत्री राकेश त्रिपाठी बाबा, गोसेवक रामबहोरी शिवहरे पप्पू, रजनीश प्रजापति, आलोक प्रजापति, महेश धुरिया, दीपक शुक्ला, आलोक निगम, कृष्णचंद्र प्रजापति समेत तमाम पदाधिकारी व गोसेवक उपस्थित रहे।


गो-सेवक को सम्मानित करते सत्यनाथ योगी। अमृत विचार

- विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया कार्यक्रम

# पैलानी में केन पुल से 18 तक वाहनों के आने-जाने पर रोक

## कोठी में अंतर आने से पहले 3 टन तक के वाहन किए थे प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- लोनिवि की संस्तुति पर डीएम ने किया आदेश
- वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किया गया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-2, लोनिवि की संस्तुति पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी वाहनों का आवागमन क्षतिग्रस्त पैलानी के केन नदी के पुल से तत्काल प्रभाव से 18 जून तक के लिए रोक लगा दी हैं। प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित कर दिया है।

अधिशाषी अभिंयता लोनिवि ने बबेरू-तिंदवारी-सुमेरपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-134) के किमी-49 में स्थित केन नदी पर दीर्घ सेतु (पैलानी सेतु) जिसका निर्माण उप्र सेतु निगम द्वारा वर्ष 1984-85 में पूर्ण कराया गया था। जिसकी कुल लम्बाई 735 मीटर है, के क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया है कि 28 मई तथा 30 मई के निरीक्षण में पाया गया कि पैलानी सेतु के पैलानी डेरा की तरफ से 5वाँ पिलर के जोड़ के पास दायी तरफ किनारे पर दो स्लैब के टॉप लेवल में लगभग 60 एमएम का अन्तर आ गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि स्लैब के नीचे रॉक एंड रोलर वियरिंग में दरारे आ गई हैं। जिसके कारण सतह में अन्तर में आ गया है। यह अन्तर दो मुख्य स्पान के मध्य 7.00 मी स्पान वाले भाग में एक कोने में अधिक देखा गया है जो कैरिज-वे के मध्य की ओर कम होता है। इस परिस्थिति में यातायात को प्रतिबन्धित करते हुये 3 टन तक के वाहनों पर रोक लगाते हुए एक लें को चालू रखा गया था।शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने क्षतिग्रस्त पैलानी सेतु से समस्त प्रकार के वाहनों के आवागमन को तत्काल प्रभाव से 18 जून तक के लिए रोक लगा दी हैं।


पैलानी स्थित केन नदी के पुल से गुजरते वाहन। फाइल फोटो

# पूर्व प्राचार्य पर नकाबपोश बदमाशों ने किया फायर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सुबह साढ़े आठ बजे दुकान पर बैठे थे पूर्व प्राचार्य
- मकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**अमृत विचार।** कस्बे में शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आंबेडकर चौराहा स्थित किराएदार की दुकान पर बैठे पूर्व प्राचार्य पर नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दो फायर झोंक दिए। बदमाश पूर्व प्राचार्य को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पूर्व प्राचार्य ने बदमाशों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि वह श्री गांधी इंटर कॉलेज गोहांड के प्राचार्य रह चुके हैं। वह शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने किराएदार सीताराम की दुकान पर बैठे थे। तभी दो नकाबपोश बदमाश आए और रेकी करने लगे। दुकान पर बैठा देख उन पर बदमाशों ने दो फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। गोली चलाने के बाद बदमाश धमकी देकर भाग निकले। घटना के बाद अफरातफरी अपनी मच गई।

बताया पूरी वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में एक बदमाश गमछा से मुंह ढके है। दूसरे का चेहरा दिखाई दे रहा है। बताया पिछले चार माह पहले भी बदमाशों ने बाउंड्री वॉल गिरा दी थी। मौके पर पहुंचे कोतवाल उमेश सिंह ने जांच पड़ताल की। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


सीसीटीवी में कैद फायरिंग करने वाले नकाबपोश बदमाश। अमृत विचार

# किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

**बबेरू-बांदा।** शोहदे की धमकी से परेशान होकर किशोरी ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर मिलते ही घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया

कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव निवासी स्वाती (17) पुत्री कल्लू निषाद ने शुक्रवार की शाम कमरे के अंदर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे घरवालों ने उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता कल्लू निषाद ने बताया कि मंगलवार की सुबह स्वाती घर के बाहर सफाई कर रही थी। इसी बीच स्वाती ने थूक दिया। वहीं से पड़ोसी सूरज निकल पड़ा। सूरज का कहना था कि स्वाती ने उसे देख कर थूका है। इसी बात से नाराज हो कर सूरत उसी रात तमंचा लेकर घर में घुस गया। गालीगलौज कर उसे घर से उठा ले जाने और दुष्कर्म करने की धमकी दी। इसी से परेशान हो स्वाती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## सार-संक्षेप


उद्घाटन करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

### कैटल फीड यूनिट का वृद्धिकरण शुरू

**बबेरू (बांदा)।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिटि में ग्रेन ग्रेडिंग एंड कैटल फीड यूनिट वृद्धिकरण के लिए आधुनिक मशीनों का भव्य समारोह के बीच फीता काटकर जिलाधिकारी ने उद्घाटन किया। यूनिट संचालक ने बताया कि कस्बावासियों के साथ किसानों को विकास के साथ रोजगार मिलेगा। कस्बे के गल्ला मंडी परिसर मे आरती ट्रेडर्स एवं पूजा साल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड के संतोष साहू द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर समिटि में ग्रेन ग्रेंडिग एंड कैटल फीड यूनिट का शनिवार को समारोह के बीच जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कहा कि वृद्धिकरण के लिए आधुनिक मशीनों के उपकरण लगे हैं। नयी सोच के साथ व्यवसाय उत्पन्न होगा और किसानों को विकास व रोजगार मिलेगा। संचालक ने बताया कि नीम का तेल व पशु आहार के उपकरण लगे हैं। जिससे किसानों के साथ व्यापारी को लाभ मिलेगा। इस दौरान सीओ राजवीर सिंह, उपजिलाधिकारी नमन मेहता, कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह व राजरानी, आरती, पूजा अन्नू, द्वारिका प्रसाद, मुकेश कुमार, अमन गुप्ता, संतोष, रमेश राठौर, कैलाश चंद्र, अमित अग्रहरि सहित तमाम व्यापारी व किसान मौजूद रहे।

### सात किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कमासिन।** मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से सात किलो गांजा बरामद हुआ। कमासिन प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय अपने हमराही उप निरीक्षक गिरिजा शंकर पांडेय व कांस्टेबिल मनीष शुक्ला व संदीप के साथ शनिवार को सुबह गशत और चेकिंग पर थे। इसी बीच खमारखा मोड़ के पास बाइक से कमासिन की तरफ आ रहे युवक को रोक कर तलाशी ली गई। बाइक की डिग्गी में सात किलो गांजा बरामद हुआ। थानाध्यक्ष के मुताबिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार गांजा तस्कर ने अपना नाम सरधुआ (चित्रकूट) थाना क्षेत्र के चिल्लीमल गांव निवासी प्रकाश साहू पुत्र कामता साहू बताया। पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया।

### विद्युत पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बांदा।** बाइक से घर जा रहे युवक की बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकटरा गई। जिससे युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हमीरपुर जिला के टोला माफ निवासी पारथ (25) पुत्र शिववरन सिंह अपने दोस्तो के यहां पार्टी मनाने गया था। शुक्रवार की रात वह बाइक लेकर वापस घर लौट रहा था। तभी चैकी पुरवा के पास तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे पारथ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बहनोई शुभकरन सिंह ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के बहनोई ने बताया कि पारथ पार्टी से लौट रहा था। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। वह अपने पिता की इकलौती संतान था। वह किसान करता था। उसके पास 20 बीघा जमीन है।

### लू लगने से युवक की मौत

**बांदा।** लू का असर अभी कम नही हो रहा है। घर से निकले युवक की लू लगने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोवताली क्षेत्र के जमुनिहा पुरवा निवासी अमर जीत (30) पुत्र रामकिशोर शुक्रवार की सुबह घर से विना बताए निकल गया। शनिवार की सुबह उसका शव गुरेह गांव के पास स्थित अंधूबाबा की बगिया में महुआ के पेड़ के नीचे पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले मोबाइल नंबर पर घरवालो को जानकारी दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई जंगबहादुर का कहना था कि दस वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। वह मजदूरी करता था। लू लगने से उसकी मौत हुई है।

### आपसी विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाया

**नरैनी।** गिरवा थाना के प्रेमपुर गांव निवासी जगवीर (36) पुत्र रामकिशोर ने पति-पत्नी के विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनो ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहा हालत गंभीर होने पर डाक्टर स्नेहलता ने प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### पुलिस लाइन में समर कैंप 12 से होगा

**कन्नौज।** कन्नौज पुलिस 12 से 26 जून 2024 तक पुलिस लाइन में निशुल्क समर कैंप का आयोजन करायेगी। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि 12 से 26 जून तक चलने वाले समर कैंप में होने वाली प्रतियोगिताओं में कक्षा 12 तक के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। बैडमिंटन, शूटिंग, वॉलीबॉल, म्यूजिक, डांस, टेबल टेनिस, बिलियड्‌र्स, ताइक्वांडो आदि खेलों की स्पर्धा पुलिस की ओर से पहली बार कराई जा रही हैं। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का मनोविकास होगा। एसपी की यह पहल आगे भी चलेगी या नहीं यह अगले वर्ष जून आने पर ही पता चलेगा।

### स्वास्थ्य केंद्र का सोलर पैनल चोरी

**सौरिख-कन्नौज।** चोरों स्वास्थ्य केंद्र पर लगे सोलर पैनल किसी समय चोरी कर लिये। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने थाने में तहरीर दी है। सकरावा थानाक्षेत्र के गांव बिकूपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोलर पैनल लगे थे। शुक्रवार की रात किसी समय चोरों ने सोलर पैनल की चार प्लेटें चोरी कर लीं। शनिवार सुबह जब फार्मसिस्ट सुबोध कुमार अस्पताल पहुंचे तो देखा सभी लाइटें बंद हैं। पीछे जाकर देखा तो सोलर प्लेटें गायब थीं। इसकी सूचना प्रभारी चिकित्साधिकारी सहदेव यादव को दी गई।

# बुजुर्ग ने ट्रेन से कट कर जान दी

**बांदा।** बंटवारे को लेकर पुत्र से हुए विवाद के बाद बुजुर्ग पिता ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा रेलवे लाइन पर शनिवार की सुबह 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव रेलवे लाइन के बीच कटा हुआ ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने शव की शिनाख्त राजाराम पुत्र तिजोला निवासी पानी की टंकी तुर्रा के रूप में किया। भतीजे मुकेश ने बताया कि 16 विस्वा में उसका मकान बना है। पुत्र राजाराम बंटवारा करना चाहता था। इसी राजाराम का पुत्र बाबूराम और बहू सुमन ने बटवारा करने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर पिता पुत्र में मारपीट हुई थी। नाराज होकर एक माह पहले बहन के घर सीतापुर चला गया था। वापस आने के बाद उसने खुदकुशी कर लिया।

# लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

**अतर्रा।** विसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पल्हरी निवासी नीरज पटेल ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह अपने पिता को दूध देने जा रहा था। जब वह वहां पहुंचा तो देखा कि गांव के ही इसरार, फूल, इस्माइल,इसहाक सभी मिलकर पिता बृजमोहन को एक राय होकर लाठी डंडों से मार रहे थे। जिससे उनका पैर टूट गया व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बिजली समस्या का हो शीघ्र समाधान

संवाददाता, नरैनी

- विधायक ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को भेजा पत्र

**अमृत विचार।** बिजली की आँख मिचौली, लो-वोल्टेज और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विधायक ने अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजकर समस्याओं का निराकरण करने की मांग की और अविद्युतीकृत मजरों में एक बार फिर से सौभाग्य योजना लागू करने का सुझाव दिया है।


ओममणि।

क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने विद्युत वितरण खंड अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजकर कहा है कि क्षेत्र में लो-वोल्टेज, विद्युत फाल्ट और खुले तारो के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इसका निराकरण किया जाना नितांत आवश्यक है। विधायक ने करतल और सढ़ा में 33ध्11 केवी वितरण उपखण्ड का निर्माण कर 10 एमवीए पावर परिवर्तक की क्षमता के साथ करने का अनुरोध किया है। पत्र में बताया है कि ओरन क्षेत्र के सिंहपुर में यह कार्य पहले से प्रस्तावित है। वर्ष 2011-12 में कार्य भी शुरू हुआ था। उप केंद्र भवन का निर्माण कार्य भी किया जा चुका है, लेकिन यह कार्य लंबी अवधि के बाद अभी तक अपूर्ण है, इसे पूरा किया जाय। नरैनी कस्बा में उपभेक्ताओं की अधिक संख्या को देखते हुए 5 एमवीए का पावर परिवर्तक स्थापित कराया जाए। एबीसी लाइने डाली जाए।

**चुनाव बाद शुरुआत** बबेरू कोतवाली में जिलाधिकारी ने दिए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

# समाधान दिवस में 10 फरियादी आए, चार शिकायतें निपटीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए लागू हुई आचार संहिता समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बबेरू कोतवाली में आयोजित पहले समाधान दिवस में 10 फरियादी पहुंचे। इनमें चार फरियादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी पुलिस अधिकारियों, लेखपाल और सचिवों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता व समय के साथ निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता के चलते समाधान दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस पर दो माह से रोक थी। आचार संहिता खत्म होने के बाद शनिवार को बबेरू कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में संपूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 10 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें चार शिकायती पत्रों पर एनसीआर दर्ज कर मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष पांच राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर जांच टीमें रवाना की गईं। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बीमार है और घर वाले उसका इलाज नहीं करवा रहे है। इस पर तत्काल डीएम ने मरीज रंजीत कुमार को वाहन से सीएचसी बबेरू भिजवाया। साथ ही डाक्टर्स को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ बबेरू प्रद्युम्न कुमार को रावण मैदान, जंगल मैदान एवं ईश्वरी तालाब की सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि वह कार्यों का खुद निरीक्षण कर स्थलीय सत्यापन करेंगी। संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर एसडीएम नमन मेहता, सीओ राजवीर सिंह, तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी समेत संबंधित विभागीय ब्लाक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


समाधान दिवस में समस्याएं सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

### तहसीलदार व सीओ ने सुनीं फरियादें

- अतर्रा थाना परिसर में आयोजित संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर तहसीलदार रामचंद्र व सीओ गवेंद्र पाल गौतम ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए दो शिकायतों का मौके निस्तारण किया। चार शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को सौंपकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने कहा कि शासन के मंशानुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाएगा। क्षेत्राधिकारी गवेंद्र पाल गौतम ने पुलिस एवं राजस्व कर्मियों को भूमि संबंधी मामलों में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। इस दौरान थानाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के अलावा एसआई केडी त्रिपाठी सहित पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### एक सप्ताह से चल रहा भूमि विवाद समाप्त

- शनिवार को कमासिन थाना दिवस में राजस्व संबंधी कई शिकायते आई। पिछले कई दिनों से सुर्खियों में रहे जाखी गांव के गाटा संख्या 416 के विवादित मामले को नायब तहसीलदार राहुल गौरव तथा लेखपाल आशीष, एसआई वीरेंद्र पांडेय ने दलबल के साथ मौके पर जाकर रकबे की पैमाइश के जरिए मामले को निपटा दिया। गांव के ही एक दबंग ने रास्ते में दीवार खड़ी कर 20 घरों के परिवारों को कैद कर दिया था। उनके निकलने का कोई रास्ता नहीं था। रास्ते को लेकर गांव के राकेश, अरविंद, घंटू, सुधीर, उमेश, चुन्नी, प्रभा, राजकुमारी दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने दबंग की शिकायत की थी। एसडीएम ने नायब तहसीलदार को जांच कर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए थे।

# संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

## नीट परीक्षा विवाद: गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी




राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।




गुरुकुल स्कूल ऑफ आर्ट के छात्र मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपने हाथ से बनाई उनकी पेंटिंग के साथ पोज देते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

### पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

**मणिपुर में फिर हिंसा**

● उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।'' अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर भड़की हिंसा के बाद यहां के लगभग 239 लोगों को उनके गांवों से निकाल कर जिरी शहर के खेल परिसर में स्थापित किए गए नए शिविरों में भेजा गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद छह जून को जिला प्रशासन ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

## पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

भुवनेश्वर, एजेंसी

**ओडिशा में 123 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयकर अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पांच जून को एसीजेएम, अल्लीपुर, कोलकाता की कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड के आधार पर भुवनेश्वर लाया गया और शनिवार को कटक में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कंपनी हरित कृषि निधि लि., मेसर्स ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्रा. लि. और उसके निदेशक तुषार भांजो के खिलाफ शिकायतकर्ता मनमोहन डोरा के आरोप पर मामला दर्ज किया गया था।

## दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने कहा-बच्चों को शिक्षा दिलाने का झांसा देकर तस्करी कर लाया गया था।

## एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च

सिरसा, एजेंसी

**कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण**

● बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा



पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है। सुश्री रनौत की शुरू से यह आदत रही है कि वह हमेशा भडक़ाऊ बयान देकर समाज में अराजकता फैलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी देश को बांटने वाले और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़वाने वाले बयान देते रहते हैं।

### भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मामला दर्ज हो : मजीठिया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने शनिवार को मांग की कि फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज होना चाहिए। श्री मजीठिया ने एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर इस पर ऐतराज उठाया कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और रनौत के खिलाफ नहीं। उन्होंने पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्यवाही करने का आरोप लगाया और मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करने की मांग की।

### सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : शबाना आजमी



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500 -6600 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 9800 -10000 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 7700 -7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17300-17400 |
| अरहरस्पेशल1 | 14700-14800 |
| चनादाल | 8300-8400 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000- 11800 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8700 -9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,400-54,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

## भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

### ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

## दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को अपना चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा सामान

नई दिल्ली, एजेंसी

● दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव



दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

## पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

● जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

## एसकेआरएयू के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह 11 जून को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.आर.छींपा, दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

## ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा



ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।

# बायपोलर डिसऑर्डर से ग्रसित लोगों का मिजाज बदल सकता है शराब का सेवन : अध्ययन

## शोधः सामान्य मात्रा से अधिक शराब पीने से अवसादग्रस्त हो जाता व्यक्ति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब का सेवन बायपोलर डिसऑर्डर से ग्रसित लोगों के मिजाज को अस्थिर और कार्यस्थल पर उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है। एक नये अध्ययन में यह पाया गया है। इस विकार से ग्रसित व्यक्ति के मिजाज, ऊर्जा और गतिविधि में असामान्य बदलाव देखने को मिलते हैं। साथ ही, उनमें कभी-कभी भ्रम की स्थिति भी पाई जाती है। शोधार्थियों ने अपने अध्ययन में इस विकार से ग्रसित वयस्कों की मनोदशा और काम करने के तौर तरीके पर शराब के सेवन के दीर्घकालिक प्रभाव को समझने की कोशिश की। इनमें अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी शामिल थे। ये निष्कर्ष द जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) नेटवर्क ओपन में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन में, शोधार्थियों ने इस विकार से पीड़ित 584 वयस्कों को शामिल किया। शोध में शामिल लोगों की शराब की लत का आकलन अल्कोहल यूज डिसऑर्डर आईडेंटिफिकेशन टेस्ट के जरिए किया गया। इसके तहत, ऐसे लोगों की जांच के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मंजूरी प्राप्त प्रश्नावली होती है जिन्हें शराब का सेवन करने से परेशानी होती है या नुकसान होता है। शोधार्थियों ने पाया कि सामान्य मात्रा से अधिक शराब पीने से व्यक्ति अवसादग्रस्त हो जाता है और मिजाज एवं भावनाओं में बदलाव आता है।

# शपथ ग्रहण में शामिल होना सम्मान की बात : मुइज्जू

- पदभार संभालने के बाद भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी
- भारतीय उच्चायुक्त ने शिष्टाचार भेंट में सौंपा था आमंत्रण पत्र

**माले, एजेंसी**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगा और इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत की उनकी यात्रा से परिलक्षित होगा कि द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं। नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद मुइज्जू की यह टिप्पणी आई।



मुइज्जू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार की मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। पिछले साल 17 नवंबर को पदभार संभालने के बाद यह चीन समर्थक राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। मुइज्जू के पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों ने पद संभालने के बाद सबसे पहले नयी दिल्ली की यात्रा की थी, लेकिन इसके विपरीत मुइज्जू ने सबसे पहले तुर्किये और चीन की राजकीय यात्रा की थी।

## उत्साहवर्धन



शनिवार को वेटिकन के पॉल VI हॉल में विभिन्न देशों के गायकों के सदस्यों के साथ दर्शकों के बीच पोप फ्रांसिस ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। • एजेंसी

## एक नजर

### चीन में कोयला खदान दुर्घटना में एक की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिम युन्नान प्रांत के झेनक्सिओनग काउंटी में पिंगडिंगशान कोयला खदान में शुक्रवार को कोयला और गैस फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए और दो अन्य लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बचाव कार्य जारी है। लापता लोगों की तलाश में खदान में बचावकर्मियां का अभियान जारी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अफगानिस्तान में हादसे में दो की मौत

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के जवजान प्रांत में हुई एक राजमार्ग दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना तब हुई जब एक कार तेज गति के कारण सड़क से उतर गई और जावजान को बल्ख प्रांत से जोड़ने वाले राजमार्ग पर पलट गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। इसी तरह गुरुवार रात पूर्वी नांगरहार प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

### यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री रूस की वांछितों में

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री यूलिया तिमोशेंको का नाम अपनी वांछित सूची में शामिल किया है। सरकारी मीडिया ने गृह मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि तिमोशेंको को अनिर्दिष्ट आपराधिक आरोपों में वांछित के रूप में सूचीबद्ध किया है। इस सूची में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके पूर्ववर्ती पेट्रो पोरोशेंको तथा यूक्रेन और नाटो देशों के कई अधिकारी और सांसद शामिल हैं।



### एडीएफ विद्रोहियों ने की 50 नागरिकों की हत्या

**किंशासा।** पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हाल ही में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों के कारण हुए घातक हमलों में कम से कम 50 नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एडीएफ ने उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में पूरी रात दो हमले किए, जिसमें मंगलवार और शुक्रवार को कम से कम 50 नागरिक मारे गए।

# इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

## सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान कर लिया गया था अपहरण

- बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया
- 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है, जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। इसके साथ ही मध्य गाजा में भीषण लड़ाई में बच्चों सहित कम से कम 94 फलस्तीनी मारे गए। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई, जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 94 लोग मारे गए। मध्य गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारी खलील देगरान ने बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया। उन्होंने कहा कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में लगभग 100 फलस्तीनियों के शव लाए गए और 100 से अधिक घायल भी लाए गए।

इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान जीवित बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।

नवंबर में एक सप्ताह के संघर्षविराम के दौरान बंधकों में से लगभग आधे लोगों को रिहा कर दिया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि जिन चार बंधकों को छुड़ाया गया उन्हें हेलीकॉप्टर से चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया और वे 246 दिन तक अपहर्ताओं के चंगुल में रहने के बाद अपने प्रियजनों से मिल पाए।




### नागरिकों के बंधक बनाए जाने के बाद शुरू हुआ था युद्ध

हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर अचानक हमला कर लगभग 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और 250 लोगों का अपहरण कर लिया था। इसके बाद इजराइल-हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया।

# पूर्व अंतरिक्ष यात्री एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

**सिएटल, एजेंसी।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। वह 90वर्ष के थे। एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया। उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की।




विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी। अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी। उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है। वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी। विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। एंडर्स द्वारा अंतरिक्ष से ली गई पृथ्वी की पहली रंगीन तस्वीर आधुनिक इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण तस्वीरों में से एक है।

# चेरुकुरी रामोजी राव का निधन

**हैदराबाद, एजेंसी**

ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### कृषक परिवार में जन्मे थे रामोजी

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेदापरुपुडी में एक कृषक परिवार में जन्मे रामोजी के स्वामित्व वाली कंपनियों में मार्गदर्शी चिट फंड, ईनाडु अखबार, ईटीवी नेटवर्क शामिल हैं। राव के छोटे पुत्र चेरुकुरी सुमन की 07 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। राव रामोजी समूह के प्रमुख थे, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म निर्माण केंद्र रामोजी फिल्म सिटी, ईनाडु अखबार, टीवी चैनलों के ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज के मालिक थे। उनके अन्य व्यावसायिक उपक्रमों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ़ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हैं। उन्होंने तेलुगु सिनेमा में अभिनय के लिए चार फिल्मफेयर पुरस्कार, पांच नंदी पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए थे। वर्ष 2016 में पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

### द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने जताया शोक

उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन जगत के एक दिग्गज व्यक्ति को खो दिया।
**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

रामोजी राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत में अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। **- नरेंद्र मोदी**

### इन हस्तियों ने भी किया याद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी, लोकसत्ता के संस्थापक एवं अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण रजनीकांत, चिरंजीवी, अल्लू अर्जुन, राम चरण और जूनियर एनटीआर समेत सिनेमा जगत की कई हस्तियों ने याद किया।

# डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हमला

- हमलावर गिरफ्तार, हिरासत के लिए होगी सुनवाई

**कोपेनहेगन (डेनमार्क), एजेंसी**

कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पुष्टि की कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक घटना हुई है और एक 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को सुनवाई पूर्व हिरासत के लिये कोपेनहेगन जिला अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने विस्तृत जानकारी नहीं दी तथा यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रेडरिक्सन को चोट लगी है या नहीं।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को डेनमार्क के सरकारी प्रसारक डीआर को बताया कि जो कुछ हुआ उससे फ्रेडरिक्सन स्तब्ध हैं। घटना के दो प्रत्यक्षदर्शियों अन्ना रेवन और मैरी एड्रियन ने दैनिक बीटी को बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को फ्रेडरिक्सन की ओर आते देखा जिसने उनके कंधे पर जोर से धक्का दिया, जिससे वह एक तरफ हो गईं। उन्होंने बताया किया कि प्रधानमंत्री नहीं गिरीं। देश-विदेश के राजनेताओं ने इस कथित हमले की निंदा की।

# मोदी पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर

- पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार के दौरान की तारीफ
- कहा- मोदी पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।



पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### कराची में रासायनिक विस्फोट, एक की मौत, 6 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक रासायनिक टैंकर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कहा कि यह विस्फोट तब हुआ जब खड़े टैंकर में कुछ वेल्डिंग का काम चल रहा था। विस्फोट के प्रभाव से आसपास के इमारतों की खिड़कियां टूट गईं और पास में खड़े एक अन्य टैंकर को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया।

# रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हमलों में 27 की मौत

- यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में हुआ हमला
- फ्रांस निर्मित बम गिराए और अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी गई

**कीव, एजेंसी**

रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 27 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 27 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 घायल हो गये।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी।

# बॉलीवुड हलचल

## हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आयेंगे संजय दत्त

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हॉरर कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। संजय दत्त अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री में न केवल अभिनय, बल्कि इसका सहनिर्माण भी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह घोस्टबस्टर यानी भूत पकड़ने वाले बने हैं। फिल्म की घोषणा साल 2022 में ही हुई थी, लेकिन फिर इसे लेकर खास जानकारियां सामने नहीं आई थी। अब फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉरर कॉमेडी होने के साथ ही फिल्म म्यूजिकल भी है। आजकल हॉरर जॉनर काफी पसंद किया जा रहा है। कुछ वर्षों पहले मैंने ही संजय को एक म्यूजिक वीडियो के लिए अप्रोच किया था। उनके पास इस फिल्म कहानी थी। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और हम इससे जुड़ गए। हमने स्क्रिप्ट और कास्ट को फाइनल कर लिया। सिद्धांत सचदेव फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। दीपक मुकुट ने बताया संजय फिल्म में घोस्टबस्टर जरूर बने हैं, लेकिन उनके पास तरह-तरह के गैजेट्स यानी यंत्र होंगे, जिससे वह आत्माओं और भूत-प्रेत को ढूढेंगे और पकड़ेंगे। फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसमें सुपरनेचुरल शक्तियां होंगी।

## बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 49 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है। वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढिसकियाऊ से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।



## सन्नी देओल ने शेयर किया अपना शर्टलेस लुक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल ने सोशल मीडिया पर अपना शर्टलेस लुक शेयर किया है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाहौर 1947 को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सन्नी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। सन्नी देओल शर्टलेस नजर आ रहे हैं और सनग्लासेज में उनका लुक काफी शानदार लग रहा है। सन्नी ने अपने इस लुक की कई झलकियां वीडियो में दिखाई है। इसमें उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। सन्नी देओल ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

# हमारे गठबंधन की गति से यूरोप प्रभावितः राजदूत

**सोफिया (बुल्गारिया)।** बुल्गारिया में भारतीय राजदूत संजय राणा ने कहा है कि भारत में चुनाव के मतदान प्रतिशत और गठबंधन बनाने की गति ने बुल्गारिया जैसे यूरोपीय देशों को प्रभावित किया है। बुल्गारिया में इस सप्ताहांत में मतदान प्रक्रिया समाप्त हो रही है जिसमें मतदाता यूरोपीय संसद (एमईपी) के सदस्यों और अपनी नेशनल असेंबली (एमपी) के सदस्यों का चुनाव करेंगे।

रविवार को बुल्गारिया में होने वाले चुनावों से पहले एक साक्षात्कार में भारतीय राजदूत संजय राणा ने आशा व्यक्त की कि परिणाम से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ेगा। कहा, कई यूरोपीय देशों की तरह बुल्गारिया भी चुनावों में कम मतदान की समस्या का सामना कर रहा है और वे सभी भारतीय चुनावों में अच्छी संख्या में हुए मतदान के लिए मुझे बधाई देते हैं।

# परिवार के रिसॉर्ट का अवैध हिस्सा ढहाया

## पुणे पोर्श हादसा

- महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में हुई कार्रवाई

**सातारा, एजेंसी**

महाराष्ट्र के सातारा जिले में प्रशासन ने शनिवार को महाबलेश्वर में उस रिसॉर्ट में अवैध निर्माण को ढहा दिया, जिसका स्वामित्व पुणे पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर के परिवार के पास है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारियों ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में अनधिकृत निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया।

पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को एक पोर्श कार ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह किशोर नशे की हालत में कार चला रहा था। यह दुर्घटना तब सुर्खियों में आई, जब किशोर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए। फलस्वरूप उसके पिता और दादा सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सातारा के जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी को आदेश दिया था कि अगर रिसॉर्ट अवैध पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने पिछले सप्ताह इस रिसॉर्ट को सील कर दिया था।

# कनाडा में हिंसा का प्रोत्साहन अस्वीकार्यः मंत्री

**ओटावा।** वैंकूवर में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाले पोस्टर कथित रूप से चिपकाये जाने के बाद एक मंत्री ने कहा है कि कनाडा में हिंसा को प्रोत्साहन दिया जाना कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भारतीय मूल के एक कनाडाई सांसद ने भी इस मुद्दे पर यह कहते हुए चिंता जतायी की कि ऐसा कर खालिस्तानी समर्थक हिंदू कनाडाइयों के मन में हिंसा का डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

जन सुरक्षा, लोकतांत्रिक संगठन और अंतर-सरकारी विषयक मंत्री डोमनिक ए लेब्लांक ने एक्स पर पोस्ट किया, इस सप्ताह वैंकूवर में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाले पोस्टर चिपकाये जाने की खबर आयी है। उन्होंने कहा, कनाडा में हिंसा को प्रोत्साहन कभी स्वीकार्य नहीं है।